

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू संसद भवन लॉन में डॉ.बाबासाहेब अंबेडकर को उनके महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि देते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्ष: 08 अंक: 327 पृष्ठ: 12

RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## फास्ट न्यूज

### देश में पिछले साल के मुकाबले इस साल दोगुना भूकंप आए

**नई दिल्ली।** देश में पिछले वर्ष के मुकाबले इस साल दोगुना भूकंप के झटके महसूस किए गए। साल 2022 में 65 बार धरती हिली जबकि साल 2023 में 124 भूकंप की घटनाएं दर्ज की गई। केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को लोकसभा में एक लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। इस जानकारी के अनुसार, भूकंप के ज्यादा झटकों का मुख्य कारण पश्चिमी नेपाल में अल्मोड़ा फॉल्ट का सक्रिय होना है। इस सक्रियता के कारण 24 जनवरी, 2023 को 5.8 तीव्रता, 3 अक्टूबर को 6.2 तीव्रता और 3 नवंबर को 6.4 तीव्रता का भूकंप आया। इन मुख्य झटकों के साथ-साथ बाद के झटकों के कारण वर्ष 2023 में भूकंपों की आवृत्ति में वृद्धि हुई है। हालांकि, इस अवधि के दौरान भूकंपीय हलचल में कोई बदलाव नहीं आया। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार उत्तरी भारत और नेपाल में कभी-कभी मध्यम और भूकंपीय गतिविधि में उतार-चढ़ाव का अनुभव होना आम बात है। नेपाल और भारत का पड़ोसी उत्तरी भाग, हिमालय क्षेत्र की सक्रिय दरारों के पास स्थित अत्यधिक भूकंपीय रूप से सक्रिय क्षेत्र है, जहां टेक्टोनिक्स प्लेटों के टकराने के कारण अक्सर भूकंप आते हैं। यहां भारतीय प्लेट यूरेशियन प्लेट के नीचे दब जाती है।

### सूखाग्रस्त कर्नाटक की आर्थिक मदद करे केन्द्र सरकार: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष व राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि कर्नाटक में किसान सूखे से परेशान हैं। ऐसे में किसानों को वहां आर्थिक सहयोग की जरूरत है। खड़गे ने आज सदन में आसन के माध्यम से केन्द्र से कर्नाटक को आर्थिक मदद देने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि कर्नाटक पिछले 123 वर्षों में सबसे भीषण सूखे से जूझ रहा है। वहां 223 तालुका सूखे से प्रभावित हुए हैं जबकि 196 तालुका गंभीर परिणाम झेल रहे हैं। आगे चलकर राज्य में पीने के पानी की भी कमी हो सकती। इस मुद्दे पर केन्द्र सरकार को गौर करने की जरूरत है। खड़गे ने कहा कि यह राशि राज्य को जल्द से जल्द उपलब्ध कराया जाना चाहिए।

### सांसद धीरज साहू के पांच ठिकानों पर आयकर विभाग का सर्वे

**रांची।** आयकर विभाग की टीमों ने आज (बुधवार) कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज प्रसाद साहू के रांची, लोहरदगा और ओडिशा स्थित पांच ठिकानों पर दबिश देकर सर्वे शुरू किया है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले 12 दिसंबर, 2019 को रांची एयरपोर्ट से बरामद 30 लाख रुपये के मामले में आयकर विभाग की टीम ने कांग्रेस सांसद साहू के घर पर छापा मारा था।

# भारत का मोस्ट वांटेड आतंकी कराची में ढेर

## = जम्मू-कश्मीर में सीआरपीएफ काफिले पर हमला करने वाला आतंकी अदनान कराची में ढेर, पाकिस्तान में खलबली

**आतंकियों का खात्मा**

8 इस साल करीब दो दर्जन आतंकी मारे गए हैं। इनमें से ज्यादातर आतंकियों का नाम, भारत के वांटेड दहशतगर्दों की सूची में शामिल रहा है।




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

पाकिस्तान में छिपे भारत के दुश्मनों को खत्म किए जाने का सिलसिला जारी है। वहां आतंकियों का खात्मा करने वाले अज्ञात शख्स या एजेंसी का खौफ इतना बढ़ गया है कि अब पाकिस्तान में बाकी बचे दहशतगर्दों में भगदड़ मच गई है। जो आतंकी कथित तौर पर जेल में बंद हैं, उन्हें भी पाकिस्तानी आईएसआई द्वारा अतिरिक्त सुरक्षा मुहैया कराने की बात कही जा रही है। ऐसे दहशतगर्द, जिन्हें कुछ समय पहले तक सार्वजनिक स्थलों पर देखा जाता था, वे भूमिगत हो रहे हैं। कई आतंकियों को बुलेटप्रूफ गाड़ियां मुहैया कराई गई हैं। इस कड़ी में अब लश्कर-ए-तैयबा का हाई ग्रेड आतंकी 'हंजला अदनान', पाकिस्तान के कराची शहर में मारा गया है। ये वही अदनान है, जिसे 2016 में जम्मू कश्मीर के पंपोर में सीआरपीएफ काफिले पर हमले का मास्टर माइंड बताया जाता है। उस हमले में 9 जवान शहीद हुए थे, जबकि डेढ़ दर्जन से अधिक जवान घायल हुए थे। पाकिस्तान के कराची में तीन दिन पहले अज्ञात हमलावरों ने हंजला अदनान को कई गोलियां मारी थी।

चूंकि पाकिस्तान में इस साल करीब दो दर्जन आतंकी मारे गए हैं। इनमें से ज्यादातर आतंकियों का नाम, भारत के वांटेड दहशतगर्दों की सूची में शामिल रहा है। अदनान की मौत को 'लश्कर-ए-तैयबा' चीफ, हाफिज साईद के लिए एक बड़ा झटका बताया जा रहा है। पाकिस्तान में मारे जा रहे आतंकियों को लेकर वहां की इंटेलिजेंस एजेंसी आईएसआई भी सकते में आ गई है। आईएसआई की सिक्योरिटी के बावजूद कई आतंकी मारे गए हैं। अदनान भी आईएसआई के इशारे पर जम्मू-कश्मीर में आतंकियों की घुसपैठ कराता था। 'लश्कर-ए-तैयबा' में आतंकियों की भर्ती का काम भी अदनान देखता था। अज्ञात हमलावरों के चलते पाकिस्तान में 'जैश-ए-मोहम्मद' 'डी कंपनी', 'लश्कर ए तैयबा', लश्कर-ए-जब्बार और लश्कर-आई-जांगवी सहित कई आतंकी संगठनों से जुड़े दहशतगर्दों को सुरक्षा प्रदान की गई है।

**इन 'टॉप' आतंकियों को मिली है सुरक्षा**

मुंबई हमले के मास्टरमाइंड और लश्कर-ए-तैयबा के कमांडर जकी-उर-रहमान लखवी को दो वर्ष पहले पाकिस्तान की एक अदालत ने टेरर फंडिंग केस में 15 साल कैद की सजा सुनाई थी।

**अभी तक हुआ इन आतंकियों का खात्मा**

इसी सप्ताह भारत के मुखर आलोचक रहे मलिक असलम वजीर की एक ब्लास्ट के जरिए हत्या कर दी गई है। यह घटना, पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा क्षेत्र में साउथ वजीरिस्तान के दाजा घुंडई इलाके में हुई थी। वजीर के साथ उसका बेटा और एक अन्य व्यक्ति भी मारा गया था। वजीर के जहरीले भाषणों से आतंकियों की भर्ती की जाती थी। 'जैश-ए-मोहम्मद' का सरगना 'मौलाना मसूद अजहर' का करीबी 'मौलाना रहीम तारिक उल्ला' 13 नवंबर को कराची में अज्ञात हमलावरों की गोली का निशाना बना था। उससे पहले 'लश्कर ए तैयबा' प्रमुख हाफिज सईद का करीबी 'अकरम खान उर्फ अकरम गाजी' भी पाकिस्तान के बाजापुर में अज्ञात हमलावरों द्वारा मार दिया गया। पाकिस्तान में भारत के मोस्ट वांटेड एवं उनके सहयोगी लगातार मारे जा रहे हैं। आईएसआई, इन आतंकियों को महफूज रखने का प्रयास कर रही है। इसके बावजूद आतंकी, अज्ञात हमलावरों का निशाना बन रहे हैं। हालांकि आईएसआई की तरफ से ऐसा आरोप लगाया जाता है कि इन सब हत्याओं के पीछे भारतीय एजेंसियों का हाथ है।

## पाकिस्तान से जुड़े सुखदेव गोगामेड़ी की हत्या के तार



**जयपुर :** राजस्थान में श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के बाद से तनाव के हालात हैं। वहीं, चुनाव परिणाम आने के तुरंत बाद हुई गोगामेड़ी की हत्या कई सवाल भी खड़े कर रही है। अब इस हत्याकांड में पाकिस्तानी कनेक्शन भी सामने आ रहा है। करणी सेना की ओर से दावा किया जा रहा है कि गोगामेड़ी की हत्या पाकिस्तान ने कराई है। ये दावा इसलिए भी किया जा रहा है क्योंकि गोगामेड़ी को पाकिस्तान के नंबरों से जान से मारने की धमकियां मिल रही थीं। सुरक्षा की मांग को लेकर उन्होंने राजस्थान पुलिस को पत्र भी लिखा था, लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। उधर, हत्या के बाद धरने पर बैठे परिजनों ने मांगों पर सहमति बनने के बाद प्रदर्शन खत्म कर दिया है।

## 'साइन नहीं, फिर भी मध्यस्थता समझौता बाध्यकारी'



**नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने कंपनी के सिद्धांत और मध्यस्थता समझौते पर अहम टिप्पणी की है। देश की शीर्ष अदालत ने कहा कि साइन न करने वाले फर्म पर भी मध्यस्थता समझौते बाध्यकारी हो सकते हैं। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच जजों की संविधान पीठ ने कहा, 'कई पक्षों और कई समझौतों से जुड़े जटिल लेनदेन के संदर्भ में मध्यस्थता समझौता भारतीय मध्यस्थता न्यायशास्त्र में बरकरार रखा जाना चाहिए।' अदालत ने यह आदेश कॉक्स एंड किंग्स लिमिटेड की तरफ से दायर याचिका पर पारित किया। बुधवार को पारित एक महत्वपूर्ण फैसले में उच्चतम न्यायालय ने कहा, मध्यस्थता समझौता 'कंपनियों के समूह सिद्धांत' के तहत समझौता गैर-हस्ताक्षरकर्ता फर्म यानी ऐसी इकाई जिसने समझौते पर साइन नहीं किया है, उन पर भी बाध्यकारी हो सकता है।

## विधानसभा चुनाव जीता तो सांसदी छोड़ी

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने कुल 21 सांसदों को मैदान में उतारा था। इनमें से 12 सांसद चुनाव जीते जबकि 9 हार गए। जीते हुए 12 सांसदों में से 11 ने लोकसभा सांसद पद से इस्तीफा दे दिया। सिर्फ राजस्थान से चुनाव जीतने वाले बालकनाथ ने अभी इस्तीफा नहीं दिया है। संसद सदस्यता छोड़ने वालों में मध्य प्रदेश से नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद सिंह पटेल, राकेश सिंह, उदय प्रताप और रीति पाठक हैं। वहीं छत्तीसगढ़ से अरुण साव, रेणुका सिंह और गोमती साय जबकि राजस्थान से राज्यवर्धन सिंह राठौड़, दीया कुमारी और किरोड़ी लाल मीणा शामिल हैं। तेलंगाना में विधानसभा चुनाव जीते कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रेवंत रेड्डी ने भी संसद सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। रेवंत कल तेलंगाना के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे।



**मप्र: 7 सांसदों ने चुनाव लड़ा, 5 जीते, पांचों का इस्तीफा**

मध्य प्रदेश में 7 सांसदों ने चुनाव लड़ा, जिनमें फग्गन सिंह कुलस्ते, राकेश सिंह, उदय प्रताप सिंह, रीति पाठक, प्रह्लाद सिंह पटेल, गणेश सिंह और नरेंद्र सिंह तोमर शामिल थे। इनमें से गणेश और कुलस्ते चुनाव हार गए। बाकी उदय प्रताप, रीति, प्रहलाद सिंह, नरेंद्र सिंह और राकेश चुनाव जीते।

**राजस्थान में 7 सांसदों ने चुनाव लड़ा, 4 जीते, 3 का इस्तीफा:** राजस्थान से बीजेपी की तरफ से सात सांसदों ने चुनाव लड़ा। जिनमें बाबा बालकनाथ, किरोड़ीलाल मीणा, दीया कुमारी, राज्यवर्धन सिंह राठौड़, भागीरथ चौधरी, नरेंद्र खीचड़ और देवजी पटेल शामिल थे। इन सात में से सिर्फ चार ही चुनाव जीत सके। चुनाव जीतने वालों में राज्यवर्धन, बालकनाथ, दीया कुमारी और किरोड़ीलाल का नाम है।

## 'साइबर सुरक्षित भारत' हमारी प्राथमिकता: राय

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि "साइबर सुरक्षित भारत" हमारी प्राथमिकता है। इस दिशा में केन्द्र सरकार की ओर से कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। राय ने बुधवार को राज्यसभा में पूछे गए एक लिखित सवाल के जवाब में बताया कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में "साइबर सुरक्षित भारत" का निर्माण करना गृह मंत्रालय की एक सर्वोच्च प्राथमिकता है। देश में किसी भी ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी की शिकायत गृह मंत्रालय की ओर से जारी नंबर '1930' पर की जा सकती है। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) देश में साइबर अपराध से समन्वित और व्यापक तरीके से निपटने के लिए गृह मंत्रालय की एक पहल है।

## ई-टैक्सी की खरीद के लिए ऋण पर गारंटी प्रदान करेगी प्रदेश सरकार: सीएम

**टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/चमन शर्मा**

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बैंकों से सरकार की जन-कल्याणकारी योजनाओं के लिए उदारतापूर्वक व रियायती ब्याज दरों पर ऋ ण उपलब्ध करवाने का आग्रह किया है, ताकि अधिक से अधिक व्यक्ति इन योजनाओं का लाभ उठा सकें मुख्यमंत्री गत दिवस को सार्वजनिक व सहकारी क्षेत्र तथा निजी बैंकों के प्रतिनिधियों की एक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के युवाओं को स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार ने 680 करोड़ रुपए की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट-अप योजना के प्रथम चरण की शुरूआत की है। इसके तहत ई.टैक्सी की खरीद पर 50 प्रतिशत सब्सिडी प्रदान की जा रही है।



उन्होंने कहा कि ई-टैक्सियों को सरकारी कार्यालयों में भी लगाया जाएगा ताकि युवाओं को एक निश्चित आय का साधन भी उपलब्ध हो सके ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खु ने कहा कि इस योजना के तहत बैंक युवाओं को रियायती दरों पर ऋ ण उपलब्ध करवाना चाहिए ताकि उन पर ईएमआई का बोझ कम हो सके। उन्होंने कहा कि इस ऋ ण के लिए गारंटी सरकार देगी। उन्होंने कहा कि दूसरे चरण में पंचायत स्तर पर सौर ऊर्जा परियोजनाएं स्थापित कर युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाये जाएंगे। उन्होंने सभी बैंकों को ब्याज की दरें राज्य सरकार को शीघ्र भेजने को भी कहा।

## देश में जल्द ही इथेनॉल पम्प की होगी शुरूआत: गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को वैकल्पिक एवं जैव ईंधन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने कहा कि देश में जल्द ही इथेनॉल पम्प की शुरूआत होगी। गडकरी ने राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान कहा कि पेट्रोल और डीजल के कारण भी प्रदूषण फैलता है। सरकार ने वैकल्पिक ईंधन और जैव ईंधन को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठाए हैं।

## जम्मू-कश्मीर ने नेहरू की गलतियों की वजह से समस्याएं झेली

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

लोकसभा से जम्मू कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2023 और जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2023 को मंजूरी मिल गई। इससे पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि जम्मू कश्मीर से संबंधित जिन दो विधेयकों पर सदन में विचार हो रहा है, वे उन सभी लोगों को न्याय दिलाने के लिए लाए गए हैं, जिनकी 70 साल तक अनदेखी की गई और जिन्हें अपमानित किया गया। अमित शाह ने देश के पहले प्रधानमंत्री पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर ने जवाहर लाल नेहरू की दो गलतियों की वजह से समस्याओं को झेला है। इनमें पहली संघर्ष विराम की घोषणा और फिर कश्मीर मुद्दे को संयुक्त राष्ट्र में ले जाना शामिल था। यदि जवाहरलाल नेहरू ने सही कदम उठाए होते, तो पीओके हमारा हिस्सा होता। उन्होंने सदन में हुई चर्चा का जवाब देते हुए उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीबों का दर्द समझते हैं तथा एकमात्र ऐसे नेता हैं जिन्होंने पिछड़ों के आंसू पोंछे हैं। उन्होंने कहा कि मैं यहां जो विधेयक लेकर आया हूं, वह उन लोगों को न्याय दिलाने और उनका अधिकार दिलाने से संबंधित है, जिनके खिलाफ अन्याय हुआ, जिनका अपमान हुआ और जिनकी उपेक्षा की गई। किसी भी समाज में जो लोग वंचित हैं उन्हें आगे लाना चाहिए, यही भारत के संविधान की मूल भावना है। उन्हें इस तरह से आगे लाना होगा जिससे उनका सम्मान कम न हो।




## नड्डा ने महासचिवों के साथ की बैठक



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में (भाजपा) की जीत के बाद बुधवार को अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सभी महासचिवों के साथ बैठक की। बैठक की शुरुआत में मध्यप्रदेश में विधानसभा में जीत के लिए महासचिव कैलाश विजयवर्गीय को बधाई दी गई। सूत्रों के मुताबिक बैठक में चुनावों के नतीजों के साथ तीनों राज्यों में मुख्यमंत्री के नामों पर भी चर्चा की गई। इस संबंध में तीनों राज्यों में विधायक दल से बात करने के लिए पर्यवेक्षकों के नामों पर भी चर्चा की गई।

# जाति, धर्म, क्षेत्र के नाम पर भारत को बाँटना कांग्रेस के स्वभाव में: अनुराग ठाकुर

## घमंडिया गठबंधन नॉर्थ और साउथ के बीच खाई पैदा करने का कर रहा दुस्साहस: अनुराग ठाकुर



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**

**नई दिल्ली** में मीडिया कर्मियों से वार्तालाप करते हुए केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने अहंकारी इंडी अलायंस के बयानों और गतिविधियों को विभाजनकारी बताते हुए इसे देश के लोगों के बीच अविश्वास पैदा करने और भारत को तोड़ने की कोशिश में लिप्त बताया है। श्री ठाकुर ने कहा, "प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी लगातार वसुधैव कुटुंबकम की सोच को पूरी दुनिया में फैला रहे हैं। भारत ने वैश्विक महामारी के समय भी पूरी दुनिया में वैक्सीन मैत्री के माध्यम से मदद फैलाई। पिछले 9 वर्षों में हमारी सरकार का मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास रहा है। विपक्ष मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में अपनी करारी हार के बाद गाली-गलौज पर उतर आया है। अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ने से भी आगे बढ़कर अब यह लोग भारत को सुनियोजित ढंग से खंडित करने की योजना पर आगे बढ़ रहे हैं।" देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी कांग्रेस पर निशाना साधते हुए केंद्रीय मंत्री ने पूछा, "सोनिया गांधी और राहुल गांधी की ऐसी क्या मजबूरी है की उनके लिए देश को बांटना जरूरी है? उनके लिए क्यों सनातन का अपमान जरूरी है? ऐसी क्या मजबूरी है की बाबासाहेब के संविधान की धज्जियां उड़ानी जरूरी है? कांग्रेस की ऐसी क्या मजबूरी है की उनके द्वारा अपने चुनावी हार का ठीकरा ईवीएम पर फोड़ना जरूरी है? मान लीजिए अगर राहुल गांधी केरल में जीतते तो क्या कहते? क्या वहां शरिया कानून लागू है। दरअसल कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में भारत को जोड़ने की बात नहीं, देश को तोड़ने की सोच को बढ़ावा दिया गया है श्री ठाकुर ने आगे कहा, "कांग्रेस और कांग्रेस के सहयोगी दल लगातार भारत को बाँटने का बीज बो रहे हैं। कांग्रेस के लोग संसद में अपने सहयोगियों को अपमानजनक टिप्पणियां करने हेतु पर्ची देते हैं। कांग्रेस और उसके सहयोगी अपनी हार से सीखने के बजाय हिंदू, हिंदी और सनातन के अपमान पर उतर आए हैं। ये उनका विशुद्ध अहंकार है। आखिर कांग्रेस क्यों हमेशा देश में जातिवाद या क्षेत्रवाद फैलाने में लगी रहती है? जब कांग्रेस को जातिवाद फैलाने पर वोट नहीं मिलता तब वह नॉर्थ इंडिया और साउथ इंडिया को बांटने में लग जाते हैं।" राहुल गांधी के पुराने बयान की याद दिलाते हुए श्री ठाकुर ने कहा, "हम सभी को याद है कि कैसे अमेठी से चुनाव हारने के बाद राहुल गांधी ने दक्षिण भारत में जाकर उत्तर भारतीयों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। ये उनकी और कांग्रेस पार्टी की घृणित सोच का परिचायक है। राहुल गांधी ऐसे नेता हैं जो मध्य रात्रि में भी टुकड़े टुकड़े गैंग के साथ खड़े होने चले जाते हैं। इनका एकमात्र मकसद देश को खंडित करना है।

**अनुराग ठाकुर ने कहा...**

8 हार से सीखने के बजाय हिंदू, हिंदी और सनातन का अपमान विशुद्ध कांग्रेसी अहंकार: अनुराग ठाकुर

8 कांग्रेस की भारत जोड़ो नहीं भारत तोड़ो की सोच: अनुराग ठाकुर

8 "तेलंगाना में कांग्रेस का होने वाला मुख्यमंत्री कहता है कि तेलंगाना का डीएनए बिहार से बेहतर, क्या राहुल गांधी इस बयान से सहमत हैं?"

## सीमावर्ती क्षेत्र से बीएसएफ ने दो संदिग्धों को पकड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/जैसलमेर**

**राजस्थान** के जैसलमेर जिले के सरहदी इलाके से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने दो संदिग्ध कश्मीरी युवकों को पकड़ा है। पकड़े गए दोनों युवक बिना परमिशन के रोजानियों की बस्ती में घूम रहे थे। ग्रामीणों की सूचना पर बीएसएफ के 108 बीएन बटालियन के जवानों ने दोनों संदिग्धों को पकड़ा और पूछताछ के बाद उनको सम थाना पुलिस को सौंप दिया। पुलिस अब दोनों संदिग्धों को संयुक्त जांच कमेटी के सुपुर्द करेगी जहां सभी सुरक्षा एजेंसियां पूछताछ करेंगी। सम थाना प्रभारी ऊर्जा राम ने बुधवार को बताया कि प्रतिबंधित इलाके में पकड़े गए दोनों संदिग्ध कश्मीरी युवक सरहदी इलाके में आने का संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए।

# सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है प्रदेश के हर वर्ग को: सुधा

**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) विधायक** सुभाष सुधा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को मजबूत कर नई दिशा देने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल की जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदेश के हर वर्ग को मिल रहा है। विधायक बुधवार को गांव बारवा में विकसित भारत संकल्प यात्रा संवाद कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया व अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन विभागीय अधिकारियों को सौंपे। विधायक सुभाष सुधा ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाएं हर वर्ग के लिए कारगर साबित हो रही है, वर्तमान सरकार की शिक्षा नीति बेहतर है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की कार्यशैली में नौकरियों के मामले में पर्ची व खर्ची पर पूरी तरह से लगाम लगी है। इसी तरह अन्य कार्यों में भी भ्रष्टाचार को खत्म करने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। खेलों के क्षेत्र में हरियाणा बुलंदियों को छू रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना व अंतिम श्रेणी तक के व्यक्ति को लाभ पहुंचाना मुख्य रूप से है। कार्यक्रम में जिन महिलाओं ने उज्ज्वला योजना का लाभ लिया उन्हें सम्मानित भी किया गया। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए सरकारी विभाग द्वारा स्टॉल लगाए गए थे जिन पर भारी भीड़ रही।विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपने को साकार करने के लिए विकसित भारत संकल्प एवं जनसंवाद यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह संकल्प यात्रा प्रदेश के हर जिले के वार्ड व गांवों में पहुंच कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने और वंचित पात्र व्यक्ति को मौके पर ही लाभ दिया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से समाज के अंतिम व्यक्ति को घर बैठे सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सरकार की योजनाओं से वंचित लोगों को भी लाभ देने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प एवं जनसंवाद यात्रा एक मील का पत्थर साबित होगी। इस मौके पर सुभाष, हरजिन्द्र, सुनैना, संतोष, हार्दिक सैनी, प्रताप सिंह, केतन सैनी, मंगल सिंह, सुष्मा सैनी, प्रताप सिंह, राजप्रीत कौर के आयुष्मान कार्ड बनाएं गए। इस अवसर पर ब्लॉक समिति के वाईस चेयरमैन सुनील कुमार, ब्लॉक समिति चेयरमैन प्रतिनिधि राम मेहर शर्मा, केंथला खुर्द के सरपंच मास्टर बलदेव सिंह सैनी, सरपंच गुरबख्श सिंह सहित भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



# नगर निगम क्षेत्र के राई और लिवान गांववासियों को मिली बड़ी सौगात

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत बुधवार को हरियाणा** निवास में मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में हाई पावर वर्क्स कमेटी की अहम बैठक हुई। बैठक में शहरी स्थानीय निकाय विभाग के मंत्री कमल गुप्ता सहित विभाग के सभी शीर्ष अधिकारी रहे मौजूद। इस बैठक में नगर निगम सोनीपत मेयर निखिल मदान और निगम आयुक्त विश्राम कुमार मीणा ने भी भाग लिया और नगर निगम से संबंधित बेहद महत्वपूर्ण विषय मुख्यमंत्री के सामने रखे। मेयर निखिल मदान ने बैठक में राई और लिवान गाँव में सीवरेज और बरसाती पानी की निकासी के लिए मेन पंपिंग स्टेशन (एम पी एस) लगाने के कार्य को मुख्यमंत्री मनोहर लाल से मंजूरी दिलवाई।



मेयर निखिल मदान ने बताया कि राई और लिवान गाँव में 14.33 करोड़ ? की लागत से मेन पंपिंग स्टेशन लगाया जाएगा जिसमे राई और लिवान गाँव में कुएं बनाकर सीवरेज और बरसाती पानी को इक्कठा किया जाएगा जिसे पंप सेट के जरिए पंप करके पाइपलाइन के माध्यम से राठधाना सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एस टी पी) तक पहुँचाया जाएगा। पानी का शोधन होने के बाद पानी को ड्रेन नं 6 में भेजा जायेगा। इस कार्य में राई गाँव से लिवान होते हुए राठधना एस टी पी तक 7 कि मी लंबी पाइपलाइन बिछाई जाएगी। निगम आयुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि निगम क्षेत्र में सीवरेज पानी निकासी, पेयजल आपूर्ति के कामों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जा रहा है। साथ ही शहर के सौंदर्यीकरण से संबंधित कार्य भी जल्द शुरू किए जायेंगे।

# मोदी का विजन और युवा शक्ति बनाएगी भारत को विकसित

**चंडीगढ़।** भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी अमृत काल की पीढ़ी है। युवा पीढ़ी देश को विकसित बनाने का संकल्प लेते हुए अपना योगदान दे। श्री धनखड़ बुधवार को गांव पाटौदा और सिलानी जालिम गांव में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद में ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने युवा पीढ़ी का आह्वान कि वे विकसित भारत का सपना देखते हुए संकल्प लें और उसे सिद्धि में बदलने की दिशा में काम करें। राष्ट्रीय सचिव श्री धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में सरकारें जनकल्याण की दिशा में अच्छा कार्य कर रही हैं।

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर के सिद्धांतों को आत्मसात करने की आवश्यकता

**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने बुधवार को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर विधि संकाय के प्रांगण में स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर कुवि कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर के सिद्धांतों को आत्मसात करने की आवश्यकता है तथा ऐसे महापुरुष के जीवन से प्रेरणा लेकर ही हमें आगे बढ़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि डॉ. अम्बेडकर ने वर्षों संघर्ष करके भारत को सामाजिक और राजनीतिक रूप से मजबूत बनाने का कार्य किया।

# डॉ भीमराव अंबेडकर ने सभी वर्गों को समानता का अधिकार दिलवाया: ललित

**सोनीपत।** **जिलाध्यक्ष ललित** पंवार ने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के दिखाए मार्ग पर चलना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। देशवासियों के लिए उनके बलिदान को कभी भूला नहीं जा सकता। समाज के लोगों का कर्तव्य बनता है कि उनके दिखाए मार्ग पर चलकर उनके सपनों को साकार करे। जिलाध्यक्ष ललित पंवार सेक्टर-15 स्थित कार्यालय में डॉ भीमराव अंबेडकर जी के परिनिर्वाण दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कर शहरवासियों को संबोधित कर रहे थे। इससे पहले जिलाध्यक्ष ललित पंवार ने डॉ भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया।



जिलाध्यक्ष ललित पंवार ने बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डालते कहा कि उनका जन्म मध्य प्रदेश में 14 अप्रैल 1891 को हुआ। उनका जीवन बड़े कष्ट में गुजरा। वे पढ़ाई में बहुत ही प्रतिभाशाली थे। भारतीय संविधान के निर्माण में उनकी अहम भूमिका रही है। 1990 में उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। डा. भीमराव अंबेडकर ने देश को समरसता का कानून दिया। इसमें सभी वर्गों को समानता के अधिकार दिए हैं। हमें उनके बताए गए रास्ते पर चलना चाहिए। डा. भीमराव अंबेडकर ने लोकतंत्र व समतावाद लाने के लिए जो संविधान दिया उसके लिए पूरा देश हमेशा उनका ऋणी रहेगा। बाबा साहेब चाहते थे कि कमजोर लोग शिक्षित बने और फिर संगठित होकर समाज में एकता व समरसता की भावना को मजबूत बनाए। इस दौरान सीनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, सुरेन्द्र छिक्कारा, पार्षद सुरेन्द्र नैयर, पार्षद नवीन तंवर, कमल हसीजा, पवन गर्ग, प्रिंस सरोहा, प्रवीन सैनी, दिनेश हुड्डा, बंसी कुंडू, संदीप सूद, डॉ राकेश, प्रेम नारायण गुप्ता, राजेन्द्र राठी, बिन्नी भारद्वाज, कृष्णा बुमरा, प्रेम रेलन, भारत भूषण, कृष्ण मलिक सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# युग द्दष्टा थे संविधान रचयिता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर: विधायक राजेंद्र जून

**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव,बहादुरगढ़।** **भारत रत्न डॉ भीमराव** अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर विधायक राजेंद्र सिंह जून ने नमन किया। विधायक राजेंद्र सिंह जून ने महापरिनिर्वाण दिवस पर भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर को नमन करते हुए कहा कि बाबा साहेब सर्वसमाज के कल्याण की एक महान सोच रखने वाले युग द्दष्टा थे। लोकतांत्रिक देश भारत के संविधान रचियता डॉ. भीमराव अंबेडकर एक बेहद दूरदर्शी, सामाजिक क्रांतिकारी, प्रमुख कानूनविद् व मानवीय अधिकारों के बड़े समर्थक थे। विधायक राजेंद्र सिंह जून ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने अपने जीवन में सदा ही सर्वसमाज व विशेष रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के अधिकारों को लेकर कभी कोई समझौता नहीं किया। बाबा साहेब ने शक्तिशाली व देश के सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार प्रदान करने वाले संविधान की रचना की जिसके लिए बाबा साहेब को सदा सम्मान से याद किया जाएगा।



दिल्ली रोहतक रोड स्थित विधायक कार्यालय में वरिष्ठ कांग्रेस नेता वेद प्रधान की अगुवाई में संविधान निमार्ता बाबा साहेब को नमन किया गया। बाबा साहेब को नमन करते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता वेद प्रधान ने कहा कि बाबा साहेब ने अपने जीवन में सदा समाज के कमजोर वर्ग का उत्थान करने के लिए कार्य किया। बाबा साहेब ने संविधान में कमजोर वर्ग के उत्थान सहित सर्व समाज की भलाई का कानून बनाया जिनका लाभ आज समाज के सभी वर्गों को समान रूप से मिल रहा है। इस अवसर पर इंदर राठी, दयाचंद रंगा, राजेश जून माजरा, संजय पहलवान, नफे जून, पवन प्रधान, ओमप्रकाश आसोदिया,कृष्ण राठी, भगत सिंह जून,श्याम कानोंदा,रविंद्र जून, मनीष परनाला, राजू गाबा, प्रदीप जून, लाल सिंह चौहान, देवेंद्र दहिया, बबला जून,राजू लडरावन ,महावीर ठेकेदार,कृष्ण दलाल,मनीष परनाला,ठाकुर पितराम, फुले,पप्पू जांगड़ा, सहित कई कांग्रेस कार्यकताओं ने सहित कई कांग्रेस कार्यकताओं ने महापरिनिर्वाण दिवस पर डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया है उनके दिखलाए गए देश सेवा के मार्ग पर चलने का प्रण लिया।

# डॉ बी आर अंबेडकर के आदर्शों को अपनाएँ : रंगा



**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र/शाहबाद (दलबीर मलिक)महात्मा ज्योतिबा फूले शिक्षा** विकास ट्रस्ट द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर जी के महापरिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहब को याद किया गया ट्रस्ट के जिला अध्यक्ष तिलक राज नलवी ने बताया कि सबसे पहले बच्चों ने बाबा साहब को पुष्प अर्पित किए। राजकीय माध्यमिक विद्यालय अजराना खुर्द के बच्चों ने कविता, गीत और भाषण प्रतियोगिता में भाग लिया,मंच का संचालन महिपाल और मीनाक्षी शर्मा ने किया।सांस्कृतिक कार्यक्रम किरण कौर,नरेश कुमार व रमन कुमार की देखरेख में किया गया।ट्रस्ट की तरफ से होनहार बच्चों को मैडल और सर्टिफिकेट से सम्मानित किया। इस अवसर पर विशेष आमंत्रित श्रीमती स्वीटी रंगा नलवी , क्लस्टर इनचार्ज प्रिंसिपल अंजू गुप्ता ,गांव के सरपंच पति प्रदीप कुमार और ट्रस्ट के चेयरमैन मिहा सिंह रंगा का मार्ग दर्शन मिला। स्वीटी रंगा ने कहा कि डॉ बी आर अंबेडकर जी महान व्यक्ति थे। हम सबको उनके पद चिन्हों पर चलकर देश और समाज की सेवा करनी चाहिए और अपने बच्चों को अधिक से अधिक पढ़ाकर उनको कामयाब बनाएं। प्रधानाचार्य अंजू गुप्ता ने कहा कि हम सबको मिलकर डॉ बी आर अंबेडकर जी के आदर्शों को अपनाते हुए शिक्षा के विकास के लिए प्रयास करने होंगे । मिहा सिंह रंगा ने कहा कि आज हम डा बाबा साहेब को याद करते हुए संकल्प लें कि युवा नशे से दूर रहे। गांव के सरपंच पति प्रदीप कुमार और समाज सेवी संदीप कुमार ने कहा कि ज्योतिबा फुले ट्रस्ट लड़कियों की शिक्षा के लिए स्वीटी रंगा के मार्गदर्शन में सराहनीय कार्य कर रही है।

# कुरुक्षेत्र: अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 के सरस और शिल्प मेले का आगाज आज से

**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक) अंतर्राष्ट्रीय** गीता महोत्सव 2023 के सरस और शिल्प मेले का आगाज 7 दिसंबर को होने जा रहा है। इस शिल्प और सरस मेले का शुभारंभ राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय करीब 12 बजे करेंगे। इसके साथ ही राज्यपाल 7 से 24 दिसंबर तक चलने वाले मीडिया सेंटर का भी उद्घाटन करेंगे। इस शिल्प और सरस मेले में 24 राज्यों से आए लगभग 250 से ज्यादा शिल्पकारों ने अपनी शिल्पकला को सजाना शुरू कर दिया है। अहम पहलू यह है कि उत्तर क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र पटियाला के कलाकार भी कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर पहुंच चुके है।उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 का शिल्प और सरस मेला 7 से 24 दिसंबर तक चलेगा और इस मेले का शुभारंभ 7 दिसंबर को होने जा रहा है। इस शिल्प और सरस मेले में एनजेडसीसी तथा डीआरडीए के शिल्पकार ब्रह्मसरोवर पर पहुंचना शुरू हो गए है और अधिकतर ने अपनी शिल्प कला को ब्रह्मसरोवर की सदरियों में सजानी शुरू कर दी है। इस मेले का शुभारंभ राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय करेंगे और इसके साथ ही मीडिया सेंटर का भी उद्घाटन करेंगे।

# काजल, कोमल, मुस्कान का मेटल जिम में स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत।** **बैंगलोर में** संपन्न हुई राष्ट्रीय पॉवर लिफ्टिंग, बैंच प्रैस प्रतियोगिता में स्वर्ण एवं कांस्य पदक जीतकर लौटी काजल, कोमल, मुस्कान का मेटल जिम परिसर में भव्य स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने तीनों बेटियों को फूल मालाएं भेंट कर आशीर्वाद दिया। जिम संचालक राजकुमार एवं नीरज कुमार ने बताया कि काजल, मुस्कान ने गोल्ड और कोमल ने कांस्य पदक जीतकर शहर का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर राजीव जैन ने कहा कि बेटियां हर क्षेत्र में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ तथा बेटी खिलाओ के नारे को सार्थक कर रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि खेल, उद्योग विज्ञान समेत सभी क्षेत्रों में बेटियों ने धाक जमाकर साबित कर दिया है कि बेटियां किसी से कम नहीं हैं। भाजपा नेता ने कहा कि केंद्र सरकार ने खेलो इंडिया के माध्यम से खिलाडियों कि प्रतिभा की पहचान करके उन्हें आगे बढ़ने की सार्थक पहल की है। उन्होंने आगे कहा कि कॉमनवेल्थ, एशियाड तथा ओलिम्पिक में पदक जीतने वाले खिलाडियों को करोड़ों रुपए की राशि इनाम में देने से भी खेलों को बढ़ावा मिला है।



उन्होंने कहा कि आज जो खिलाडी खेल को करियर के रूप में चुनकर पूरी मेहनत, लगन, अनुशासन एवं समर्पण भाव से प्रयास करता है उसे सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने खिलाडियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आगे चलकर बेटियां देश का नाम रोशन करेंगी। इस अवसर पर साहिल मलिक, हिमांशु खत्री, मोनू गुलिया, राज कुमार, सोनिया त्यागी, रितेश मलिक, गुलशन, मीनू, सुमन गोस्वामी एवं अन्य खिलाडी उपस्थित रहे।

# कुरुक्षेत्र: गांव उदारसी में स्वास्थ्य जांच शिविर का हुआ आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र ( दलबीर मलिक)डा. मनीष कुकरेजा ने गांव** उदारसी में सत्य भारती स्कूल में विद्यार्थियों व अभिभावकों हेतु स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। जिसमे उनके कान, नाक, गला,ऑंख व सामान्य को चेकअप किया गया। विद्यार्थियों के साथ साथ उनके अभिभावकों ने भी इस स्वास्थ्य चेकअप का लाभ उठाया डा. मनीश कुकरेजा ने बच्चों को जानकारी देते हुए कहा कि किस प्रकार से हम अपने आंख, नाक, कान व गले को स्वस्थ रख सकते है तथा बच्चों को इन अंगों के प्रति हम किस प्रकार जागरूक रहें व किस प्रकार इनको साफ सुथरा रखें। उन्होंने कहा कि विद्यालय में समय समय पर इस प्रकार के स्वाथ्य जांच शिविर लगाए जाते हैं ताकि सभी निरोग रह सके। इस शिविर में 150 बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की गई।



# हर व्यक्ति के सहयोग से विकसित राष्ट्र बनेगा भारत: नरेश कौशिक

**सिद्धार्थ राव,बहादुरगढ़। पूर्व विधायक** नरेश कौशिक ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में जनसेवा को लेकर सजग है। आमजन को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से मिले,इसके लिए सरकार पूरी तरह गंभीर है। पूर्व विधायक बुधवार को गांव बालौर और ईस्सरहेड़ी में आयोजित विकसित भारत-संकल्प यात्रा- जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों से सीधा संवाद कर रहे थे। पूर्व विधायक ने कहा कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य हर एक व्यक्ति को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोडना है। साढ़े नौ सालों में मोदी सरकार और 9 सालों में मनोहर सरकार की जो योजनाएं बनी हैं यदि कोई व्यक्ति उन योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गया है तो उन्हें योजनाओं से जोडकर. लाभान्वित किया जा रहा है। मोदी-मनोहर सरकार का ध्येय सरकारी योजनाओं को गरीब के घर तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं हैं जिन्हें इस यात्रा के जरिए जनता के समक्ष रखा जा रहा है। एलईडी युक्त वैन में सरकार की विभिन्न योजनाओं को दिखाया गया तथा यात्रा के दौरान विभिन्न विभागों से संबंधित अंत्योदय पर आधारित स्टॉल लगाकर आमजन को जागरूक करते हुए लाभान्वित किया गया। दोनों गांवों में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बैंक की स्टॉल, स्वास्थ्य जांच शिविर, हेल्प डेस्क, आयुष कैंप, योगाभ्यास, क्रिड हेल्प डेस्क, सीएससी स्टाल, पीएम उज्ज्वला योजना, मेरा भारत पंजीकरण हेल्प डेस्क, एक्स सर्विस मेन व सर्विस मैन के लिए हेल्प डेस्क भी लगाई गई। इस बीच पूर्व विधायक नरेश कौशिक ने अधिकारियों व ग्रामीणों के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। उन्होंने कार्यक्रमों के दौरान ग्रामीणों को भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की शपथ दिलाई। विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान मोबाइल वैन में लगी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से केंद्र और प्रदेश सरकार की जनहितैषी नीतियों का प्रसारण दिखाया गया।



**कार्यक्रमों में ये अधिकारी व गणमान्य व्यक्ति रहे उपस्थित**

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष सोनू मान,मंडल महामंत्री वीर कुमार, वाइस चैयरमैन पालेराम शर्मा, मंडल अध्यक्ष कृष्ण चंद्र,मंडल उपाध्यक्ष उमेश सहगल, लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता रितेश यादव, एसईपीओ पूनम देवी,पंच आजाद सिंह,सूरज नंबरदार,कृष्ण, प्रहलाद मास्टर,रामदयाल,वेदप्रकाश सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# रक्तदान एक नि:स्वार्थ सेवा है, रक्त का कोई विकल्प नहीं: डॉ. अशोक कुमार

**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)रक्तदान** के क्षेत्र में निरंतर नए उत्साह के साथ आगे बढ़ते हुए 165 बार रक्तदान कर चुके राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता डायमंड रक्तदाता एवं पर्यावरण प्रहरी डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा आज रात्रि में 80वीं बार प्लेटलेट्स दान किए गए। सुचना प्राप्त होने पर वे रात्रि में कुरुक्षेत्र ब्लड सेंटर में प्लेटलेट्स दान करने पहुंचे और प्लेटलेट्स दान किए। डॉ. अशोक कुमार वर्मा 1989 से नियमित रक्तदान कर रहे हैं और वर्ष 2010 से रक्तदान शिविर भी आयोजित कर रहे हैं। उन्होंने प्लेटलेट्स दान करते हुए कहा कि आज के युग में भी रक्त का अभाव रहता है। एक और रक्त का व्यापारिकरण नहीं होना चाहिए क्योंकि एक व्यक्ति ही दूसरे व्यक्ति को रक्त देकर उसका जीवन बचा सकता है दूसरे रक्तदान कोई पेशा नहीं है अपितु यह एक निस्वार्थ सेवा है। आज तक भी रक्त का कोई अन्य विकल्प नहीं बना है। उन्होंने कहा सभी व्यक्तियों के लिए रक्त निशुल्क होना चाहिए और यह तब होगा जब सरकारी अस्पतालों में स्वैच्छिक रक्तदान होगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष डेंगू का प्रकोप पिछले वर्षों की तुलना में अभी तक विद्यमान है। रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए सरकार को अनेक योजनाएं चलाने की आवश्यकता है।



आज भी अनेक ऐसे रक्तदाता हैं जो चुपचाप रक्तदान करके अपने घर चले जाते हैं। मांग के अनुसार पूर्ति को बनाये रखने के लिए रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता के साथ साथ सरकारी रक्त कोषों की स्थिति सुदृढ़ करने की आवश्यकता है।

# स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने के लिए सीएम की नई पहल

## ठोस कचरा तौल में गड़बड़ी करने वाले ठेकेदारों पर होगी कार्रवाई



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ काजल रानी**

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत अभियान को सफल बनाने की दिशा में पहले ही स्वच्छ भारत-स्वच्छ हरियाणा योजना चला रखी है। इस कड़ी में एक कदम और आगे बढ़ाते हुए हुए उन्होंने आज ठोस कचरा तौल में गड़बड़ी करने वाले ठेकेदारों पर कड़ी कार्रवाई करने के लिए सीएम फ्लाइंग स्कवॉड की तर्ज पर शहरी स्थानीय निकाय में भी फ्लाइंग स्कवॉड गठित करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री आज यहां नगर निगमों, नगर परिषद व नगर पालिकाओं में ठोस कचरा प्रबंधन को लेकर समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ कमल गुप्ता और श्रम राज्य मंत्री अनूप धानक भी उपस्थित रहे। मनोहर लाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कचरा ले जाने वाले वाहनों की निकासी तथा एंट्री प्वाइंट पर तौल मशीनें लगाई जाएं और वास्तविक भार के अनुसार ही ठेकेदार को भुगतान किया जाए। उन्होंने कहा कि कचरे से जो भी बायो उत्पाद निकलता है, उसकी भी मार्केटिंग की जाए। गुरुग्राम, फरीदाबाद, अंबाला जैसे बड़े शहरों में कूड़ा निस्तारण प्रोजेक्ट की ड्रोन तकनीक से भी निगरानी की जाए, ताकि डंपिंग प्वाइंट तक कचरे की कितनी मात्रा पहुंच रही है, उसका पता लगता रहे। मुख्यमंत्री ने कचरे के साथ-साथ सीवरेज प्रणाली के सुदृढ़ीकरण और विस्तारीकरण के निर्देश देते हुए कहा कि जिन शहरों में पुरानी सीवरेज प्रणाली है, वहां पर नई सीवरेज लाइनें डाली जाएं, ताकि शहरों के पानी की निकासी सुचारू रूप से हो सके।

**पहल ...**

**8 सीएम फ्लाइंग स्कवॉड की तर्ज पर शहरी स्थानीय निकाय में बनेगी फ्लाइंग स्कवॉड।**

**ये होगा शहरी स्थानीय निकाय फ्लाइंग स्कवॉड का स्वरूप:** शहरी स्थानीय निकाय फ्लाइंग स्कवॉड में पुलिस के डीएसपी, इंस्पेक्टर व सब-इंस्पेक्टर स्तर के अधिकारी व अन्य कर्मचारी शामिल होंगे। जिस प्रकार सीएम फ्लाइंग स्कवॉड भ्रष्टाचार की शिकायत मिलने या विभागों में गड़बड़ी होने के अंदेशों के चलते स्वतः संज्ञान लेते हुए छापेमारी करती है, उसी प्रकार शहरी स्थानीय निकाय फ्लाइंग स्कवॉड भी ठोस कचरा संयंत्रों और डोर-टू-डोर कचरा एकित्रकरण तथा वाहनों के निकासी व प्रवेश प्वाइंट पर दबिश देगी।

**मुख्यमंत्री हर टेंडर की स्वयं कर रहे हैं निगरानी:** टेंडर प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाये रखने के लिए मुख्यमंत्री हर टेंडर की स्वयं निगरानी कर रहे हैं। मोल-भाव के लिए उच्च अधिकार प्राप्त खरीद कमेटी और कार्य आवंटन कमेटी के समक्ष सीधे बैठने का ठेकेदारों को अवसर मिला है, जिससे खरीद प्रक्रिया में न केवल पारदर्शिता आई है, बल्कि सरकार निविदा में दिए गए रेट से 30 प्रतिशत तक बचत करने में सफल रही है। बैठक में वित्त विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर, शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव विकास गुप्ता, परिवहन विभाग के प्रधान सचिव नवदीप विर्क और अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री ने 3.8 किमी लंबी नई सड़क के निर्मा[illegible] को मंजूरी दी

**चंडीगढ़:** मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने हरियाणा में कनेक्टिविटी और ढांचागत विकास को बढ़ावा देने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए रोहतक जिले में 315 करोड़ रुपये की लागत से बनाई गई एलिवेटेड रेलवे ट्रैक के साथ-साथ एक नई सड़क के निर्माण के लिए 21.27 करोड़ रुपये की प्रशासनिक मंजूरी दी है।

यह 3790 मीटर लंबाई और 5.5 मीटर चौड़ाई वाली महत्वाकांक्षी परियोजना 9 महीने में पूरी हो जाएगी और रोहतक के निवासियों के लिए निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। एक सरकारी प्रवक्ता ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि रोहतक की चिन्योट कॉलोनी से शुरू होकर सेक्टर-6 तक जाने वाली इस नई सड़क से 50,000 से अधिक लोगों को लाभ होगा। यह गांधी कैंप, झंग कॉलोनी, मानसरोवर कॉलोनी, सुभाष नगर, किशनपुरा, मॉडल टाउन, लक्ष्मी नगर, कबीर कॉलोनी, विशाल नगर, सेक्टर -5 और सेक्टर -6 सहित विभिन्न कॉलोनियों को आपस में जोड़ेगा। गौरतलब है कि रोहतक में 3.8 किमी लंबा एलिवेटेड ट्रैक भारत का पहला ट्रैक था जिसे रेल मंत्रालय द्वारा 315 करोड़ रुपये की लागत से बनाया गया था, जिसमें से 225 करोड़ रुपये राज्य के हिस्से से दिए गए थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने इस परियोजना के रणनीतिक महत्व को रेखांकित करते हुए आर्थिक विकास को बढ़ावा देने, कनेक्टिविटी बढ़ाने और रोहतक जिले के निवासियों के लिए जीवन की समग्र गुणवत्ता को बढ़ाने में इसकी अहम भूमिका रहेगी।



हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय हरियाणा राजभवन, चंडीगढ़ में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर लोगों में उत्साह: विधायक

**चंडीगढ़ :** हरियाणा के विधायक असीम गोयल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने "एक नई सोच के साथ एक नए भारत" के निर्माण का संकल्प लिया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। गोयल ने आज अम्बाला के गांव जनसुआ व जनसुई में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित नागरिकों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलवाई। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस संकल्प यात्रा में जनसंवाद कार्यक्रम को जोड़कर हरियाणा में पिछले नौ साल में हुए विकास कार्यों एवं योजनाओं को भी इसमें शामिल किया है।

## 'नकेल न कसने से बढ़ा भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारी'



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ दीपिका शर्मा**

**अखिल** भारतीय कांग्रेस की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, कांग्रेस कार्य समिति की सदस्य एवं हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा-जजपा गठबंधन सरकार में भ्रष्टाचार नए रिकॉर्ड बना रही है। भ्रष्टाचार के आरोपियों को पकडने के मामले में देश में छठां नंबर आना ही इस बात का प्रमाण है। अगर भ्रष्टाचार कम होता तो भ्रष्टाचारियों को पकडने की घटनाएं बढने की बजाए कम होती। राज्य सरकार महिलाओं व बच्चियों की सुरक्षा के प्रति भी गंभीर नहीं है, इसलिए ही इनके खिलाफ दुष्कर्म समेत अन्य घटनाओं में बढ़ोतरी हो रही है। मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो एनसीआरबी ने साल 2022 में घटे अपराधों को लेकर रिपोर्ट जारी की है। इसमें हरियाणा में बढ़ती घटनाएं हर किसी को चौंका सकती हैं। इस रिपोर्ट के अध्ययन से साफ है कि प्रदेश में कानून का राज नहीं है, बल्कि यहां पर अपराधियों को खौफ लोगों के बीच बढ़ रहा है। खास तौर पर ऐसे अपराध में बढ़ोतरी हो रही है, जिससे हर आम आदमी सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को लेकर भयभीत होने लगता है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एक ही साल में कर्मचारियों व अधिकारियों पर भ्रष्टाचार के 246 मामले दर्ज होने से पता चलता है कि प्रदेश में भ्रष्टाचार किस स्तर पर पहुंच चुका है। भाजपा के 2014 में सत्ता संभालने के बाद से तमाम महकमों में रिश्वत के बढ़ते रेट भी इस बात का सबूत हैं। मुख्यमंत्री के गृह जिले करनाल से ही बार-बार भ्रष्टाचार के मामले सामने आने से साफ है कि इनका कनेक्शन सत्ता में बैठे लोगों तक है और इसमें वे भी बराबर के भागीदार हैं। कुमारी सैलजा ने कहा कि रिपोर्ट बताती है कि प्रदेश में 2022 के दौरान महिलाओं से दुष्कर्म के मामले बढ़े और पुलिस थानों में 1787 मामले रिपोर्ट हुए।

**आरोप**

**8 महिलाओं व बच्चियों की सुरक्षा करने में गठबंधन सरकार नाकाम, साइबर क्राइम बढने की वजह बनने लगे सरकारी पोर्टल**

## विधायक ने यात्रा कार्यक्रम में महिलाओं को किया प्रेरित

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

भिवानी विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री घनश्याम सर्राफ ने भिवानी जिला के गांव पालुवास में आयोजित "विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम" में महिलाओं को अपने द्वारा सिले गए कपड़े व उनकी बिक्री करने के साथ-साथ गांव की अन्य महिलाओं को अपना कुछ न कुछ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

गांव कितलाना में भिवानी से विधायक घनश्याम सर्राफ बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष ठा. विक्रम सिंह व गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे।

## चंडीगढ़: हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने एसीएस व डीजीपी को सौंपी जांच

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/ अंकुश जैन**

हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के अंबाला स्थित आवास पर आज सिरसा से आए सैकड़ों वकीलों ने दो थानों को डबवाली कोर्ट से नहीं जोड़ने की लगाई गुहार लगाई जिस पर गृह मंत्री अनिल विज ने गृह विभाग के एसीएस व डीजीपी को मामले में जांच के निर्देश दिए। विज बुधवार अंबाला में अपने आवास पर प्रदेश के कोने-कोने से आए लोगों की समस्याओं को सुन रहे थे। इस दौरान सिरसा बार एसोसिएशन से सैकड़ों वकीलों का दल गृह मंत्री अनिल विज से मिला। वकीलों का कहना था कि सिरसा में बड़ागुढ़ा व रोड़ी पुलिस थाना को डबवाली कोर्ट से जोड़ना सही नहीं हैं। इससे दोनों थाना क्षेत्र के सैकड़ों गांवों के ग्रामीणों को नुकसान व परेशानी होगी। वकीलों को भी केस की पैरवी के लिए सिरसा से कई किलोमीटर दूर डबवाली जाना पड़ेगा। गृह मंत्री अनिल विज ने वकीलों को मामले में सही कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसी प्रकार, सोनीपत से आई स्टाफ नर्स ने उसके साथ हुई मारपीट मामले में कार्रवाई नहीं होने की शिकायत की। उसका आरोप था कि उलटा हमला करने वाले उसे धमका रहे हैं। गृह मंत्री ने सोनीपत पुलिस कमिश्नर को एसआईटी गठित कर जांच के निर्देश दिए।



**गृह मंत्री अनिल विज ने पानीपत में आत्महत्या मामले में रेलवे एडीजीपी के नेतृत्व में एसआईटी गठित कर जांच के निर्देश दिए:** पानीपत से आए व्यक्ति ने शिकायत देते हुए बताया कि उसकी बहन के विवाह के बाद ससुराल पक्ष ने उसे घर से निकाल दिया था। इसी विवाद के चलते उनके पिता ने आत्महत्या कर ली थी, उनके पास से सुसाइड नोट बरामद हुआ था जिसके आधार पर जीआरपी ने केस तो दर्ज किया, मगर कार्रवाई नहीं की। उनकी मांग थी कि आरोपियों को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाए। गृह मंत्री ने मामले में जीआरपी के एडीजीपी के नेतृत्व में एसआईटी गठित कर कार्रवाई के निर्देश दिए। इसी प्रकार, रोहतक से आई महिला डाक्टर ने अम्बाला में उसके पति पर उसे प्रताड़ित करने एवं झूठे केस में फंसाने के आरोप लगाए। गृह मंत्री ने अम्बाला एसपी को जांच के निर्देश दिए। करनाल से आए व्यक्ति ने उसपर फर्जी मारपीट का केस दर्ज होने की शिकायत दी, सोनीपत से आए युवक ने चैक बाउंस का फर्जी केस उस पर दर्ज होने की शिकायत दी, इसी तरह पानीपत से आए व्यक्ति ने प्रापर्टी डीलर द्वारा उसे जमीनी धोखाधड़ी का आरोप लगाया, यमुनानगर से आई युवती ने उसके साथ घर में घुसकर मारपीट करने के आरोप लगाए जिस पर गृह मंत्री अनिल विज ने संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दिए।

## डिप्टी सीएम ने स्विमिंग के खिलाडियों को किया सम्मानित

### गाँव में स्विमिंग पुल बनाने के लिए अधिकारियों को फाईल तैयार कर मुख्यालय भेजने के दिए निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

हरियाणा के उपमुख्मंत्री दुष्यंत चौटाला ने जींद जिला के गांव रामराय में दो एकड़ में बनाए जाने वाले नौगामा खाप चबूतरा की नींव रखी और अपने स्वैच्छिक कोष से 11 लाख देने की घोषणा की। वे आज जुलाना विधानसभा क्षेत्र के गांव रामराय, गतौली ,जुलाना का दौरा कर रहे थे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि क्षेत्र के बरसाती पानी की निकासी के लिए सरकार ने 160 करोड़ रूपए खर्च कर घग्गर नदी तक बरसाती पानी को पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने गांव वालों की मांग पर कहा कि यदि गांव की पीएचसी सभी मापदंडों को पूरा करती है तो इसको सीएचसी में जल्द ही अपग्रेड किया जाएगा। उन्होंने रामराय गांव में स्वीमिंग पूल की मांग को लेकर कहा कि इस गांव में हमारे पूरे प्रदेश के सबसे अच्छे तैराक हैं और खिलाडियों को और प्रोत्साहन देने के लिए अधिकारी इसका प्रपोजल बनवाकर मुख्यालय भिजवाएं ताकि इसको अमलीजामा पहनाया जा सके और ग्राम पंचायत जिला परिषद से लड़कियों के लिए अलग से एक छोटा स्वीमिंग पूल तैयार करवाएं। इस दौरान उन्होंने गांव में स्वीमिंग विजेता खिलाडियों को सम्मानित भी किया। उपमुख्यमंत्री ने गांव गतौली में आयोजित जनसभा में कहा कि गांव में एचआरडीएफ से व्यायामशाला को जल्द ही बनवा दिया जाएगा। गांव में चल रहे स्कूलो की बिल्डिंग को कंडम घोषित करवाने उपरांत वे सर्व शिक्षा अभियान से पुनः उसका निर्माण करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि गांव की गली निर्माण से सम्बंधित समस्या को कोई भी गांव वासी ग्राम दर्शन पोर्टल पर डाल सकता है। उन्होंने कहा कि अब जुलाना से सीधा नैशनल हाईवे पानीपत की तरफ निकाला जाएगा जिसका फायदा सीधा जुलाना वासियों को होगा। जुलाना में ब्रहाम्ण धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री को जोरदार स्वागत किया गया। ब्रहाम्ण सभा ने धर्मशाला के लिए जमीन दिलवाए जाने पर आभार व्यक्त किया। डिप्टी सीएम ने जुलाना में एक लाईब्रेरी बनवाने और जुलाना शहर के अन्दर के रोड़ को जल्द ही दोबारा बनवाने एवं उसके दोनों तरफ गंदे पानी की निकासी के लिए ड्रेन बनवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि जुलाना शहर के चौक का भगवान परशुराम के नाम पर किया जाएगा।

**आभार...**

**8 जुलाना में लोगों ने उपमुख्यमंत्री का जमीन दिलवाने पर जताया आभार, लाईब्रेरी बनाने की कि घोषणा**

## पीएम और मुख्यमंत्री ने देश एवं प्रदेश को पहुंचाया नई ऊंचाइयों पर: भगत

**चंडीगढ़ :** हैफेड के चेयरमैन श्री कैलाश भगत ने कहा कि "विकसित भारत संकल्प यात्रा" जन संवाद के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर व विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया था और उस दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसके साथ-साथ श्री मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस यात्रा के साथ जन संवाद कार्यक्रम को जोड़ा है, जिसके माध्यम से मौके पर ही आमजन की समस्याओं का निवारण हो रहा है। हैफेड चेयरमैन आज कैथल जिला के गांव कौल में विकसित भारत संकल्प यात्रा जन संवाद कार्यक्रम के दौरान बोल रहे थे।

## तेलंगाना के मुख्यमंत्री के रूप में चयनित रेवंत रेड्डी सांसद दीपेन्द्र हुड्डा से मिलने पहुंचे

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

तेलंगाना के मुख्यमंत्री के रूप में चयनित होने के बाद अनुमूला रेवंत रेड्डी आज शिष्टाचार भेंट के लिये अपने मित्र सांसद दीपेन्द्र हुड्डा के दिल्ली स्थित निवास पर पहुँचे और उन्हें अपने शपथ ग्रहण समारोह में सम्मिलित होने का न्योता दिया। दीपेन्द्र हुड्डा ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर गले लगा लिया। इसके बाद दोनो एक साथ संसद भवन गए और रेवंत रेड्डी वहाँ पार्टी सांसदों से मुलाकात कर हैदराबाद के लिए रवाना हो गए। रेवंत रेड्डी और सांसद दीपेन्द्र हुड्डा की दोस्ती काफी पुरानी है। दीपेन्द्र हुड्डा ने तेलंगाना की प्रचंड जीत पर हरियाणावासियों की तरफ से रेवंत रेड्डी को बधाई दी। उन्होंने अपने एक्स- पोस्ट पर लिखा कि रेवंत ने एक सच्चे मित्र होने का फर्ज निभाया। उनके व्यवहार में पहले से भी ज्यादा विनम्रता नजर आई। दीपेन्द्र हुड्डा ने विश्वास जताया कि रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार तेलंगाना की जनता की उम्मीदों पर खरी उतरेगी।



## अरूण यादव बने भाजपा सोशल मीडिया के प्रदेश संयोजक

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

भारतीय जनता पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने अपने कार्यकाल की पहली महत्वपूर्ण संगठनात्मक नियुक्ति करते हुए गुरुग्राम निवासी अरूण यादव को सोशल मीडिया विभाग का प्रदेश संयोजक नियुक्त किया है। उन्होंने इस बाबत अधिकारिक चिट्ठी जारी की है। प्रदेश अध्यक्ष सैनी ने नवनियुक्त प्रदेश संयोजक अरूण यादव को नव दायित्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। अरूण यादव पहले भी आईटी एवं सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश संयोजक रह चुके हैं।

नया दायित्व मिलने पर श्री यादव ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल और प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी का आभार जताया है। श्री यादव ने कहा कि पार्टी ने जो विश्वास उन पर जताया है उस पर वे खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। अरुण को संयोजक बनाए जाने पर हरियाणा भाजपा के सह मीडिया प्रमुख अरविंद सैनी, पूर्व आईटी प्रमुख श्याम यादव, राजनीतिक विश्लेषक ऋषि पांडे, आईटी सह प्रमुख रोहित सैनी सामाजिक कार्यकर्ता नरेश प्रधान बादशाहपुर, जिला संयोजक कला सांस्कृतिक प्रकोष्ठ अश्वनी चौहान और उत्तराखंड प्रकोष्ठ प्रदेश से संयोजक देवेंद्र सिंह नेगी आदि ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल और प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी का आभार जताया है और विश्वास जताया कि अरुण अपनी मेहनत से पार्टी के लिए दिन रात मेहनत करेंगे।



## संकल्प यात्रा जिला सोनीपत के गांव भौवापुर व नसीरपुर बांगर पहुंची

### विधायक मोहनलाल बड़ौली व ग्रामीणों ने गांव पहुंचने पर संकल्प यात्रा का किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

विकसित भारत संकल्प यात्रा बुधवार को जिला सोनीपत के गांव भौवापुर व नसीरपुर बांगर पहुंची, जहां राई से विधायक मोहनलाल बड़ौली व ग्रामीणों ने संकल्प यात्रा का जोरदार स्वागत किया।

विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार की ओर से चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा 140 करोड़ देशवासियों को विकसित करने की यात्रा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्वभर में भारत की छवि एक शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरी है। विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम गांव व अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसके लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। अंतिम व वंचितों को वरीयता केंद्र व राज्य सरकार का मूल मंत्र है। विधायक मोहनलाल बड़ौली ने कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों से जनसंवाद करते हुए उनकी परिवार पहचान पत्र, वृद्धावस्था पेंशन सहित अन्य शिकायतें व समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही शिकायतों व समस्याओं का त्वरित समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा आमजन की शिकायतें, मांगें व सुझाव लेने के लिए सीधे लोगों के बीच जाने की पहल शुरू की गई है।



**विकास की बात**

**8 केन्द्र व हरियाणा सरकार गरीबों व वंचितों के विकास के लिए प्रयत्नशील: विधायक बड़ौली**

विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान विधायक बड़ौली ने उपस्थित लाभार्थियों को हमारा संकल्प-विकसित भारत की शपथ भी दिलाई। सभी ने एक साथ मिलकर भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लेते हुए शपथ ली कि भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। गुलामी की मानसिकता को जड़ से उखाड़ फेकेंगे। देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों द्वारा लगाई स्टॉल का अवलोकन करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मौके पर ही लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करें।

## न्यूज फ्लैश

### 803 ग्राम चरस सहित आरोपी गिरफ्तार

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सीआईए** वन की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना पर आरोपी विपिन कुमार पुत्र हरिराम वासी तरावड़ी को डोडवा मोड रेलवे ब्रिज तरावड़ी से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से 803 ग्राम चरस बरामद की गई। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना तरावड़ी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया।

पुलिस पूछताछ में पाया गया कि आरोपी विपिन यह चरस उत्तर प्रदेश से लेकर आया था। आरोपी चरस के सेवन का भी आदी है और जल्दी अमीर बनने के लिए उत्तर प्रदेश से चरस लाकर यहां ऊंची कीमत में चलते फिरते नशा करने वालो को बेचता है। आरोपी विपिन को आज न्यायालय में पेश करके दो दिन का रिमांड हासिल कर लिया गया है। दौराने रिमांड आरोपी विपिन से गहनता से पूछताछ की जाएगी और चरस उपलब्ध कराने वाले की भी गिरफ्तारी की जाएगी।

### छीना झपटी करने वाले दो आरोपी काबू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सीआईए वन** की टीम द्वारा 4 दिसंबर को आरोपी शक्ति पुत्र नेमीदास वासी हांसी रोड करनाल को जिला कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर दो दिन का रिमांड हासिल किया गया था। आरोपी शक्ति की निशानदेही पर 5 दिसंबर को आरोपी सुरजीत सिंह उर्फ जीत पुत्र सूरजभान वासी गौशाला रोड जनकपुरीड़ को जिला जेल के सामने से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से छीनी गई सोने की चेन बरामद की गई।

पुलिस जांच में पाया गया कि दोनों आरोपियों ने 30 अक्टूबर को शिकायतकर्ता कमलेश रानी वासी जीवन नगर हांसी चौक करनाल की गर्दन से सोने की चेन को छीनकर वारदात को अंजाम दिया था। इस संबंध में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ थाना शहर में आईपीसी की धारा 379ए के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस पूछताछ में पाया गया कि दोनों आरोपियों ने पहले भी छीना झपटी की एक वारदात को अंजाम दिया था। दोनों आरोपियों को आज न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### थाना साइबर की टीम ने बच्चों और स्कूल स्टॉफ को साइबर अपराध के बारे में किया जागरूक

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**थाना** साइबर की टीम द्वारा थाना प्रबंधक थाना राजीव मिगलानी के नेतृत्व में सरस्वती विद्या मंदिर इंद्री में जाकर बच्चों और स्कूल स्टॉफ को साइबर अपराध के बारे में जागरूक किया गया। टीम द्वारा टैफकॉप (टेलीकॉम एनालिटिक्स फॉर फ्रॉड मैनेजमेंट एंड कंज्यूमर प्रोटेक्शन) के तहत संचार साथी पोर्टल के बारे में विस्तार से बताया गया। टीम द्वारा बताया गया कि इस पोर्टल के तहत हम हमारे मोबाइल नंबर जो कि हमारे आधार कार्ड में रजिस्टर्ड है से पता लगा सकते हैं कि कितने मोबाइल नंबर हमारे आधार कार्ड का प्रयोग करके एक्टिवेट किए गए है। उन मोबाइल नंबर के बारे में पोर्टल द्वारा जानकर हम उनको डीएक्टिवेट भी कर सकते हैं। साइबर टीम द्वारा बच्चों और स्कूल स्टाफ को साइबर अपराध से बचने के तरीकों के बारे में अवगत कराया गया। टीम द्वारा बताया गया कि जब कभी हम साइबर अपराध का शिकार हो जाते हैं तो हमे तुरंत 1930 डॉयल करना चाहिए या राष्ट्रीय अपराध ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायत करनी चाहिए, ताकि हम वित्तीय हानि से बच सकें। इस अवसर पर सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल इंद्री के करीब 250 बच्चे, स्कूल स्टॉफ और थाना साइबर टीम से पीएसआई चांद राम, मुख्य सिपाही फकीर चंद और सिपाही रौनक मौजूद रहे।

### आजादी के साढ़े सात दशक बाद भी साठ प्रतिशत दलित आरक्षण के लाभ से वंचित: भोला

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**हरियाणा** राज्य कर्मचारी चयन आयोग के पूर्व सदस्य तथा अंबेडकर दर्शन के विद्वान एवं दलित नेता राम शरण भोला ने कहा कि सत्तर सालों में आरक्षण का फायदा समाज के अंतिम व्यक्ति तक नहीं पहंच पाया है। संविधान निमार्ता डा. अंबेडकर का सपना पूरा नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि डा. अंबेडकर चाहते थे कि जो लोग आरक्षण का फायदा उठाकर संसद विधानसभाओं, सरकारी नौकरियों में पहुंचे, वह अपने समाज के लोगों का जीवन स्तर ऊपर उठाने का काम करें। इसके अलावा आरक्षण का फायदा समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। लेकिन जिन को आरक्षण का फायदा मिला, उन्होंने केवल अपने परिवर और पीढि?ं का भला किया। यही कारण है कि साठ प्रतिशत लोग अभी भी आरक्षण के लाभ से वंचित हैं। उन्होंने कहा कि डा.अंबेदकर के सपनों को पूरा नहीं करने के लिए वह लोग दोषी हैं, जिन्होंने सत्ता का प्रयोग दलित समाज के लिए नहीं किया। वह आज डा. अंबेदकर के सपनों का भारत विषय पर बोल रहे थे। डा. अंबेडकर ने महिलाओं को समानता का अधिकार दिया। यही कारण है कि देश की आदिवासी महिला राष्ट्रपति मिली। गरीब का बेटा भी प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति या फिर देश का मुख्य न्यायाधीश भी बन सकता है।

# समाजसेवी एवं धैर्यवान व्यक्तित्व के धनी थे डा. भीमराव अम्बेडकर : योगेंद्र

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**डा.भीमराव अंबेडकर,** जिन्हें हम बाबा साहेब, भीमराव या फिर अंबेडकर के नाम से भी जानते हैं। 6 दिसंबर 1956 को इनकी मृत्यु हुई थी। इसलिए इस दिन अंबेडकर जी की पुण्यतिथि मनाई जाती है और साथ ही इस दिन को महापरिनिर्वाण दिवस भी कहा जाता है।

आज जिला भाजपा द्वारा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा के नेतृत्व में अम्बेडकर चौक पर डा. भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर



भाजपा जिलाध्यक्ष योगेन्द्र राणा के अतिरिक्त मेयर रेणु बाला गुप्ता, मुख्यमंत्री प्रतिनिधि संजय बठला, जिला उपाध्यक्ष प्रवीण लाठर, अमृतलाल जोशी, जिला महामंत्री सुनील गोयल, जिला मीडिया प्रभारी डॉ.अशोक कुमार, जिला मीडिया कोओर्डिनेटर हरपाल कलामपुरा, जिला सचिव मंजू खैंची, मेघा भंडारी, राम नगर मंडल अध्यक्ष राजेश अग्घी, अर्बन मंडल अध्यक्ष सुनील गुप्ता, कर्ण मंडल अध्यक्ष साहिल मदान, इन्द्री मंडल अध्यक्ष अमनदीप विर्क, गढ़ी बीरबल मंडल अध्यक्ष अमित कुमार, कुंजपुरा मंडल अध्यक्ष मोहन सैनी, महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष मीना चौहान, एससी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष रघुमल भट्ट, जिला महामंत्री किसान मोर्चा विनय संधू सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने बाबा साहब को नमन करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को महू में सूबेदार रामजी शकपाल एवं भीमाबाई की चौदहवीं संतान के रूप में हुआ था। उनके व्यक्तित्व में स्मरण शक्ति की प्रखरता, बुद्धिमत्ता, ईमानदारी, सच्चाई, नियमितता, दृढ़ता, प्रचंड संग्रामी स्वभाव का मणिकांचन मेल था। उनकी यही अद्वितीय प्रतिभा अनुकरणीय है, वे एक मनीषी, योद्धा, नायक, विद्वान, दार्शनिक, वैज्ञानिक, समाजसेवी एवं धैर्यवान व्यक्तित्व के धनी थे। वे अनन्य कोटि के नेता थे, जिन्होंने अपना समस्त जीवन समग्र भारत की कल्याण कामना में उत्सर्ग कर दिया। खासकर भारत के 80 फीसदी दलित सामाजिक व आर्थिक तौर से अभिशप्त थे, उन्हें अभिशाप से मुक्ति दिलाना ही डॉ. अंबेडकर का जीवन संकल्प था।

## जिला कारागार में हुआ स्पेशल लोक अदालत का आयोजन



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला** कारागार में मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव सुश्री जसबीर कौर द्वारा स्पेशल जेल लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें 3 अंडर ट्रायल केसों का चयन किया गया। इनमें से दो को अंडरगोन किया गया।

सुश्री जसबीर ने बताया कि समय-समय पर जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण द्वारा हर माह के पहले और तीसरे बुधवार को जेल में लोक अदालत का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कैदियों से आग्रह किया कि अगर किसी के पास उसकी केस की पैरवी करने के लिए वकील नहीं है तो वह सुपरिंटेंडेंट जिला कारागार के माध्यम से अपना प्रार्थना पत्र जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण को भेज सकता है। अथॉरिटी द्वारा उसको पैनल अधिवक्ताओं में से किसी एक को उसके केस की पैरवी करने के लिए नियुक्त कर दिया जाएगा।

## करनाल: रोड़ शो निकाल कर लोगों को बताए मोटा अनाज के गुण



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**खाद्य** सुरक्षा मिशन के तहत मोटे अनाज के प्रति पीएम श्री गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल नीलोखेड़ी के प्राचार्या जसमीत की अध्यक्षता में विद्यार्थियों द्वारा रोड शो का आयोजन किया गया। कृषि एवं किसान कल्याण विभाग से खंड तकनीकी प्रबंधक डॉक्टर जुगमेंदर सिंह ने बताया कि भोजन में मोटे अनाज का प्रयोग करने से शरीर को अधिक मात्रा में फाइबर के साथ-साथ विटामिन और अन्य पोषक तत्व प्रचूर मात्रा में प्राप्त होते हैं। उन्होंने बताया कि मोटे अनाज में लौह तत्व प्रचुर मात्रा में होता है, इसलिए यह शरीर में खून की कमी को दूर करने में सहायता करता है और वहीं शरीर की हड्डियों को मजबूती के लिए कैल्शियम व फास्फोरस प्रचुर मात्रा में पाया जाता है। अगर हम अपने भोजन में बाजरा, कंगनी, हरि कंगनी, चीना, कोदो, सावां कुटकी से बने व्यंजन जैसे रोटी, खिचड़ी, बिस्किट, ज्वार डोसा आदि का प्रयोग करते हैं तो बीमारी शरीर से दूर होने लगती है ।

## गीता जयन्ती स्कूल में हुआ विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**जिला** के गाँव मूनक स्थित पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल में गीता जयन्ती स्कूल स्तरीय विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह से भाग लिया। प्राचार्या सुरेन्द्र कुमारी ने विद्यार्थियों को अर्जुन की तरह निष्काम भाव से कर्म करने की प्रेरणा दी, जबकि संस्कृत प्रवक्ता प्रेमराज ने भी विद्यार्थियों को गीता के बारे में बताते हुए कहा कि गीता एक सार्वभौमिक ग्रन्थ है। उन्होंने विद्यार्थियों को अर्जुन की तरह कर्मशील, ज्ञानी बनने का आहवान किया। भाषण प्रतियोगिता में सोनिया प्रथम, सानिया द्वितीय, अंजलि तृतीय, निबन्ध में सुमन प्रथम, आरती द्वितीय व सुकन्या तृतीय स्थान पर रही।

## सीजेएम जसबीर ने किया सेफ हाउस का निरीक्षण

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**सीजेएम** सुश्री जसबीर कौर ने निरीक्षण के लिए पुलिस लाइन स्थित सेफ हाउस का दौरा किया। उन्होंने जिला स्तर पर ऐसे जोड़ों की शिकायतों को सुना, ताकि उन्हें मदद के लिए उच्च न्यायालय जाने के लिए मजबूर न होना पड़े। उन्होंने बताया कि लिव इन रिलेशनशिप में एक साथ रहने वालों और भागे हुए जोड़ों को संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गारंटीकृत जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन में यह निरीक्षण किया गया।



सीजेएम ने बताया कि सेफ हाउस में 9 जोड़े ठहरे हुए हैं। सेफ हाउस के परिसर के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि विवाहित जोड़ों को केवल एक ही कमरा आवंटित किया गया था। जोड़ों को व्यक्तिगत और सामूहिक रूप से बातचीत की गई। उन्हें कानूनी अधिकारों के बारे में भी जागरूक किया गया। उन्हें साफ-सफाई रखने के बारे भी समझाया गया। रनवे कपल्स से बातचीत के दौरान किसी भी कपल की ओर से उनके ठहरने और सुरक्षा को लेकर कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है। ऐसा कोई भी भागा हुआ जोड़ा डीएलएसए के कार्यालय में कार्यरत किसी भी सहायता के लिए संपर्क कर सकता है। उन्हें सूचित किया गया कि जांच अधिकारियों द्वारा बयान दर्ज करने के दौरान यदि उन्हें कोई समस्या आ रही है तो वे जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से सलाह ले सकते हैं।

## अच्छी पुस्तकें व्यक्ति की सबसे अच्छी मित्र होती हैं: प्रीतपाल सिंह पन्नू

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**संविधान** निर्मात्री सभा के अध्यक्ष बाबा साहेब डॉ.भीम राव अंबेडकर की पुण्य तिथि पर आज डीएवी सेंटेनरी स्कूल इंद्री रोड में विद्यार्थियों को देश के संविधान के अनुरूप जीवन जीते हुए सफल व जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा दी गई। संविधान दिवस से गणतंत्र दिवस तक चलने वाले 26 नवम्बर से 26 जनवरी देश की बात कार्यक्रम की कड़ी में आज नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्टस की टीम आज इस विद्यालय में पहुँची और बच्चों को उनके व्यक्तित्व का अवलोकन करने और उसमे निखार लाने के टिप्स



बताए।

निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नु ने बताया कि सहोदय स्कूल काम्प्लेक्स, जेनेसिस क्लासेज व कानन इंटरनेशनल के सहयोग से दो माह चलने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य देश की भावी पीढ़ी को सफल व जिम्मेदार नागरिक बनने के राह से अवगत करवाना है। कार्यक्रम का आगाज डीएवी स्कूल के विद्यार्थियों के समूह स्वागत नृत्य व विश्व शांति पर एक कविता के साथ किया गया।

मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए निफा अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नु ने कहा कि आज से पाँच वर्ष बाद आप कहाँ होंगे और कैसे होंगे, यह इस बात पर निर्भर करता है कि आज आप कौनसी पुस्तकें पढ़ते हैं, टीवी और मोबाइल पर क्या देखते हैं और कैसे लोगों व दोस्तों की संगति में रहते हैं। अच्छी पुस्तकें व्यक्ति की सबसे अच्छी मित्र होती हैं। इसी प्रकार टीवी व सोशल मीडिया पर केवल सीरियल देखने वाले, व्हाट्सप चैटिंग, फेसबुक पर लाइक व कमेंट के माया जाल में फंसने वाले बच्चे अक्सर अंतरमुखी हो जाते हैं और पढ़ाई व अच्छे गुणों से कोसों दूर चले जाते हैं। संचार के इन साधनों का इस्तेमाल ज्ञान बढ़ाने के लिए व अलग-अलग क्षेत्रों में स्किल बढ़ाने के लिए किया जाना चाहिए न कि कीमती समय बर्बाद करने के लिए।

उन्होंने प्रसिद्ध वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टाइन के जीवन से एक कहानी सुनाते हुए बताया कि किस प्रकार उनकी संगत में रहने वाला उनका ड्राइवर भी उनके स्थान पर भाषण देने में सक्षम हो गया था। अच्छी संगत में रहने वाले बच्चे हमेशा जीवन की अच्छी व सकारात्मक बातों को देखना व अपनाना पसंद करते हैं। पन्नु ने बच्चों को सफलता के सूत्र व जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए आवश्यक गुणों की जानकारी दी जिसे उपस्थित बच्चों ने खूब सराहा व जीवन में अपनाने का वायदा किया।

## पीएम नरेंद्र मोदी सरकार में बढ़ा महिलाओं का मान-सम्मान: हरविंद्र कल्याण

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**केंद्र व** राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनओं की जन-जन को लाभ देने के लिए प्रारम्भ की गई भारत संकल्प यात्रा का जिले के गांव रायपुर जाटान व स्टौंडी में पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा जोरदार स्वागत किया गया। यात्रा में पहुंचे विभिन्न सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों ने लोगों को सरकार की नवीनतम योजनाओ की जानकारी दी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक हरविंद्र कल्याण ने राष्ट्र निर्माण की शपथ दिलाई। इस उपरांत उन्होंने आमजन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को उंचाईयो पर पहुंचने में अहम भूमिका निभाई है। जिस प्रकार से देश की अर्थ व्यवस्था में सुधार हुआ है, विपक्ष की पार्टियां इसकी कल्पना भी नहीं कर सकती थी। प्रधान मंत्री ने उज्जवला योजना से लेकर प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि जैसी योजनाएं प्रारंभ करके हर वर्ग का ध्यान रखा है। देश में लोगों को स्वच्छ जल जहां उपलब्ध हो रहा है, वहीं गरीब लोगों को आवास की सुविधा उपलब्ध करवा कर उनका सम्मान किया गया है। ऐसी अनेक योजनाएं हैं, जिनका लाभ लेकर हर वर्ग समृद्ध व खुशहाल बन रहा है। रायपुर जाटान में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में विधायक ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार में महिलाओं का मान सम्मान बढ़ा है। महिलाओं को तरक्की के अवसर प्रदान किए गए हैं। आज की नारी किसी भी क्षेत्र में पुरुषों से कम नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विकसित भारत का सपना पूर्ण हो रहा है। कार्यक्रम में आधा दर्जन से ज्यादा महिलाओं को उज्वला योजना के तहत विधायक ने मुफ्त गैस कनेक्शन वितरित किए गए।

## एनडीआरआई के गेट सैर के लिए खोलने के लिए प्रदर्शन 8 दिसंबर को

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**राष्ट्रीय डेयरी** अनुसंधान संस्थान को करनाल के लोगों की सैर के लिए खोलने की मांग को लेकर आठ दिसंबर को सुबह 11 बजे करनाल के हजारों लोग एनडीआरआई के गेट पर हल्ला बोलेंगे। यहां से हजारों लोग सैक्टर 12 स्थित मिनी सचिवालय तक रोष मार्च निकालेंगे। उसके बाद डीसी को केंद्रीय कृषि मंत्री के नाम से ज्ञापन देंगे। इस ऐतिहासिक मार्च की अगुवाई कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयपाल सिंह मान करेंगे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयपाल मान, कांग्रेस के प्रदेश सचिव मुनीष परवेज राणा, दिनेश सैन ने कहा कि यदि एनडीआरआई के अफसरों ने गेट नहीं खोले तो दूध पीयो आंदोलन किया जाएगा, जिसके तहत हजारों लोग एनडीआरआई के भीतर स्टाल पर भीतर दूध पीने के लिए जाएंगे। यह सिलसिला जारी रहेगा।

## 9 दिसंबर को करणी सेना के अध्यक्ष की हत्या के विरोध में प्रदर्शन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**श्री राष्ट्रीय** राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की हत्या के विरोध में करनाल स्थित राजपूत धर्मशाला में कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें निर्णय लिया गया कि आगामी 9 दिसंबर को हत्या के विरोध में प्रदर्शन किया जाएगा और डीसी को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। बैठक की अध्यक्षता सभा के संरक्षक कर्नल देवेंद्र सिंह वीर चक्र और राजपूत सभा के प्रधान डॉक्टर एनपी सिंह ने संयुक्त रूप से की। सभा के



संरक्षक कर्नल देवेंद्र सिंह वीर चक्र और प्रधान डॉक्टर एनपी सिंह ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा की इस मामले की हाईकोर्ट के जज से न्यायिक जांच करवाई जाए और आरोपियों के विरूद्ध कार्रवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में चलाकर उन्हें जल्द से जल्द फांसी की सजा दी जाए। बताया जा रहा है कि पंजाब पुलिस ने राजस्थान पुलिस को सुखदेव सिंह गोगामेडी की गैंगस्टर द्वारा हत्या का इनपुट दिया था। इसके पश्चात उन्हें सुरक्षा भी दी गई थी, लेकिन वापस ले ली गई। जिस अधिकारी ने यह सुरक्षा वापस ली है, उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाए। उन्होंने बताया उनकी यह हत्या पूरे हिंदू समाज के लिए बड़ी क्षति है, वह हमेशा सामाजिक मुद्दों में बढ़-चढकर भाग लेते थे। आनंदपाल सिंह एनकाउंटर तथा फिल्म पद्मावत का उन्होंने पुरजोर विरोध किया था । वह लगातार सामाजिक मुद्दों को लेकर अग्रणी रहते थे। दिन दहाड़े इस हत्या के विरोध में 9 दिसंबर को सुबह 10 बजे सभी 36 बिरादरी के लोग प्रदर्शन करते हुए जिला सचिवालय पहुंचेंगे और डीसी को ज्ञापन सौंपेंगे।

## 'पीपीपी बनने के बाद अब लोगों को दफ्तरों के नहीं काटने पड़ते चक्कर'

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।**
**विकसित** भारत संकल्प यात्रा आज सातवें दिन जिला के बड़ा गांव और जोहड़ माजरा पहुंची। दोनों स्थानों पर इंद्री के विधायक रामकुमार कश्यप ने मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने इस मौके पर जहां केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी नीतियों की जानकारी दी और कहा कि जनसंवाद कार्यक्रम के माध्यम से मौके पर ही लोगों को योजनाओं का लाभ मिल रहा है। विधायक ने इसी कडी में बड़ागांव में केला देवी, रेशमा व रोशनी तथा जोहड़ माजरा में देशराज, अंग्रेज कौर, धर्मपाल व दर्शना की मौके पर पात्र व्यक्तियों की बनी पैंशन के प्रमाण पत्र वितरित किये गये। वहीं उज्ज्वला योजना के तहत बड़ा गांव



में शिक्षा व मालती तथा जोहड़ माजरा में कविता, सरोज बाला, अंजूर सैनी व रिंपी को रसोई गैस कनेक्शन वितरित किये गये। उक्त दोनों गांवों में विधायक रामकुमार कश्यप ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाये गये स्टाल का अवलोकन किया। उन्होंने निर्वाण दिवस पर बाबा साहेब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। बड़ा गांव में सरपंच प्रतिनिधि कृष्ण कुमार और जोहड़ माजरा में सरपंच दीपक पाल ने विधायक का पुष्प गुच्छ देकर व शाल भेंटकर स्वागत किया। कलाकारों द्वारा विकास संबंधी गीत प्रस्तुत किये गये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश सुनाया गया। साथ ही हरियाणा के विकास पर लघु फिल्म दिखाई गई। इस अवसर पर कृषि विभाग द्वारा ड्रोन उड़ाकर खेतों में खाद व दवाईयों छिडकाव के बारे में जानकारी भी दी गई। विधायक कश्यप ने इस मौके पर लोगों को विकसित भारत के बारे में संकल्प शपथ दिलाई। उन्होंने बड़ा गांव में ग्रामीणों को संबोधित करते हुये कहा कि गांव में सीवरेज लाईन का कार्य जल्द शुरू किया जाये। दो सालों में हरियाणा के सभी तालाबों को पक्का किया जायेगा। बड़े गांवों में फिरनी पर लाईट लगाई जायेंगी। उन्होंने इस मौके पर सरकार की उज्ज्वला योजना, हर घर नल योजना पर प्रकाश डाला और बताया कि आने वाले समय में गांव से तीन किमी दूर तक आबाद कालोनियों में भी पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जायेगी। विधायक के अनुसार परिवार पहचान पत्र बनने के बाद अब लोगों को पैंशन के लिये दफ्तरों के चक्कर नहीं काटने पड़ते। एक लाख 80 हजार सालाना आय वाले परिवार के सदस्य की मृत्यु या दिव्यांग होने पर आर्थिक सहायता के लिये दीनदयाल उपाध्याय परिवार सुरक्षा योजना शुरू की गई है। आयुष्मान भारत- चिरायु योजना में 3 लाख रुपये वार्षिक आय वाले परिवारों को भी शामिल किया गया है। योजना के तहत 5 लाख रुपये तक का वार्षिक मुक्त इलाज की सुविधा प्रदान की गई। उन्होंने कहा कि गरीबों के लिये प्रधानमंत्री अन्न योजना शुरू की गई है।

## क्षेत्र में चल रहा विशेष सफाई अभियान, प्लान के तहत बढ़ रहा मंजिल की ओर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया**
**नगर निगम** द्वारा चलाया गया विशेष सफाई अभियान अपने प्लान के तहत काम करता हुआ मंजिल की ओर बढ़ रहा है। इसके तहत कचरे के ढेर, सभी प्रकार का मलबा व बागवानी वेस्ट को उठाकर शहर की सघन सफाई की जा रही है, जिसका प्रभाव शहर में दिखाई दे रहा है। अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यकारी अभियंताओं को प्रत्येक जोन का नोडल अधिकारी बनाया गया था। उनके अधीन सम्बंधित जोन इंचार्ज, वार्ड के सहायक व कनिष्ठ्द अभियंता, तमाम सफाई कर्मचारी इस कार्य में लगे हुए हैं। ट्रैक्टर-ट्राली व जेसीबी इत्यादि संसाधनो की मदद भी ली जा रही है। नगर निगम आयुक्त अभिषेक मीणा ने बुधवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री हरियाणा के निदेर्शानुसार शहर में 1 से 7 दिसंबर तक विशेष सफाई अभियान चलाया गया है। इसके लिए सफाई शाखा द्वारा एक प्लान तैयार कर उसे मूर्तरूप दिया जा रहा है। प्लान के तहत सभी वार्ड में वह स्थान (खाली प्लॉट) चिन्हित किए गए, जहां ठोस कचरा, पुराना सी एंड डी वेस्ट व बागवानी कचरा पड़ा था, जो रोजाना की साफ-सफाई में नहीं उठाया जा रहा था। इसके बाद जोन इंचार्ज के अधीन सम्बंधित वार्ड के सुपरवाईजर व दरौगा की ड्यूटी लगाई गई। इसके तहत एक दिन में पूरे वार्ड की साफ-सफाई की जा रही है, अगले दिन दूसरे वार्ड को कवर किया जाता है। वार्ड की मुख्य सडकें, चौक-चौराहे, गोल-चक्कर, पार्क व सैंट्रल वर्ज इत्यादि सभी की सफाई करवाई गई। यह भी सुनिश्चित किया गया कि दोबारा खाली प्लॉटो में या सडक-गली के किनारे कचरा न गिराया जाए। इसके लिए स्वास्थ्य स्वच्छता निरीक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है।

# भविष्य में सर्वाधिक लोकप्रिय एवं मांग वाले कैरियर कोर्स

## संपादकीय

# विश्व में देश का प्रतिनिधित्व करते शिक्षा,संस्कार और विज्ञान का ज्ञान

**वैश्विक** परिदृश्य में किसी भी देश की पहचान और उसका महत्व देश की शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता,संस्कारों में अंतर्निहित ज्ञान और देश की सांस्कृतिक विविधता से ही होती है' इसके पश्चात प्राकृतिक संसाधनों का दोहन एवं विज्ञान, तकनीकी एवं व्यापारिक क्षमता से देश की स्थिति का आकलन होता है।

किसी भी राष्ट्र की आधारशिला उस राष्ट्र की संस्कृति,शिक्षा,संस्कार और ज्ञान की कसौटी ही होते है।शिक्षित नागरिक ही महान राष्ट्र का निर्माण करते हैं, और संस्कृति,संस्कार उसे समुद्ध देश बनाते हैं। राष्ट्र निर्माण में हर नागरिक का महत्वपूर्ण योगदान होता है। आज का नवजात शिशु कल का सफल नागरिक होता है, उसकी शिक्षा-दीक्षा और संस्कार से ही देश की सफलता निर्भर होती है। कक्षा की पिछली सीट पर बैठे किसी आइंस्टीन की तलाश के लिए पारखी की नजरों की आवश्यकता होती है। जिसे नकारा घोषित कर विद्यालय से निकाल दिया जाता है, वही बालक आगे चलकर युग परिवर्तनकारी "सापेक्षता का विशिष्ट सिद्धांत" दे जाता है. न्यूटन के गति के सिद्धांत हमारे जिंदगी को द्रुतगति से आगे की ओर अग्रसर करते हैं। यह ऐसे बालक जो जो आगे चलकर बनी बनाई परंपरा तथा लीक से हटकर चलते हैं, और परंपराओं पर गहरी चोट करते हैं। जो समाज से सुना, उसे सुनकर रह नहीं जाते हैं, और जो समाज में उसने देखा,सिर्फ देख कर नहीं रह जाते हैं, बल्कि देख सुनकर उस पर चिंतन मनन कर नई धारणा तथा सिद्धांतों को प्रतिपादित करते हैं और विश्व को उसकी सौगात भी देते हैं। हमें इन महान बालकों को गरीब बस्तियों से लेकर गली मोहल्ले और शहरों में खोजना चाहिए। बेंजामिन फ्रैंकलीन कि अपनी राय है कि बिना वैचारिक स्वतंत्रता के बुद्धि जैसी कोई चीज हो ही नहीं सकती है। हम वर्तमान में जिस समाज में हैं और जिस समाज से हमने सभ्यता का विकास की शुरूआत की है, उसका जब सूक्ष्म विश्लेषण करते हैं तो यही पाते हैं कि अपनी आजादी के तमाम तामझाम बनाने वाला इंसान दिन प्रतिदिन अपनी की बनाई दुनिया के बोझ तले गुलाम होता जा रहा है। आज हमारी शिक्षा व्यवस्था ऐसी हो गई है, कि बचपना बस्ते के बोझ तले दबता चला जा रहा है। हमारी शिक्षा व्यवस्था को ऐसा होना चाहिए कि बच्चों को किताबी कीड़ा बनाने के बजाय उसकी नैसर्गिक रचनात्मक प्रतिभा को उभार कर जीवन उपयोगी बनाएं। बच्चों का मूल्यांकन सिर्फ इसी आधार पर नहीं होना चाहिए कि उसने कितने अंक प्राप्त किए हैं, बल्कि यह देखा जाना चाहिए कि उसकी रूचि किस क्षेत्र में ज्यादा है, और वह जीवन में इस क्षेत्र में आगे बढ़ कर एक सफल इंसान और समाज के लिए कितना उपयोगी हो सकता है,और वह खेल, साहित्य, संस्कृति, विज्ञान में कितना अपनी शक्ति और क्षमता के हिसाब से क्या प्रदर्शन कर सकता है। माता-पिता तथा अभिभावकों को भी इस बात का विशेष ध्यान रखना चाहिए कि उसे जबरिया डॉक्टर,इंजीनियर, वैज्ञानिक या अधिकारी बनाने की बजाय उसकी रूचि हो को मद्देनजर रखकर उसका कैरियर चुनने की आजादी देने में मदद करनी चाहिए।

---

विजय गर्ग

> "जैसे-जैसे अधिक से अधिक लोग इटरनेट का उपयोग करना शुरू कर रहे हैं, फ्रंट-एंड डेवलपर्स और फुल-स्टैक डेवलपर्स की आवश्यकता बढ़ रही है। कई अलग-अलग क्लाउड कंप्यूटिंग करियर विकल्प। वे इस प्रकार हैं: क्लाउड सिस्टम इंजीनियर बादल प्रशासक क्लाउड नेटवर्क इंजीनियर क्लाउड सलाहकार ये भूमिकाएँ बाजार में उभरी हैं क्योंकि अधिक व्यवसाय अपनी पारंपरिक डेटा-केंद्रित रणनीति से क्लाउड-आधारित सेवाओं पर स्विच कर रहे हैं। दुनिया भर के व्यवसायों द्वारा भारी मात्रा में लेनदेन संबंधी डेटा, लॉग फाइलें, वेब सर्वर डेटा और अन्य ग्राहक-संबंधित डेटा का उत्पादन किया जा रहा है। सोशल नेटवर्किंग वेबसाइटें भी भारी मात्रा में डेटा तैयार करती हैं। कंपनियों को उत्पन्न डेटा का अधिकतम लाभ उठाने और अज्ञात रुझानों का पता लगाने के लिए डेटा विश्लेषकों की आवश्यकता होती है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग में करियर ।"

**अर्थव्यवस्था** पर महामारी के प्रभाव और हुई छँटनी ने हाल ही में हुई अन्य अच्छी चीजों पर ग्रहण लगा दिया है। अधिकांश कंपनियों ने लचीले कामकाजी घंटे पेश किए। संगठनात्मक भाषा में फोकस अब कर्मचारियों के कौशल बढ़ाने और उन्हें फिर से कुशल बनाने पर केंद्रित हो गया है। शैक्षणिक संस्थानों ने भी उद्योग की मांगों को पूरा करने के लिए अनुभवात्मक शिक्षण दृष्टिकोण को तेजी से अपनाया है। तकनीकी समस्या-समाधान कौशल विकसित करने के अलावा, कॉलेज अब इंजीनियरों के लिए प्रभावी संचार कौशल की आवश्यकता की पहचान करते हैं। उन्हें एक टीम में काम करने की क्षमता दिखानी होगी और कार्यस्थल पर चमकने के लिए रचनात्मक सोच का प्रदर्शन करना होगा। तेजी से तकनीकी प्रगति और लगातार विकसित हो रहे नौकरी बाजारों से चिह्नित दुनिया में, "भविष्य-प्रूफ शिक्षा" की अवधारणा एक चर्चा का विषय बन गई है। भविष्य-प्रूफ शिक्षा छात्रों को न केवल उनकी तात्कालिक जरूरतों के लिए बल्कि आगे आने वाली चुनौतियों और अवसरों के लिए भी तैयार करने के बारे में है। यह शिक्षार्थियों को गतिशील और अनिश्चित भविष्य में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक ज्ञान, कौशल और अनुकूलन क्षमता से लैस करता है। उच्च मांग वाले पाठ्यक्रमों के महत्व को समझना भविष्य में सर्वाधिक मांग वाले पाठ्यक्रम उच्च-मांग वाले पाठ्यक्रमों के महत्व को समझना उन विषयों के अध्ययन के मूल्य को पहचानने के बारे में है जिनकी नियोक्ताओं और उद्योगों द्वारा मांग है। ये उच्च-मांग वाले पाठ्यक्रम बेहतर नौकरी के अवसर, करियर स्थिरता और आज के प्रतिस्पर्धी नौकरी बाजार में प्रभावी ढंग से योगदान करने की क्षमता प्रदान करते हैं। सर्वाधिक मांग वाले पाठ्यक्रम - भविष्य के नौकरी बाजार के लिए तैयारी भविष्य के नौकरी बाजार के लिए तैयारी में छात्रों को लगातार विकसित हो रहे कार्य परिदृश्य में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक कौशल, ज्ञान और अनुकूलनशीलता से लैस करना शामिल है। जैसे-जैसे प्रौद्योगिकी और उद्योग आगे बढ़ते हैं, प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए निरंतर सीखने, अनुकूलनशीलता और मांग वाले कौशल पर ध्यान देने की आवश्यकता होती है। वेब डेवलपर फिर से केंद्र में आ गए हैं। सोशल मीडिया और शॉपिंग वेबसाइटों सहित हमारे द्वारा दैनिक आधार पर उपयोग की जाने वाली प्रत्येक



ऑनलाइन सामग्री के पीछे ये समर्पित कर्मचारी हैं। जैसे-जैसे अधिक से अधिक लोग इंटरनेट का उपयोग करना शुरू कर रहे हैं, फ्रंट-एंड डेवलपर्स और फुल-स्टैक डेवलपर्स की आवश्यकता बढ़ रही है। कई अलग-अलग क्लाउड कंप्यूटिंग करियर विकल्प। वे इस प्रकार हैंः क्लाउड सिस्टम इंजीनियर बादल प्रशासक क्लाउड नेटवर्क इंजीनियर क्लाउड सलाहकार ये भूमिकाएँ बाजार में उभरी हैं क्योंकि अधिक व्यवसाय अपनी पारंपरिक डेटा-केंद्रित रणनीति से क्लाउड-आधारित सेवाओं पर स्विच कर रहे हैं। दुनिया भर के व्यवसायों द्वारा भारी मात्रा में लेनदेन संबंधी डेटा, लॉग फाइलें, वेब सर्वर डेटा और अन्य ग्राहक-संबंधित डेटा का उत्पादन किया जा रहा है। सोशल नेटवर्किंग वेबसाइटें भी भारी मात्रा में डेटा तैयार करती हैं। कंपनियों को उत्पन्न डेटा का अधिकतम लाभ उठाने और अज्ञात रुझानों का पता लगाने के लिए डेटा विश्लेषकों की आवश्यकता होती है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग में करियर। मशीन लर्निंग इंजीनियर, डेटा साइंटिस्ट, एनएलपी साइंटिस्ट पहले से ही यहां मौजूद हैं। ब्लॉकचेन-उन्मुख प्रोग्रामिंग बनाने के लिए विशिष्ट उपकरण और दृष्टिकोण ब्लॉक से बाहर हैं। दुनिया को अब अधिक इंजीनियरों, ब्लॉकचेन प्रोजेक्ट मैनेजरों, ब्लॉकचेन डेवलपर्स की आवश्यकता है जो ब्लॉकचेन-आधारित सॉफ़्टवेयर बना सकें। यह एक महत्वपूर्ण प्रवृत्ति है और सॉफ्टवेयर इंजीनियरों पर इसका प्रभाव पड़ता रहेगा। कैरियर मूल्यांकन परीक्षण विभिन्न कंपनियों ने मेटावर्स रियलिटी की व्यापक, त्रि-आयामी विशेषताओं की जांच शुरू कर दी है। इनके लिए कुछ डिजाइन संवेदनशीलता की आवश्यकता होती है। डिजाइनर कौशल सीख रहे हैं और निर्माण कर रहे हैंमेटावर्स की दुनिया एक संपत्ति होगी। आज का जोर एक स्थिर लेकिन सार्थक करियर विकल्प विकसित करने पर है। इस संदर्भ में, इन उच्च-भुगतान वाली नौकरियों के लिए बुनियादी कौशल को मजबूत करने में निवेश करने से उम्मीदवारों को कोई भी उतना पुरस्कार नहीं मिलेगा जितना कि। तेजी से विकसित हो रहे नौकरी बाजार और "भविष्य-प्रूफ शिक्षा" की अवधारणा के लिए कैसे तैयारी करें। यह मांग वाले कौशल, सफलता के लिए रणनीतियों को अपनाने के लाभों की पड़ताल करता है, और उभरते करियर की एक विविध श्रृंखला प्रस्तुत करता है जो स्थायी संभावनाओं का वादा करता है। भविष्य में सर्वाधिक मांग वाले पाठ्यक्रम करने के लाभ भविष्य में सबसे अधिक मांग वाले पाठ्यक्रमों को करने से कई प्रकार के लाभ मिलते हैं, जिनमें शामिल हैंः- उच्च रोजगार क्षमताः ये उच्च-मांग वाले पाठ्यक्रम वर्तमान उद्योग की जरूरतों के अनुरूप हैं, जो स्नातकों को नियोक्ताओं के लिए अत्यधिक वांछनीय बनाते हैं। नौकरी की सुरक्षाः मांग वाले कौशल बेरोजगारी के जोखिम को कम करते हैं, जिससे किसी के करियर में स्थिरता की भावना मिलती है। प्रतिस्पर्धात्मक लाभः इन उच्च-मांग वाले पाठ्यक्रमों के स्नातकों को भविष्य के नौकरी बाजार में बढ़त मिलती है, और अक्सर उच्च वेतन मिलता है। कैरियर विकासः प्राप्त ज्ञान और कौशल से कैरियर में तेजी से प्रगति और बेहतर अवसर प्राप्त हो सकते हैं। अनुकूलनशीलताः उच्च-मांग वाले पाठ्यक्रम अक्सर हस्तांतरणीय कौशल पर ध्यान केंद्रित करते हैं, जिससे भूमिकाओं और उद्योगों के बीच संक्रमण करना आसान हो जाता है। उच्च कमाई की संभावनाः कई उभरते करियर प्रतिस्पर्धी वेतन और वित्तीय सफलता की संभावना प्रदान करते हैं। बडी4स्टडी की ज्ञानवर्धक वेबिनार श्रृंखला के साथ अपनी वित्तीय सहायता क्षमता को उजागर करें। भविष्य में सबसे अधिक मांग वाले पाठ्यक्रम जैसे-जैसे शिक्षा परिदृश्य विकसित हो रहा है, अधिक से अधिक छात्र अपने सीखने और करियर के रास्ते में विविधता लाने का विकल्प चुन रहे हैं। यहां कुछ उभरते हुए करियर हैं जिनकी निकट भविष्य में अधिक मांग होने वाली है:- गेम डिजाइन जिन व्यक्तियों को वीडियो गेम का शौक है, उनके लिए अपने जुनून को एक समृद्ध कैरियर मार्ग में बदलने का अवसर मौजूद है। गेम डिजाइन में डिप्लोमा हासिल करना एक व्यवहार्य विकल्प है। यह क्षेत्र, जबकि कॉलेज की बड़ी कंपनियों के क्षेत्र में अपेक्षाकृत नया है, निरंतर उन्नत होती प्रौद्योगिकी और वीडियो गेम निमार्ताओं की बढ़ती मांग के कारण एक आशाजनक भविष्य रखता है। गेमिंग उद्योग कैरियर के अवसरों की एक श्रृंखला प्रदान करता है, जिसमें वीडियो गेम के लिए एप्लिकेशन विकास से लेकर ग्राफिक्स और कलाकृति के निर्माण तक शामिल हैं। इसके अलावा, कोडिंग, सॉफ्टवेयर विकास और अन्य आईटी और तकनीकी डोमेन में दक्षता गेमिंग के दायरे से परे एप्लिकेशन डिजाइन के लिए मार्ग प्रशस्त कर सकती है। सर्वाधिक मांग वाले पाठ्यक्रम मल्टीमीडिया कलाकार और एनिमेटर सॉफ्टवेयर डेवलपर्स कला निर्देशक ग्राफिक डिजाइनर वेब डेवलपर्स डेटा विज्ञान यूएस ब्यूरो ऑफ लेबर स्टैटिस्टिक्स के अनुसार, डेटा साइंस में विशेषज्ञता की मांग से 2026 तक नौकरी में 27.9 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है। डेटा साइंस करियर को "भविष्य की शीर्ष नौकरियों" की सूची में प्रमुखता से दिखाया गया है। इस क्षेत्र में प्रवेश करने के इच्छुक व्यक्ति आमतौर पर कंप्यूटर, गणित और डेटा विश्लेषण के प्रति एक मजबूत जुनून प्रदर्शित करते हैं। डेटा विज्ञान का अनुप्रयोग लगभग हर उद्योग में व्यापक है, जिसका उपयोग व्यापक डेटासेट का विश्लेषण करने, व्यवसाय संचालन को बढ़ाने और बेहतर ग्राहक सेवा प्रदान करने के लिए किया जाता है। हालांकि आने वाले वर्षों में डेटा संग्रह की प्रक्रिया तेजी से स्वचालित हो सकती है, ऐसे पेशेवरों की आवश्यकता बनी रहेगी जिनके पास डेटा-संचालित समाधानों को लागू करने की समझ, विवेक और क्षमता हो।

---

## कविता

इन्तिकाम जर्बत का इस तरह लिया जाए
ज़ख़्म देने वाले के हक में कई दुआ जाए
जब यहाँ पे हर कोई गूंगा भी है बहरा भी
किस से क्या कहा जाए किस से क्या सुना जाए
भाई भाई का दुश्मन बेटा बाप का दुश्मन
बोलो ऐसे आलम में किस तरह जिया जाए
दर्द नाक कितना है ये जहाने - तन्हाई
आओ अपनी यादों की भीड़ में चला जाए
जब खिजाँ नवाजी ही अपना मशगला ठहरा
इन्तिजारे - फस्ले - गुल किस लिए किया जाए
कोई हद भी होती है जश्ने - खुद फरेबी की
वो हँसी हँसूँ कब तक जो हँसी रुला जाए
ला जवाल लम्हों की आरजू है तो आओ
हक पे ही जिया जाए हक पे ही मरा जाए
देखें कैसे आती है फिर ये शामे - मायूसी
लाओ आज सूरज को कैद कर लिया जाए
चहरों को परखना तो सह्ल है "जकी" लेकिन
दोस्तों के जह्नों को किस तरह पढ़ा जाए

जकी तारिक बाराबंकवी

---

## सत्ता के लिए शक्ति प्रदर्शन में जुटी वसुंधरा

रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान विधानसभा के चुनाव में भाजपा को 115 सीटों का पूर्ण बहुमत मिलने के बाद वहां अब मुख्यमंत्री पद को लेकर जोर आजमाईस शुरू हो गई है। राजस्थान का अगला मुख्यमंत्री कौन होगा इसको लेकर दिल्ली में बैठकों का दौर जारी है। वही पार्टी नेता मुख्यमंत्री पद के लिए अपनी-अपनी लाबिंग में जुटे हुए हैं। मुख्यमंत्री कौन बनेगा इसका फैसला तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ही करेंगे। लेकिन राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया भी मुख्यमंत्री पद की रेस में अपनी दावेदारी मजबूती से जता रही है। चुनावी नतीजे घोषित होने के बाद वसुंधरा राजे ना तो स्वयं दिल्ली गई ना ही उन्हें दिल्ली से किसी बड़े नेता ने बुलाकर चर्चा की। वसुंधरा राजे सिंधिया जयपुर स्थित अपने आवास पर भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों से मिलकर उनका समर्थन जुटा रही है। चर्चा है कि वसुंधरा राजे से अब तक करीबन 30 विधायकों की चर्चा मुलाकात हो चुकी है। वैर से विधायक बने बहादुर सिंह कोली व नसीराबाद से चुनाव जीते रामस्वरूप लांबा ने खुलकर वसुंधरा राज्य को मुख्यमंत्री बनाने की मांग की है। मालवीय नगर से विधायक कालीचरण सर्राफ भी वसुंधरा की पैरवी करते नजर आ रहे हैं। डीडवाना से निर्दलीय चुनाव जीते यूनुस खान जिनका भाजपा ने इस बार टिकट काट दिया था। उसके बाद भी वह निर्दलीय चुनाव जीतने में सफल रहे। वह वसुंधरा राजे को मुख्यमंत्री बनाने के लिए पूरी लाबिंग में लगे हुए हैं। लोगों का कहना है कि वसुंधरा समर्थक होने के चलते ही यूनुस खान का टिकट काटा गया था और अब वह फिर से वसुंधरा राज्य को मुख्यमंत्री बनवाकर अपनी धमक दिखाना चाहते हैं। यूनुस खान वसुंधरा राजे की दोनों बार की सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं। 2013 से 18 के वसुंधरा राजे के मुख्यमंत्री के कार्यकाल में यूनुस खान, कालीचरण सर्राफ, अशोक परनामी, राजपाल सिंह शेखावत, प्रताप सिंह सिंघवी जैसे लोगों की एक चौकड़ी बनी हुई थी। जो वसुंधरा राजे को हर वक्त घेरे रहती थी। इसी चौकड़ी के कारण वसुंधरा राजे आमजन से कट गई थी। स्थिति यहां तक आ गई थी कि उस दौरान कई वरिष्ठ विधायकों की लगातार प्रयास के उपरांत भी महीनों तक वसुंधरा राजे से मुलाकात नहीं हो पाती थी। वसुंधरा राजे के सिपाहसालारों के मनमाने फैसलों के चलते ही 2018 में भाजपा को करारी हार झेलनी पड़ी थी। उसके बाद से ही वसुंधरा राजे भाजपा में साइड लाइन कर दी गई थी। अब वसुंधरा राजे का पूरा प्रयास है कि कैसे भी करके विधायकों का समर्थन प्राप्त कर तीसरी बार प्रदेश का मुख्यमंत्री बना जाए। यदि इस बार वसुंधरा राजे मुख्यमंत्री बनने से चूक जाती है तो फिर उन्हें राजनीति के बियाबान में जाने से कोई नहीं रोक सकेगा। जयपुर में वसुंधरा राजे द्वारा भाजपा विधायकों से फेस टू फेस बातचीत करने के घटनाक्रम पर भाजपा आलाकमान पूरी नजर रखे हुए हैं। मुख्यमंत्री पद की रेस में शामिल अन्य कई नेताओं का मानना है कि पार्टी के विधायक पार्टी के किसी भी नेता से मिलने के लिए स्वतंत्र हैं।

---

## विचार

## शीत लहरी में समस्या बनते 'धुआं,धुंध और धूल'

निर्मल रानी

साधन संपन्न लोगों के लिये बेशक सर्दी का मौसम प्रकृति प्रदत्त एक अनमोल सौगात है। क्योंकि वे अपनी सुविधानुसार गर्म कपड़ों, मंहगे कंबल रजाई,घरों में तापमान गर्म रखने के लिये विभिन्न प्रकार के ब्लोअर ,हीटर आदि यहाँ तक कि अपनी गाड़ियों में भी गर्म हवा की सारी व्यवस्था कर पाने की आर्थिक सामर्थ्य रखते हैं। परन्तु ठीक इसके विपरीत मंहगाई के इस दौर में जबकि इंसान का दो वक़्त की रोटी का प्रबंध कर पाना भी मुश्किल हो रहा हो,ऐसे में कोई भी गरीब आदमी सर्दियों से बचने के लिये इस तरह की सुविधाओं की बात सोच भी नहीं सकता। परन्तु वह गरीब व्यक्ति या उसका परिवार भी शीत लहरी के प्रकोप से स्वयं को बचाने के उपाय जरूर ढूंढता है। और किसी गरीब या बेघर व्यक्ति के लिये सर्दियों से बचने का सबसे सुगम सस्ता व उपलब्ध साधन होती है 'आग'। अक्सर देखा गया है कि शीतलहरी का प्रकोप बढ़ने पर ठण्ड से अधिक प्रभावित होने वाली विभिन्न राज्य सरकारें ऐसे गरीबों व बेघर लोगों की सुविधा के लिये सार्वजनिक स्थलों पर अलाव जलाने का भी प्रबंध करती हैं। परन्तु सही मायने में भारत जैसे विशाल देश में खास कर उत्तर भारत के शीत लहरी प्रभावित घनी आबादी वाले राज्यों में हर गरीब व बेघर तक न तो सरकार के 'अलाव ' की आंच पहुँचती है न ही सरकार द्वारा अलाव जलाने हेतु आवंटित पूरी धनराशि लकड़ियां खरीदने पर खर्च की जाती होंगी। इसी ठण्ड से बचने के लिये जब गरीबों,भिखारियों व बेघर लोगों को कुछ नहीं सूझता तो वे जगह जगह झुण्ड के रूप में इकट्ठे होकर स्वयं आग जलाने की व्यवस्था करते हैं। परन्तु इनके द्वारा जलाई गयी आग में अधिकांशतः पॉलीथिन,प्लास्टिक,पाऊच,दूध की खाली थैलियां यहाँ तक कि रबड़,टायर ट्यूब और पानी व कोल्ड ड्रिंक की बोतलें जैसी जहरीला धुआं छोड़ने वाली वस्तुयें जलाई जाती हैं। इसके दुष्प्रभाव से अनजान इस वर्ग को इस बात का ज्ञान ही नहीं कि उनके द्वारा जलाई गयी सामग्री से उठने वाला जानलेवा धुआं न केवल उनके अपने लिये धीमा जहर का काम कर रहा है बल्कि यह आस पास के पूरे वातावरण को भी प्रदूषित कर रहा है और दूसरे तमाम राहगीरों या उस क्षेत्र के निवासियों के स्वास्थ के लिये भी समस्या खड़ी कर रहा है। यह स्थिति उन दिनों में और भी ज्यादा भयावह हो जाती है जब सर्दियों के दिन और रातें घने कोहरे और धुंध की चादरों में लिपटी होती हैं। इस मौसम में प्रायः हवा भी नहीं चलती और उसी धुंध में यह जहरीला धुआं मिलकर वातावरण को इतना दुर्गन्धयुक्त,जहरीला व प्रदूषित बना देता है कि आम लोगों का सांस लेना भी मुश्किल हो जाता है। दमा,अस्थमा,सांस व कफ खांसी के मरीजों का तो इस वातावरण से गुजारना ही गोया मौत को दावत देने के सामान है। जहरीले धुयें के दुष्प्रभाव से केवल गरीब अनपढ़ या भिखारी बेघर वर्ग ही अनभिज्ञ नहीं बल्कि अक्सर यह भी देखा गया है कि स्थानीय नगर पालिकाओं के सफाई कर्मचारी भी झाड़ू से कूड़ा इकठ्ठा कर जगह जगह उसकी ढेरियां बना कर खुद ही अपने हाथों से उसमें आग लगा देते हैं। उस कूड़े के ढेर में भी अधिकांशतः प्लास्टिक,पॉलीथिन,पन्नी व रबड़ आदि ही रहता है जोकि जहरीला धुआं छोड़ता है। मजे की बात तो यह है कि एक बेघर या गरीब व्यक्ति तो केवल सर्दियों में अपने को शीतलहरी से बचाने के लिये प्लास्टिक,रबड़ आदि जलाता है परन्तु सफाई कर्मचारी और कबाड़ का काम करने वाले वे लोग जो रबड़ की तारों को जलाकर उसमें से तांबे के तार निकालते हैं,वे तो वर्ष भर अपने इसी 'प्रदूषण फैलाओ अभियान ' में लगे रहते हैं ? और प्रशासन व सरकारें मूक दर्शक बनकर आजाद देश के इन आजाद नागरिकों की करतूतों को देखती व नजरअंदाज करती रहती हैं । और जब इसी धुंध और धुएं में धूल भी शामिल हो जाये फिर तो सरकारें और डॉक्टर्स सभी यही सलाह देने लगते हैं कि अनावश्यक रूप से घरों से बाहर न निकलें। ऐसे ही अत्यंत प्रदूषित व स्वास्थ के लिये खतरनाक वातावरण में सरकारें स्कूलों में छुट्टियां घोषित कर देती हैं। निर्माण कार्य बंद कर दिए जाते हैं। रेत, मिट्टी, बजरी आदि गृह निर्माण की ऐसे सामग्री जिसके आवागमन से मार्ग में प्रदूषण फैलता हो उन्हें प्रतिबंधित कर दिया जाता है।

---


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआईः HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

**स्थानीय संपादकः राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज**
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


---

## चिंतन

## ठंडी के दिन और नहाने की झिकझिक

**ठंड शिविर** चल रहा है। बिन नहाए गिनिज बुक में कीर्तिमान स्थापित करने वाले स्नानाचार्य लोटासागर जी स्नान न करने के फायदे पर प्रवचन दे रहे हैं। अपने मुँह का ताला खोलते हुए बोले ह्न ठंडी के दिन और ठंडी की बातें गर्मी नहीं दे सकते। इसके लिए कुछ गरमागरम बोलना पड़ता है। तू-तड़ाक करने से गर्मी पैदा होती है। हो सको तो किसी से दो-चार बातें सुन लो या फिर गाल पर तमाचे वाली लाली ही सजा लो। वैसे भी कबीरदास कह गए हैं कि ह्ननहाये धोये क्या हुआ, जो मन का मैल न जाए ; मीन सदा जल में रहे, धोये बास न जाएह्व। अर्थात स्नान निरर्थक है, असल बात मन का मैल है। मन का मैल धोने के लिए किसी से बात करनी पड़ती है। यही नहीं, कुछ ने तो यहाँ तक कहा है कि ह्नबच्चू बाबू एम.ए. करके सात साल झख मारे, इससे अच्छा होता, रजाई ओढ़ सो जातेह्व। इसे संवाद-स्नान कहते हैं, प्रवचन-स्नान कहते हैं। घर में अगर लड़ने झगड़ने वाली गृहणी हो तो सदा चलने वाला कुम्भ स्नान है।

ठंडी के दिनों में लोग नहाने को पाप समझते हैं। पानी से छत्तीस का आंकड़ा होता हैं। न नहाना भी एक बहादुरी का काम है। उन लोगों के लिए भी है जिन्हें अपने लिए नहीं दूसरों के लिए नहाना पड़ जाता है। हालाँकि देश में स्वच्छता अभियान चल रहा है और एक अच्छे नागरिक का फर्ज है कि वह इस अभियान में योगदान दे इसलिए ये उनके लिए भी है जिन्हें देश के लिए जबरन नहाना पड़ता है। कुछ अर्थव्यवस्था के जानकर हैं, वे साबुन-तेल उद्योग को बल देने ले लिए नहाते हैं। ज्यादातर ऐसे हैं जिन्हें पूजा करना पड़ती है, वे भगवान के लिए नहाते हैं, सोचते हैं नहाये धोये अगरबत्ती लगायेंगे तो बदले में प्रभु पिछले पाप धो देंगे। यहाँ नहाने का किसी न किसी मतलब से जुड़ाव होता है। सब किसी न किसी मजबूरी में नहाते हैं, कोई अपने शरीर के लिए नहीं नहाता है। क्यों नहाएं भई !? अपन हैं कौन ? जानते हो, ठण्ड में शरीर की वजह से आत्मा को कष्ट देना सुपर से ऊपर का पाप है। ये भगवान की ही व्यवस्था है कि कोई कितना ही गन्दा क्यों न हो उसे खुद अपनी बास नहीं आती है।

---

## कांग्रेस की तंगदिली से बिखरने लगा इंडिया गठबंधन

आशीष वशिष्ठ

**पांच** राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे आ चुके हैं। देशभर फिलवक्त चर्चा हिंदी पट्टी के तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की जीत की है। बीजेपी मध्य प्रदेश में सरकार बचाने में सफल रही और पड़ोसी राज्य छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को हराकर बीजेपी सत्ता में लौट आई है। वहीं राजस्थान में हर चुनाव में सरकार बदलने का रिवाज बदलना चाह रही कांग्रेस नाकामी हाथ लगी है. उसे सिर्फ दक्षिण भारत के राज्य तेलंगाना में ही सफलता मिली है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में बीजेपी की प्रचंड जीत ने चुनावी पंडितों को हैरान कर दिया है, वहीं तेलंगाना और मिजरोम में बीजेपी के बढ़ते जनाधार ने इंडी गठबंधन में खलबली मचा दी है। कांग्रेस के लचर और निराशाजनक प्रदर्शन का असर इंडी गठबंधन की एकजुटता पर भी दिखाई देने लगा है। सवाल उठ रहे हैं कि इन नतीजों का इस गठबंधन और इसके भविष्य पर क्या असर पड़ेगा। ऐसा इसलिए भी, क्योंकि नतीजों के बाद इंडिया के घटक दलों ने कांग्रेस के रवैए पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 6 दिसंबर को इंडी गठबंधन की बैठक बुलाई थी। लेकिन बैठक से ठीक एक दिन पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरने, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने बैठक में शामिल होने से इनकार कर दिया। कांग्रेस की तरफ से सफाई दी गई है कि बारिश की वजह से चेन्नई एयरपोर्ट बंद है, ऐसे में स्टालिन भी शामिल नहीं हो पा रहे हैं। वहीं नीतीश कुमार की तबीयत ठीक नहीं हैं, जबकि ममता बनर्जी कार्यक्रम में व्यस्त है। गठबंधन के कई सहयोगियों के इनकार के बाद इंडी गठबंधन की बैठक को टालना पड़ गया है। अब कांग्रेस के सामने अपने कुनबे को बचाये रखने की चुनौती है। कांग्रेस के निराशाजनक प्रदर्शन से इंडी गठबंधन के घटक दलों को प्रेशर पॉलिटिक्स करने का मौका मिल गया। इंडी गठबंधन में शामिल दल अब कांग्रेस को गठबंधन धर्म पालन नहीं करने की याद दिला रहे है। साथ ही बता रहे हैं कि गठबंधन न करने का खामियाजा कांग्रेस को भुगतना पड़ा है।

## न्यूज फ्लैश

### डॉ नवीन नैन भालसी को बनाया गया युवा इनेलो प्रधान महासचिव हरियाणा

पानीपत/कमाल हुसैन

**पत्रकारों से** बातचीत करते हुए डॉ नवीन नैन भालसी ने पार्टी हाईकमान का धन्यवाद किया और पार्टी हाईकमान को विश्वास दिलाया कि बड़े स्तर पर युवाओं को ताऊ देवीलाल की नीतियों के अनुसार पार्टी से जोड़ने का काम करेंगे। इस दौरान डॉ नवीन नैन भालसी ने बताया कि 2018 मे पहली बार इनेलो पार्टी ने युवा ज़िला अध्यक्ष बनाया और 2022 तक लगातार 4 बार पानीपत जिले का युवा अध्यक्ष के तौर पर पार्टी में काम किया। सन् 2015 में ऑल इंडिया शहीद भगत सिंह ब्रिगेड में हरियाणा नॉर्थ जॉन प्रभारी के तौर पर ज़िम्मेदारी के साथ शहीदे-आजम भगत सिंह के पौत्र यादविन्दर सिंह सन्धू के साथ हरियाणा प्रदेश में काम किया। सन् 2022 में अंतरराष्ट्रीय जाट संसद में प्रतिनिधि हरियाणा के तौर पर ज़िम्मेदारी सौंपी गई,जिसके तहत राजस्थान में जयपुर,कर्नाटक में बैंगलोर,गुजरात में अहमदाबाद,हरियाणा में चण्डीगढ़,सात समुंदर पार ऑस्ट्रेलिया की धरती में मेलबर्न व उत्तर प्रदेश में मेरठ आदि अंतरराष्ट्रीय जाट संसद के तहत हुए प्रोग्रामों में अहम भूमिका निभा कर ज़िम्मेदारी निभाने का काम किया,फिर 2023 में अंतरराष्ट्रीय जाट संसद में प्रदेश संयोजक हरियाणा के पद पर ज़िम्मेदारी दी गई। सन् 2023 में अंतरराष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद में प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर ज़िम्मेदारी सौंपी गई जिसके तहत गुरुग्राम के सेक्टर-37 में भगवत कथा कराने में अहम भूमिका निभाई व हरियाणा के सभी मंदिरों को डिजिटल रूप में मंदिरों का संगठित करने के लिए प्रयासरत हैं। सन् 2023 के दिसंबर में अब इनेलो हाईकमान ने प्रदेश महासचिव हरियाणा के तौर पर बड़ी ज़िम्मेदारी सौंपी गई जिसके तहत समस्त हरियाणा प्रदेश के युवाओं ताऊ देवीलाल की नीतियों के अनुसार जोड़ने के लिए प्रयासरत हैं।

### गांव बड़ी की राजस्व संपदा में 2 एकड़ पर विकसित की जा रही अवैध कालोनियों को किया गया ध्वस्त

गन्नौर । टीम एक्शन इंडिया



**जिला** नगर योजनाकार की टीम ने बुधवार को गांव बड़ी की राजस्व संपदा में सुरक्षा इंक्लेव के साथ लगती 2 एकड़ में विकसित की जा रही अवैध कालोनी में जेसीबी की मदद से 12 डीपीसी तथा चार कच्चे रास्तों को ध्वस्त किया गया। (डीटीपी) नरेश कुमार ने कहा कि उपायुक्त डॉ० मनोज कुमार के निर्देशन में जिला में विकसित हो रही अवैध कालोनियों तथा अवैध निर्माण को शुरूआत में ही ध्वस्त करने के लिए प्रशासन द्वारा अभियान चलाया गया है। विभाग की टीम ने अभियान के दौरान 2 एकड़ में विकसित की जा रही अवैध कालोनी में 12 डीपीसी तथा चार कच्चे रास्तों को ध्वस्त किया गया।

**भूमाफियाओं के बहकावे में आकर प्लॉट ना खरीदें : कुमार** जिला नगर योजनाकार नरेश कुमार ने आमजनता से अपील करते हुए कहा कि अवैध कॉलोनियों में भूमाफियाओं के बहकावे में आकर प्लॉट ना खरीदें व अपनी मेहनत की कमाई को बर्बाद ना होने दें क्योंकि अवैध कालोनी में सरकार द्वारा किसी भी प्रकार की सुविधा नहीं दी जाती। इसके अलावा प्लॉट लेने से पहले यह जरूर जांच ले कि कॉलोनी निर्माण करने के लिए सरकार द्वारा अनुमति ली गई है या नहीं।

**किसी भी अवैध कालोनी का निर्माण नहीं करने दिया जाएगा : नगर योजनाकार:** जिला नगर योजनाकार ने बताया कि जिला में किसी भी अवैध कालोनी का निर्माण नहीं करने दिया जाएगा। विभाग द्वारा जिला के सभी क्षेत्रों में नजर रखी जा रही है अगर कोई भी व्यक्ति इस प्रकार की अवैध कालोनी विकसित करता है तो उसके खिलाफ शहरी क्षेत्र व नियंत्रित क्षेत्र अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### डीजे सिस्टम और लाउडस्पीकरों पर तेज संगीत बजाने व रात्रि 10 बजे के बाद बजाने पर धारा 144 लागू

टीम एक्शन इंडिया / नारनौल

**जिलाधीश** मोनिका गुप्ता (आईएएस) ने समारोह व अन्य विभिन्न कार्यक्रमों के दौरान सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के अनुसार निर्धारित सीमा से अधिक आवाज में डीजे सिस्टम और लाउडस्पीकरों पर तेज संगीत बजाने व रात्रि 10 बजे के बाद डीजे सिस्टम तथा ट्रैक्टर आदि पर लगे लाउडस्पीकर बजाने पर धारा 144 लागू कर पाबंदी लगाई है।

जिलाधीश ने आदेशों में स्पष्ट किया है कि विभिन्न आयोजनों या समारोहों के दौरान डीजे सिस्टम और लाउडस्पीकरों पर तेज संगीत बजाने से क्षेत्र के निवासियों को बाधा उत्पन्न होती है। इससे बच्चे, बूढ़े, गर्भवती महिलाओं और पशुओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इससे लोगों के बीच विवाद होने की भी आशंका रहती है। आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता 1860 की धारा 188 के तहत सख्ती से निपटा जाएगा। पुलिस अधीक्षक इन आदेशों की पालना सुनिश्चित करवाएंगे।

### बाबा साहब के परिनिर्वाण दिवस पर जरूरतमंद छात्रों को वितरित किए स्वेटर

टीम एक्शन इंडिया/ महेन्द्रगढ़

**भांडोर** ऊंची स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य ज्ञानीराम ने जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्वेटर वितरित किए । मंच संचालन वेदप्रकाश शास्त्री ने किया । मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मन लगाकर पढ़ाई कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया । उन्होंने बाबा साहेब की जीवनी और सविधान की महत्ता पर प्रकाश डाला । कार्यकारी प्राचार्य सुभाषचंद ने आए हुए अतिथि का आभार प्रकट किया तथा सभी विद्यार्थियों को आगामी परीक्षा की विशेष तैयारी के लिए मार्गदर्शन किया । इस अवसर पर समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित था।

# गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में सतनाली बंद

## लोगों में रोष, अलर्ट रही पुलिस, घटना की जांच स्पेशल एजेंसी से करवाने की मांग, प्रधानमंत्री व गृहमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल । राष्ट्रीय** राजपूत करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में सतनाली सहित क्षेत्र में लोगों ने जमकर रोष प्रकट किया। घटना के विरोध में सभी व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रखे गए। वहीं गुस्साए लोगों ने सड़कों पर उतर कर नारेबाजी की और हत्यारों को कड़ी सजा देने की मांग की। रोष प्रकट कर रहे लोगों ने बताया कि करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की जिस प्रकार जयपुर में उनके ही घर में निर्मम हत्या की गई है, उससे क्षत्रिय समाज में भारी आक्रोश है। उन्होंने हत्यारों को जल्द गिरफ्तार न करने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी। सतनाली सहित क्षेत्र के लोगों ने उपतहसील कार्यालय सतनाली में एकत्रित होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह के नाम ज्ञापन सौंपा और सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के हत्यारों की



जांच स्पेशल एजेंसी से करवाने व हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा देने की मांग की।

घटना के विरोध में रोष, बंद रहे बाजार

सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या की सूचना मिलने पर मंगलवार सांय आक्रोशित लोगों ने गांव जवाहरनगर में रोष जताया था,

जिन्हें पुलिस ने समझाकर शांत किया था। वहीं दूसरे दिन आज क्षेत्र में रोष देखा गया। अनहोनी से बचने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा।

कस्बे सहित क्षेत्र में विभिन्न जगहों पर पुलिस बल तैनात रहा , वहीं पुलिस की गश्त भी लगातार जारी रही। कस्बे में दोपहर तक तो बाजार भी पूर्ण रूप से बंद रहे।

**गांव श्यामपुरा में भी जताया रोष, सौंपा ज्ञापनः** सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की जयपुर में हत्या के विरोध में गांव श्यामपुरा में भी लोगों ने रोष जताया।

उन्होंने कहा कि सुखदेव सिंह गोगामेड़ी द्वारा प्रशासन से अपनी सुरक्षा देने की मांग करने के बावजूद भी प्रशासन द्वारा उन्हें सुरक्षा उपलब्ध नही करवाई गई।

इस दौरान उन्होंने जिला उपायुक्त के नाम एक ज्ञापन सौंपकर

मामले की जांच सीबीआई से करवाने व हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर उन्हें फांसी की सजा देने की मांग की। मौके पर पहुंची सतनाली पुलिस ने रोष जता रहे लोगों को समझाया और शांत किया।

## सरकार ने हर वर्ग को लाभ देने के लिए योजनाएं की तैयार : रविंद्र भाटिया

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**निगम** पार्षद एवम भाजपा के जिला महामंत्री रविंद्र भाटिया ने बुधवार को गांव बेगमपुर ताहरपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद में बतौर मुख्यातिथि बोलते हुए कहा कि संकल्प विकसित यात्रा के तहत पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही इसका मुख्य उद्देश्य है। यात्रा के तहत सरकारी अधिकारी व कर्मचारी द्वारा स्टॉल लगाकर लोगों की समस्या का हल करने का प्रयास किया जाता है। अगर किसी कारण से कोई काम नहीं हो सकता, उसकी जानकारी भी लोगों को दी जाती है। उन्होंने कहा कि अगर देश व प्रदेश में विकास हुआ है तो वह देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हुआ है। सरकार की योजनाओं को जन -जन तक पहुंचाने के लिए रविंद्र भाटिया ने योजनाओं के बारे ने बारीकी से वर्णन किया।

इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाले बच्चों को पार्षद एवम भाजपा के जिला महामंत्री रविंद्र भाटिया ने सम्मानित किया। इस अवसर पर जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी विवेक चौधरी, बीडीपीओ शक्ति सिंह इत्यादि भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम मेरी कहानी मेरी जुबानी के तहत विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने अनुभव भी सांझा किए।

## पानीपतः 'पृथ्वी, प्रकृति, ऋषि और कृषि की उपासना की जाती है'

**पानीपत/कमाल हुसैन**

**ज़िला के** गाँव कुराड़ के टैगोर पब्लिक स्कूल में सविधान निमार्ता भारत रतन डॉ भीम राव अम्बेडकर की पुण्यतिथि व विशव मिट्टी दिवस मनाया गया, इस अवसर पर एक भाषण व गीत प्रतियोगिता करवाई गई और मुख्य अतिथि ने विजेता छात्रों को सम्मानित भी किया। समारोह के मुख्य अतिथि वीजेंद्र सनौली रहे विशिष्ठ अतिथि उप प्रधान कुलदीप देशवाल रहे । प्राचार्य सुशील देशवाल ने सभी का स्वागत किया और उप प्राचार्या नीलम आर्या ने सभी का आभार व्यक्त किया । कार्यक्रम का शुभारंभ गायत्री मंत्र से और समापन शांति पाठ के साथ हुआ । मुख्य अतिथि समाज



सेवी वीजेंद्र सनौली ने कहा कि भारत एक कृषि प्रधान देश है जो विश्व के अनेक देशों को खाद्य पदार्थ निर्यात करता है यही नहीं प्राचीन काल से ही पृथ्वी प्रकृति ऋषि और कृषि की उपासना की जाती रही है यह कृषि प्रधान देश है यहां उपजाऊ भूमि का विशेष महत्व रहा है लेकिन भौतिक सुखों की बढ़ती रालसा और अधिक उत्पादन के चक्कर में किसानों ने लगभग 70 वर्षों में उपजाऊ भूमि में रासायनिक खादों और कीटनाशकों का अंधाधुंध प्रयोग किया जिस भूमि के किसान मित्र जीवाणु की संख्या तेजी से घटी है और उपजाऊ भूमि भी बंजरता की ओर तेजी से बढ़ रही है ऐसे समय में वेदों के बताए मार्ग पर चलते हुए गौ आधारित प्राकृतिक खेती करना सबसे बड़ी मांग बन गई है उन्हें खुशी है कि इस समय भारत की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने प्राकृतिक खेती को विश्व स्तर पर स्थापित करने का बीड़ा उठाया है ' उप प्रधान ओम दत्त आर्य ने कहा कि प्रकृति प्रेमी और मानव अधिकारों की रक्षा के पुरोधा पूर्व राष्ट्रपति भारत रत्न नेल्सन

मंडेला की पुण्यतिथि भी आज सारा विश्व मना रहा है उन्होंने विश्व से रंगभेद की नीतियों को समाप्त करने के लिए अपने जीवन का अधिकतर समय जेल में बिताया जिससे अफ्रीका ही नहीं सारे विश्व से रंगभेद की नीतियों को समाप्त करने में विशेष सहयोग मिला ।

## यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम में विधायक ने ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

**गन्नौर/टीम एक्शन इंडिया**

**विधायक निर्मल** चौधरी ने बुधवार को गांव खुबडू में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संकल्प यात्रा का गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने स्वागत किया। इस दौरान विधायक ने ग्रामीणों से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया, साथ ही उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान विधायक ने उपस्थित लोगों को हमरा संकल्प-विकसित भारत की शपथ भी दिलाई। विधायक ने



कहा कि संकल्प यात्रा के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ लेने से वंचित रह गए लोगों को योजनाओं से जोड़कर लाभान्वित किया जा रहा है। भाजपा सरकार का ध्येय सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व वंचित व्यक्ति तक पहुंचाना है। विधायक निर्मल चौघरी ने इस दौरान विभिन्न विभागों की ओर से लगाई गई स्टॉल का अवलोकन भी किया। वहीं गांव नया बांस में नगरपालिका के चेयरमैन अरूण त्यागी ने संकल्प यात्रा कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि भाजपा सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय और गरीब कल्याण के स्वप्न को साकार करने के लिए सरकार संकल्पबद्ध है। इस दौरान चेयरमैन ने उज्जवला योजना के तहत महिलाओं को गैस चूल्हे और सिलेंडर वितरित किए। इस मौके पर बीडीपीओ पूनम चंदा, मार्केट कमेटी गन्नौर के पूर्व चेयरमैन रामकुमार धनखड़, गांव नया बांस के सरपंच प्रदीप व खुबडू के सरपंच प्रवीण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

## 18 दिसंबर से प्रारंभ होंगी डीसीआरयूएसटी की परीक्षाएं



**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**

**दीनबंधु छोटू** राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,मुरथल की परीक्षाएं 18 दिसंबर से प्रारंभ होंगी। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय द्वारा 25 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। विश्वविद्यालय दो सत्रों में परीक्षाओं का आयोजन करेगा। कुलपति प्रो.श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि मानव जीवन में परीक्षा देने का अवसर अवश्य आता है, लेकिन वह परीक्षा में कितना सफल होगा। यह परीक्षा देने वाले की प्रतिभा व परिश्रम पर निर्भर करता है। परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों को यह पता लग पाएगा कि वे किस विषय में और अधिक परिश्रम करें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को कक्षा में पढ़ाए गए पाठ्यक्रम का निरंतर अभ्यास करना चाहिए,ताकि वे परीक्षा में शानदार प्रदर्शन कर सकें। कुलपति प्रो. सिंह ने विश्वविद्यालय के परीक्षार्थियों को शुभकामनाएं दी । परीक्षा नियंत्रक डा.एम.एस.धनखड़ ने कहा कि विश्वविद्यालय की परीक्षाएं 18 दिसंबर से प्रारंभ हो जाएंगी। विश्वविद्यालय की परीक्षा शाखा बीटेक,एमटेक,बीबीए,बीसीए,एमबीए,एमसीए, एम प्लान, एमएचए,एमएससी व बीएससी का आयोजन किया जाएगा। 18 दिसंबर से प्रारंभ होने वाली परीक्षाओं में बीटेक व बीआर्क प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाओं को शामिल नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं के सफल आयोजन के लिए विश्वविद्यालय ने 25 परीक्षा केंद्र बनाए हैं। जिनमें से 14 परीक्षा केंद्र विश्वविद्यालय के अंदर हैं, जबकि 11 परीक्षा केंद्र संबंधित महाविद्यालयों में बनाए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डा. धनखड़ ने कहा कि परीक्षाओं का आयोजन दो सत्रों में किया जाएगा। परीक्षा का प्रथम स्तर प्रातः: 9:30 से 12:30 तक होगा,जबकि द्वितीय स्तर दोपहर बाद 2:00 से 5:00 बजे तक परीक्षाओं का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं के सफल आयोजन के लिए केंद्र अधीक्षक विश्वविद्यालय से लगाए जाएगें।

## संत गुरु रविदास सेवा समिति ने डॉ. अंबेडकर को अर्पित की श्रद्धांजलि

**गन्नौर। टीम एक्शन इंडिया**

**नगर पालिका** रोड स्थित संत गुरु रविदास मंदिर में संत गुरु रविदास सेवा समिति द्वारा बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर प्रधान दयानंद अहलावत ने संबोधित करते हुए कहा

बचपन से ही उन्हें आर्थिक और सामाजिक भेदभाव का सामना करना पड़ा। विषम परिस्थितियों के बाद भी अंबेडकर ने अपनी पढ़ाई पूरी की। ये उनकी काबलियत और मेहनत का ही परिणाम है कि अंबेडकर ने 32 डिग्री हासिल की।



विदेश से डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त की। इसके बाद भारत में दलित समाज के उत्थान के लिए काम करना शुरू किया। संविधान सभा के अध्यक्ष बने और आजादी के बाद भारत के संविधान के निर्माण में अभूतपूर्व योगदान दिया। जीवन के हर पड़ाव पर संघर्षों को पार करते हुए उनकी सफलता हर किसी के लिए प्रेरणा है। इस अवसर पर प्रधान दयानंद अहलावत जी द्वारा बच्चों को डॉ भीमराव अंबेडकर जी के पद चिन्हों पर चलने के लिए प्रेरित किया बाबा साहेब के अनमोल विचारों को जानकर अपने जीवन में उतारें। बाबा साहब भारत के अग्रणी महापुरुष थे जिन्होंने संविधान की रचना और सामाजिक समरसता के लिए महत्वपूर्ण कार्य किया। उन्होंने कहा कि उनकी जयंती पर उनके आदर्शो,मूल्यों और सिद्धांतों पर चलने की आवश्यकता है। इस मौके पर महासचिव जितेंद्र तूर, पाले राम, बलबीर , राम गोपाल आदि।

# सुखदेव गोगामेड़ी हत्याकांड के तार महेन्द्रगढ़ से जुड़े

**टीम एक्शन इंडिया / संजय शर्मा**

**नारनौल।** जयपुर में श्री राष्ट्रीय करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव गोगामेड़ी की हत्या के तार महेन्द्रगढ़ से जुड़े होने की बात सामने आई है। जानकारी के मुताबिक इस हत्याकांड में जिले के गांव दोंगडा जाट निवासी नितिन फौजी भी शामिल था। नितिन फौजी का नाम सामने आते हैं इसके घर में सन्नाटा पसरा है। फौजी के घर में सिर्फ उसके माता पिता ही मौजूद हैं। जबकि उसकी पत्नी अपने मायके राजस्थान के बहरोड़ में बताई जा रही थी। नितिन फौजी के पिता कृष्ण कुमार भी आर्मी से रिटायर्ड हैं। नितिन फौजी के पिता ने बताया कि उसका बेटा नितिन 9 नवंबर को गाड़ी ठीक करवाने के लिए महेन्द्रगढ़ गया था, सांय 4 बजे लगभग गाड़ी ठीक हो गई थी , लेकिन उसके बाद से ही वह उनके संपर्क में नहीं है।नितिन के पिता का कहना था कि नितिन के हत्याकांड में शामिल होने की जानकारी उन्हें मीडिया से मिली । बतादें कि नितिन फौजी लगभग पांच साल पहले सेना में भर्ती हुआ था तथा 19 जाट बटालियन में कार्यरत है । इस समय उसकी पोस्टिंग अलवर में थी । नितिन फौजी की शादी एक साल पहले राजस्थान के बहरोड़ में हुई थी , उसके अभी कोई संतान नहीं है। मालूम हुआ कि मंगलवार को श्री राष्ट्रीय करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की जयपुर में उनके घर में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। दिनदहाड़े बदमाशों ने गोगामेड़ी पर गोलियां चलाई, फिर भाग निकले थे। गोगामेड़ी को मैट्रो मास हॉस्पिटल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। दोंगड़ा पुलिस चौकी इंचार्ज प्रीतम सिंह ने बताया कि नितिन फौजी का गांव उनके एरिया में आता है।

# अन्तर्राष्टीय दिव्यांगता दिवस के उपलक्ष में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

## मुख्य अतिथि नगर निगम सोनीपत के मेयर निखिल मदान ने शिरकत की

**राई। टीम एक्शन इंडिया**

**श्री रामेश्वर** सेवा संस्थान द्वारा संचालित रेणु विद्या मंदिर में अन्तर्राष्टीय दिव्यांगता दिवस के उपलक्ष में दिव्यांगता सप्ताह के समापन पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नगर निगम सोनीपत के मेयर निखिल मदान ने शिरकत की । संस्थान के चेयरमैन नानक चंद गुप्ता के सहयोग से मेयर निखिल मदान, संस्थान के प्रधानाचार्य डॉ प्रमोद कुमार कुल्हाड़े एवं प्रबंधक विजेंद्र सिंह ने दीप जलाकर शुभारम्भ किया। रेणु विद्या मंदिर के दिव्यांग बच्चो



ने गणेश वंदना की मनमोहक प्रस्तुति दी संस्थान के चेयरमैन नानक चंद गुप्ता ने बताया की रेणु विद्या मंदिर दिव्यांग एवं बेसहारा बच्चो के कल्याण के लिए हर संभव प्रयास करता रहेगा ताकि दिव्यांग एवं बेसहारे बच्चो को समाज की मुख्यधारा में जोड़ा जा सके।

प्रधानाचार्य डॉ प्रमोद कुमार कुल्हाड़े ने विश्व भर में दिव्यांगता के लिए विशेष अधिकारों के विषय में प्रकाश डाला। अस्सोसिएट प्रोफेसर डॉ रत्नेश सिंह ने विश्व दिव्यांग दिवस की कुछ प्रमुख बातो से अवगत कराया। संस्थान के विद्याथियो ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि विश्व दिव्यांग दिवस पर सुभाष स्टेडियम सोनीपत ने दिव्यांग बच्चो के लिए खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे रेणु विद्या मंदिर के 13 बच्चो ने मैडल जीतकर अपने माता पिता का नाम रोशन किया। असिस्टेंट प्रोफेसर मनोज कुमार ने दिव्यांग बच्चो की प्रतिभा का व्याख्यान करते हुए मंच संचालन किया। सस्थान के प्रबंधक विजेंद्र सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया । दिव्यांग बच्चो के द्वारा सांकेतिक भाषा में राष्ट्रीय गान प्रस्तुत कर कार्यक्रम का समापन किया ।

हरियाणा सरकार

# अन्तर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023

अध्यात्म, संस्कृति एवं कला का दिव्य संगम

**7-24 दिसम्बर, 2023 | कुरुक्षेत्र, हरियाणा**

यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जनः।
स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्तते॥
भगवद्गीता 3-21



## मुख्य कार्यक्रम

| | कार्यक्रम | तिथि | आयोजन स्थल |
|---|---|---|---|
| 1 | शिल्प मेला | 07 - 24 दिसम्बर | ब्रह्म सरोवर |
| 2 | गीता महाआरती | 07 - 24 दिसम्बर | पुरुषोत्तमपुरा बाग, ब्रह्म सरोवर |
| 3 | 48 कोस तीर्थों पर सांस्कृतिक कार्यक्रम | 07 - 24 दिसम्बर | 48 कोस कुरुक्षेत्र भूमि |
| 4 | भजन संध्या | 07 - 24 दिसम्बर | पुरुषोत्तमपुरा बाग, ब्रह्म सरोवर |
| 5 | प्रादेशिक व्यंजन | 07 - 24 दिसम्बर | ब्रह्म सरोवर |
| 6 | अन्तर्राष्ट्रीय गीता संगोष्ठी | 17 - 19 दिसम्बर | कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय |
| 7 | गीता पुस्तक मेला | 17 - 24 दिसम्बर | ब्रह्म सरोवर |
| 8 | गीता यज्ञ एवं गीता पाठ | 17 - 24 दिसम्बर | गीता जन्मस्थली-ज्योतिसर |
| 9 | शैक्षणिक प्रतियोगिताएं | 17 - 24 दिसम्बर | गीता जन्मस्थली-ज्योतिसर |
| 10 | हरियाणा पैवेलियन | 17 - 24 दिसम्बर | पुरुषोत्तमपुरा बाग, ब्रह्म सरोवर |
| 11 | भागीदार प्रदेश असम पैवेलियन | 17 - 24 दिसम्बर | पुरुषोत्तमपुरा बाग, ब्रह्म सरोवर |
| 12 | भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम | 17 - 24 दिसम्बर | पुरुषोत्तमपुरा बाग, ब्रह्म सरोवर |
| 13 | प्रदर्शनियां | 17 - 24 दिसम्बर | पुरुषोत्तमपुरा बाग, ब्रह्म सरोवर |
| 14 | संत सम्मेलन | 22 दिसम्बर | पुरुषोत्तमपुरा बाग, ब्रह्म सरोवर |
| 15 | वैश्विक गीता पाठ | 23 दिसम्बर | थीम पार्क, कुरुक्षेत्र |
| 16 | 48 कोस तीर्थ सम्मेलन | 23 दिसम्बर | 48 कोस तीर्थ |
| 17 | दीपोत्सव | 23 दिसम्बर | सन्निहित सरोवर एवं ब्रह्म सरोवर |



"सभी देशवासियों को गीता जयंती की अनंत शुभकामनाएं।
श्रीमद्भगवद्गीता सदियों से मानवता का मार्गदर्शन करती आई है।
अध्यात्म और जीवन-दर्शन से जुड़ा यह महान ग्रंथ हर युग में पथ प्रदर्शक बना रहेगा।"

**- नरेन्द्र मोदी**

कार्यक्रम की जानकारी के लिए
पोर्टल पर जाएं अथवा क्यू आर कोड स्कैन करें

www.internationalgitamahotsav.in
www.48koskurukshetra.com

**सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा**

www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्षः 08 अंकः 327 पृष्ठः 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com
हरियाणा संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## ड्राइविंग सिखाने के लिए स्कूल खोलेगी सरकार



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
आने वाले समय में दिल्ली सरकार का भी अपना ड्राइविंग प्रशिक्षण स्कूल होगा। दिल्ली सरकार ने दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के मलिकपुर गांव में इसे शुरू करने की तैयारी शुरू कर दी है। यह स्कूल अत्याधुनिक तकनीक से लैस होगा।

**खर्च होंगे 36.74 करोड़ः** परिवहन विभाग ने इस ड्राइविंग प्रशिक्षण स्कूल को 36.74 करोड़ की लागत से तैयार करने के लिए टेंडर जारी कर दिया है। यहां भारी से लेकर हल्के वाहनों तक को चलाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। पहले चरण में इसे भारी वाहन चालकों के लिए शुरू किया जाएगा। शुरूआत में दिल्ली सरकार यहां भारी मोटर वाहन (एचएमवी) लाइसेंस प्राप्त करने के लिए महिलाओं को भी प्रशिक्षण देगी। महिलाओं को पूर्ण प्रशिक्षण के बाद सरकार की बसों को चलाने का मौका दिया जाएगा।

**महिला चालकों को दिया जाएगा कंप्यूटर ज्ञान :** महिला चालकों को यहां विशेषज्ञों द्वारा कौशल परीक्षण सहित योग्यता प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा, जिसमें कक्षा प्रशिक्षण और बस ड्राइविंग दोनों शामिल हैं। महिला चालकों को बुनियादी कंप्यूटर ज्ञान पर अतिरिक्त प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा।

**सरकार ने निजी कंपनियों से किया करारः** अभी इस कार्य के लिए सरकार ने निजी कंपनियों से करार किया हुआ है जहां दिल्ली सरकार की बसों के लिए भी चालकों को प्रशिक्षण दिया जाता है। ऐसे स्कूल लोनी रोड, बुराड़ी और सराय काले खां में पिछले कई सालों से चल रहे हैं। मगर अब बनने वाला यह स्कूल दिल्ली सरकार का अपना स्कूल होगा।

# 'केवल आप दे सकती है शिक्षा की गारंटी'

### हम हैं बाबासाहब अंबेडकर के चेले..., दिल्ली के सीएम केजरीवाल ने कह दी बड़ी बात

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आज बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर पार्टी कार्यालय में पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाग लिया और पार्टी कार्यकताओं को भी संबोधित किया।

इस दौरान अरविंद केजरीवाल ने कार्यकताओं से कहा कि हमें संघर्ष करते रहना होगा। उन्होंने कहा, केवल आप शिक्षा की गारंटी दे सकती है, क्योंकि हम बाबासाहब अंबेडकर के चेले हैं।

**बाबा साहब के बाद 'आप' ने ही किया शिक्षा पर काम**
बाबा साहब के बाद अगर किसी ने शिक्षा पर काम किया है तो वह आम आदमी पार्टी ही है। बाकी सभी पार्टियों ने 75 सालों में शिक्षा का बुरा हाल कर दिया। सभी पार्टियां इस इलेक्शन के दौरान हमें कॉपी कर रही हैं, लेकिन कोई हमारी तरह शिक्षा की गारंटी नहीं देता। मुख्यमंत्री ने आगे कहा, सिर्फ हम शिक्षा का महत्व समझते हैं। किसी परिवार का एक बच्चा भी पढ़ाई करले तो गंगा नहान हो जाता है, अगर बच्चा ना पढ़ पाए तो पूरा पीढ़ी आगे नहीं बढ़ पाती।



**बच्चों को जानबूझकर रखा गया अशिक्षित**
7 साल में अगर आप सरकार 2 करोड़ परिवारों के बच्चों को अच्छी शिक्षा दे सकती है तो बाकी पार्टियां 70 साल में 120 करोड़ जनता को क्यों शिक्षा नहीं दे पाईं।

इससे पता चलता है कि बच्चों को जानबूझकर अशिक्षित रखा गया।

आम आदमी पार्टी से जुड़ना कांटो का ताज पहनने जैसा, जैसे बाबा साहब संघर्ष में जिए वैसे ही आम आदमी पार्टी का हर नेता रोज जीता है।

## 'भ्रष्टाचार बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा'

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली जल बोर्ड पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच सीएजी ऑडिट का आदेश दे दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा है कि दिल्ली सरकार किसी भी कीमत पर भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं करेगी।

केजरीवाल ने सीएजी को दिल्ली जल बोर्ड का बीते 15 वर्ष का ऑडिट करने को कहा है। विपक्ष बीते काफी समय से दिल्ली जल बोर्ड में अनियमितताओं का आरोप लगा रहा है। जल मंत्री आतिशी ने इसे लेकर कहा है कि वित्त विभाग ने जल बोर्ड में आर्थिक अनियमितता को लेकर चिंता जाहिर की थी। हालांकि, उन्होंने कुछ स्पष्ट रूप से नहीं बताया था कि किस तरह गड़बड़ियां हैं। ऐसे में सीएजी ऑडिट अनिवार्य हो जाता है। जल बोर्ड का ऑडिट डीजेबी एक्ट की धारा 69 और 19(3) के मुताबिक होगा।



## दिल्ली के नरेला में बड़ा हादसा होते-होते टला



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के नरेला रेलवे फाटक पर मंगलवार रात करीब 9 बजे एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। बवाना की ओर से नरेला जा रही रूट नंबर-708 पर चलने वाली डीटीसी की क्लस्टर बस जैसे ही नरेला रेलवे फाटक पर पहुंची, फाटक बंद होने लगा। इस दौरान बस रेलवे फाटक पर लगे बैरियर तोड़ते हुए, रेलवे लाइन तक पहुंच गई। इस दौरान बस में बैठे यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। सभी बस से उतरकर भागने लगे। आनन-फानन में रेलवे कर्मचारी व बस चालक की मदद से तुरंत रेलवे लाइन से बस हटाई गई। पुलिस ने इस मामले में मामला दर्ज कर, आगे की जांच शुरू कर दी है।

## जोनों में धूल फांक रहीं हैं डेम्स विभाग के सफाई कर्मचारियों की फाइलें

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**हमारे देश** में सरकारी नौकरी मिलना ही एक अपने आप में ही जंग है, और जिसकी सरकारी नौकरी हो तो उसका समाज एक रूतबा ही अलग होता है, और सरकारी नौकरी की लोगों को लालसा इसलिए भी होती है कि नौकरी के बाद बुढ़ापा पेंशन के सहारे जीवन अच्छा कट जाता है, लेकिन सालों तक नौकरी करने के बाद जब रिटायर हो और सरकार पेंशन ही न दे तो क्या होगा। ऐसा ही कुछ काफी सालों से दिल्ली नगर निगम के डेम्स विभाग में कार्यरत सफाई कर्मचारियों के साथ भी हो रहा है, जिसको लेकर दिल्ली सफाई कर्मचारी आयोग के पूर्व चेयरमैन राजू सारसर ने राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के चेयरमैन एम वेंकटेशन का पत्र लिखा है।



**क्या हैं मांगः** पूर्व चेयरमैन द्वारा लिखे गए पत्र के अनुसार उन्होंने कहा है कि दिल्ली नगर निगम के डेम्स विभाग में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की मृत्यु के बाद मृतक के परिवारों को कई सालों से न ही समय से उनका लाभांश मिल रहा है और न ही उनके आश्रितों को उनके स्थान पर नौकरी मिल रही है,इतना ही नहीं सालों उन लोगों की फाइलें भी अधिकारियों के पास लंबित पड़ी है।

**सेवानिवृति के बाद नहीं दिया जाता लाभांशः** तो वहीं सालों तक नौकरी करने के बाद कार्यरत सफाई कर्मचारी जब सेवानिवृत होता है तो नौकरी के पश्चात सेवानिवृति के समय कर्मचारी को एक रूपये का भी लाभांश नही दिया जाता है और न ही पेंशन मिलती है।

इतना ही नहीं अपने हक के पैसे भी लेने के लिए उसको सालों तक निगम के चक्कर काटते-काटते उसकी उसकी मृत्यु भी हो जाती है मामले में कांग्रेस के दलित नेता सुरेंद्र महरोलिया ने कहा की आजादी से आजतक सफाई कर्मियों के लिये कोई ठोस नीति नहीं बनी है, जिसका असर इनके साथ-साथ इनकी आने वाली पीढीयों पर भी पड रहा है नियमित रोजगार ने होने के कारण इनके बच्चों का भी भविष्य अंधकार में है, चाह कर भी देश के सफाई कर्मी अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा देने में असमर्थ है। अगर सरकार इस ओर ध्यान नहीं देती है तो, सफाई कर्मचारी के अधिकारों के लिए पूरे देश में आंदोलन किया जाएगा।

## त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र में गुड मॉर्निंग क्लब ने निकाली निशान यात्रा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**त्रीनगर विधानसभा** क्षेत्र स्थित गुड मॉनिंग क्लब की ओर त्रीनगर से शंकर चौक से दिल्ली धाम खाटू श्याम के लिए निशान यात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों की तादात में श्रद्वालुओं ने निशान रूपी झंडा उठाया। आपको बतादें कि गुड मॉनिंग क्लब की ओर से प्रथम बार निशान यात्रा का कार्यक्रम किया गया, जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने बढचढ कर श्री खाटू श्याम के चरणों में हाजिरी भरी। गुड मॉनिंग क्लब की ओर से निशान यात्रा त्रीनगर के शंकर चौक से दिल्ली धाम खाटू श्याम तक चलाई गई। क्लब के चेयरमैन विजय बंसल नले बताया कि प्रथम बार निशान यात्रा का आयोजन किया गया है, और बाबा ने चाहा तो समय समय पर निशान यात्रा चलाई करवाई जाएगी।

## 11 महीने में 14 हजार से अधिक आग लगने की घटनाएं सामने आईं

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में 11 महीने में 14 हजार से अधिक आग लगने की घटनाएं सामने आईं। जिसमें 56 लोगों की जान चली गई और करीब 600 से ज्यादा लोग घायल हो गए। दमकल विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने मंगलवार को बताया कि इस साल जनवरी में दमकल को 1171 कॉल मिलीं। जिसमें आग के कारण 12 लोगों की मौत हो गई। जबकि 36 लोगों को दमकल ने बचाया। वहीं फरवरी में दमकल को 941 कॉल मिलीं। इसमें आग के कारण दो लोगों की मौत हुई। जबकि 39 लोगों को दमकलकर्मियों ने बचाया। इसी क्रम में मार्च में 1230 कॉल मिलीं, जिसमें 14 लोगों की मौत हो गई। जबकि 48 लोगों को बचाया गया। इसी तरह अप्रैल में 1672 कॉल दमकल को मिलीं, जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई और 42 लोगों को बचाया गया।

## दिल्ली मैट्रोः दो यात्री आपस में भिड़े, एक दूसरे को मारे लात-घूंसे और थप्पड़ ही थप्पड़


**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
दिल्ली मेट्रो का एक और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में दो यात्री सिर्फ सीट को लेकर मारपीट कर रहे हैं। दोनों के बीच हाथापाई इतनी होती है कि मेट्रो कोच में मौजूद लोगों को बचाने के लिए बीच बचाव करना पड़ता है। इंस्टाग्राम पर यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में आप दो लोगों को एक दूसरे से लड़ते हुए देख सकते हैं। दोनों एक दूसरे को मुक्के ही मुक्के मार रहे हैं। वहीं वहां मौजूद लोग दोनों को रोकने की कोशिश कर रहे हैं। कुछ लोग इस वीडियो को रिकॉर्ड कर रहे हैं। इस वीडियो को अब तक 155000 लाख लोगों ने देखा है और इसके साथ ही रिएक्शन भी दिए हैं। कमेंट करने वाले एक



यूजर ने लिखा कि इस तरह के लोगों की मेट्रो में एंट्री बंद होनी चाहिए।

दूसरे यूजर ने लिखा कि ये तो सस्ता डब्ल्यूडब्ल्यूई है।

वहीं कुछ दिन पहले ही दिल्ली में मेट्रो में जल्दबाजी में ट्रैक पार करने से एक शख्स की दर्दनाक मौत हो गई थी। घटना 12 नंवबर की है। इस घटना का वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो गया था। मृतक की शिनाख्त उत्तर प्रदेश के कानपुर के रहने वाले भूरा सिंह के रूप में हुई थी। वीडियो वायरल होने पर दिल्ली मेट्रो को बयान जारी करना पड़ा था। इससे पहले दिल्ली मेट्रो में एक कपल के रोमांच का वीडियो सामने आया था। वीडियो में एक युवक और युवती मेट्रो कोच के अंदर यात्रियों के बीच रोमांस कर रहे हैं।




## कथा में भगवान शिव के विभिन्न स्वरूपों का किया वर्णन





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिव्य ज्योति** जाग्रति संस्थान द्वारा रामलीला ग्राउन्ड, रोहिणी, सेक्टर-24, विकास भारती पब्लिक स्कूल के सामने, दिल्ली में 4 से 10 दिसम्बर 2023 तक भव्य सात दिवसीय भगवान शिव कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें गुरुदेव आशुतोष महाराज जी की शिष्या साध्वी गरिमा भारती ने भगवान शिव की महिमा का रसास्वादन करवाया। साध्वी जी ने कथा के दूसरे दिवस बताया कि यह समस्त धर्म ग्रंथ हमारे ऋषि-मुनियों के द्वारा हमें प्रदत एक अनमोल धरोहर है। प्रभु का जीवन चरित्र आज मानव समाज के लिए एक प्रेरणा स्तंभ है। प्रभु की पावन कथा रूपी गंगा में जिस समय एक व्यक्ति आकर गोता लगाता है तो वह अपने कर्म संस्कारों की कालिमा से स्वयं को पवित्र बना लेता है। साध्वी जी ने कहा कि भगवान शिव का प्रतिमा स्वरूप उनके साकार स्वरूप को दशार्ता है तो उनका ज्योतिर्लिंग स्वरूप निराकार स्वरूप की ओर इशारा है। एक तत्व से न जुड़े होने के कारण आज हमारे दृष्टि में भेद है। कोई प्रभु श्रीराम को मानता है, तो कोई भगवान श्री कृष्ण को, कोई भगवान शिव की पूजा करता है, तो कोई आदि शक्ति मां जगदंबिका की। लेकिन वास्तव में ज्ञान नेत्र के अभाव के कारण हम इन सब समस्त शक्तियों को अलग-अलग मानकर उनकी पूजा करते हैं। यह तत्व स्वरूप से एक ही है। गुरुदेव आशुतोष महाराज आज दिव्य दृष्टि प्रदान कर समाज को उस एक परमशक्ति से साथ जोड़ रहे हैं। कथा के अंत में प्रभु की आरती के साथ कथा को विराम दिया गया।

# यात्रा को लेकर लोगों में काफी उत्साह: असीम

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) देश के** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक नई सोच के साथ एक नये भारत को बनाने का जो संकल्प लिया, लगभग साढ़े नौ साल पहले आपने जो आशीर्वाद नरेन्द्र मोदी जी को दिया, उसके दृष्टिगत देश व प्रदेश में जो तरक्की की है, उन सब चीजों को बताने व दर्शाने के लिये विकसित भारत संकल्प यात्रा चलाई जा रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। विधायक गांव जनसुआ व जनसुई में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि पंहुचे थे। इस मौके पर उन्होंने उपस्थित सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलवाई। विधायक असीम गोयल ने इस मौके पर यह भी कहा कि



मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने इस संकल्प यात्रा में जनसंवाद कार्यक्रम को जोडकर हरियाणा में पिछले नौ साल में हुए विकास कार्यों एवं योजनाओं को भी इसमें शामिल किया है, जिस बारे आमजन को जानकारी दी जा रही है। योजनाओं का लाभ लोगों को सुगमता से उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पुरानी सरकारें जरूरतमंदों से दूर भागती थी लेकिन हमारी सरकार ऐसी पहली सरकार है जो योग्य पात्रों के घर-द्वार पर पंहुचकर योजनाओं का लाभ दे रही है। अब योग्य व्यक्ति को कार्यालयों की चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है बल्कि योग्य व्यक्ति को घर बैठे ही योजनाओं का लाभ मिल रहा है। विकास कार्यों के लिये सरकार के पास धन की कोई कमी नही है। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग द्वारा पुराने पुलों के दोबारा निर्माण व चौडाकरण पर करोड़ों रुपये की राशि खर्च की गई है। सभी गांवों में बिजली की आपूर्ति सुचारू रूप से चल रही है। उन्होंने कहा कि आज जो भी समस्याएं यहां प्राप्त होंगी, अगर उनका समाधान जिला स्तर पर हो सकता है तो उनका समाधान तुरंत कर दिया जाएगा और जो समस्याएं उच्च स्तर की हैं, उन सभी को मुख्यमंत्री जी के समक्ष रखकर उनका समाधान करवाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सोच के कारण आज भारत का विश्व में नाम हो रहा है। हमारी सरकार ने कालाबाजारी, भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद तथा क्षेत्रवाद को खत्म करने का काम किया है।

विधायक असीम गोयल द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान गांव जनसुआ में उज्जवला योजना के तहत रजनी, मनप्रीत कौर गैस सिलैण्डर व गैस चुल्हा दिया गया। इसी प्रकार आयुष्मान योजना के तहत लाभार्थी बलवंत सिंह, पूर्ण चंद, गुरप्रीत कौर को आयुष्मान कार्ड वितरित किए गये। इसी प्रकार गांव जनसुई में आयोजित कार्यक्रम में उज्वला योजना के तहत राजविन्द्र कौर, गुरमीत कौर, आयुष्मान कार्ड के तहत गुरदयाल सिंह, सुभाष चंद, विकास कुमार, सुमन तथा तीन पैंशन लाभार्थी लाभो देवी, रघुबीर सिंह व कशमीर सिंह को प्रमाण पत्र भी वितरित किये। इस मौके पर विधायक ने स्टालों का अवलोकन भी किया और आमजन को जागरूक किया कि वे यहां पर लगाये गये स्टालों का अवलोकन कर जनहित में जो योजनाएं चलाई जा रही हैं, उनका लाभ उठाएं। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले लोगों को भी सम्मानित किया।

# विद्यार्थियों व आमजन को साइबर अपराधों की जानकारी देकर किया जागरूक



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**पुलिस अधीक्षक** अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा बुधवार को राहगीरी कार्यक्रम के माध्यम से सार्वजनिक स्थानों पर व स्कूल, कॉलेज में विद्यार्थियों व आमजन को साइबर क्राइम व साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर 1930 के बारें में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया गया।

जिला में साइबर क्राइम जागरूक्ता अभियान के नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक सतीश गौतम ने बताया कि आज के समय में साइबर अपराध चरम पर है। तकनीक के इस युग में जितनी तेजी से डिजिटल लेन देन को बढ़ावा मिला है उतनी ही तेजी से ठगी के नए-नए तरिके सामने आ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जागरूकता, सतर्कता की हमें साइबर क्राइम से बचा सकती है। किसी भी अज्ञात नंबर से प्राप्त हुए लिंक को ना खोले और किसी भी फोन कॉल, संदेश, ईमेल इत्यादि पर दिए गए प्रलोभन या विश्वास में आकर अपनी कोई भी निजी जानकारी किसी के साथ सांझा ना करे।

साइबर ठगों के निशाने पर हर वह आदमी है, जो किसी भी डिजिटल माध्यम से जुड़ा है। फिर चाहे वह इंटरनेट मीडिया हो या फिर इंटरनेट बैंकिंग। उन्होंने बताया कि साइबर राहगीरी का मुख्य उद्देश्य आमजन को साइबर अपराध व उनसे बचने के तरीकों बारे जानकारी देकर जागरुक करना है। अगर आपके साथ किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी हो जाती है तो तुरंत नेशनल साइबर क्राइम हेल्प लाईन नंबर 1930 पर कॉल करें और पर आनलाईन शिकायत दर्ज करवाये। इसके अलावा साइबर अपराध थाना या नजदीक पुलिस स्टेशन में साइबर हेल्प डेस्क पर भी अपनी शिकायत दर्ज करवाई जा सकती है। जितनी जल्दी हो सके शिकायत दर्ज करवाये ताकि समय रहते साइबर फ्रॉड करने वाले अकाउंट को ब्लॉक करवाया जा सके।

**पुलिस टीमों द्वारा निम्न स्थानों पर जागरूक किया गया भावना** चौक, रामलाल चौक, रेलवे स्टेशन परिसर, ट्रक युनियन, नूरवाला चौक, बाबरपुर मंडी, बोहली चौक, नौल्था माजरा चौक, अहर चौक, टोल प्लाजा के नजदीक, बापौली व छाजपुर में बस स्टेंड पर, सेक्टर 29 व पुराना औद्योगिक क्षेत्र में फैक्टरियों में आमजन को जागरूक करने के साथ ही डॉ एमकेके स्कूल मॉडल टाउन, डीपीएस स्कूल समालखा, गवर्नमेंट माडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल लाल बत्ती चौक, आर्य गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल व एसडी कॉलेज में छात्र छात्राओं को साइबर क्राइम की जानकारी देकर जागरूक किया।

## न्यूज फ्लैश

### केंद्र में भाजपा की सरकार आने के बाद से देश के सार्वजनिक संस्थानों को बड़े-बड़े कारपोरेट घरानों को बेचा जा रहा है



**पानीपत/कमाल हुसैन**
**स्थानीय** भगत सिंह स्मारक में संविधान निमार्ता, भारत रतन डाक्टर भीम राव अम्डेकर की 57 वीं पुण्यतिथि पर एक सभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता श्री ओम प्रकाश तंवर ने की और संचालन सीपीआई के जिला सचिव पवन कुमार सैनी एडवोकेट ने किया। सीपीआई के राज्य सचिव दरियाव सिंह कश्यप ने कहा कि हमारे संविधान के निर्माण में डाक्टर भीम राव अम्डेकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही उन्होंने कहा कि डाक्टर भीम राव अम्डेकर के अथक प्रयासों से आजाद भारत में देश के दबे कुचले तबके को काफी राहत मिली और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने में बाबा साहब की भूमिका को भुलाया नही जा सकता। कामरेड कश्यप ने कहा कि केंद्र में भाजपा की सरकार आने के बाद से देश के सार्वजनिक संस्थानों को बड़े बडे.कारपोरेट घरानों को बेचा जा रहा है, जिसके चलते आरक्षित वर्गो को मिलने वाले रोजगार छीने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज हमारे देश के संविधान एवं लोकतंत्र पर खतरा पैदा किया जा रहा है। आज बाबा साहब के के विचारो को प्रचारित प्रसारित करने की बेहद जरुरत है। सीपीआई के जिला सचिव पवन कुमार सैनी एडवोकेट, किसान नेता सेवा सिंह मलिक, खेत मजदूर नेता हरपाल सिंह सींक, जय भगवान दरियापुर आदि ने भी डाक्टर भीम राव अम्डेकर के जीवन पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर भूपेन्द्र कश्यप, पिरथी सिंह सैनी, सतीश यादव, राम कुमार, महेन्द्र सिंह, मोनू कश्यप, नवल किशोर यादव, इन्द्र सिंह दूहन आदि ने भाग लिया और सभी ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि अर्पित की।

### सिंचाई विभाग ने केसरी-लंडा लिंक ड्रेन का किया लोकार्पण

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)** सिंचाई विभाग द्वारा केसरी - लंडा लिंक ड्रेन का लोकार्पण कर दिया गया है। विभाग द्वारा 116 लाख रुपये की लागत से तैयार की गई इस ड्रेन का कार्य पूरा किया गया है और विधिवत तरीके से पानी निकासी की शुरूआत कर दी गई है।

सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता ए. के. रघुवंशी ने बताया इस ड्रेन के कार्य को पूरा करने के लिये 116 लाख रुपये की योजना तैयार की गई थी और इस ड्रेन का कार्य पूरा करके पानी निकासी की सुविधा आरम्भ कर दी गई है।

कार्यकारी अभियंता कृष्ण कुमार भुक्कल ने बताया कि केसरी गांव की जल निकासी की इस ड्रेन को लंडा गांव तक लिंक करने के लिये पाइप लाइन दबाई गई है। लगभग 1 मीटर डायय की डबल पाइप लाइन दबाई गई है ताकि वर्षा ऋतु में अधिक पानी आने पर आसानी से निकासी हो सके और जलभराव के कारण किसानों की फसलों के होने वाले नुकसान से बचा जा सके।

सरपंच प्रतिनिधि रुपिंदर सिंह, गांववासी अवतार सिंह, मनदीप सिंह जरनैल सिंह ,निर्मल सिंह,गुरमीत सिंह ,हरजीत सिंह, जसपाल सिंह, भरपूर सिंह व उपस्थित अन्य किसानों ने ड्रेन का कार्य पूरा होने पर प्रसन्नता जाहिर की और सिंचाई विभाग के अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। रुपिंदर सिंह ने बताया कि केसरी गांव में लंगर छन्नी, हल्दरी,नगला सहित आसपास के कई गांवों का बरसाती पानी जमा हो जाता था। पानी निकासी न होने के कारण जहां प्रति वर्ष सैंकडो एकड़ फसल बर्बाद हो जाती थी वही गांव के आस पास पानी जमा होने से सडक मार्ग भी अवरुद्ध हो जाते थे। इस ड्रेन में पानी निकासी का कार्य पूरा होने गांववासियों को जलभराव की समस्या से निजात मिलेगी और किसानों की फसल को होने वाले नुकसान की समस्या का भी समाधान हुआ है।

### गाँव असान कलां से 21 मेम्बरी कमेटी का शपथ सम्मान समारोह और परिचय पत्र वितरित: सुखवीर मलिक

**पानीपत/कमाल हुसैन**
राज्यसभा सासंद डॉ संदीप पाठक के आदेशानुसार हर गावँ मे 21 मेम्बर कमेटी के शपथ ग्रहण एवम सम्मान समारोह किया। आज प्रदेश सह सचिव सुखवीर मलिक ने गांव आसन कलां मे किया। सभी 21 मेम्बर उपस्थित का सम्मान किया और उनको परिचय पत्र दिये। मलिक ने गांव आसनकलां मे न्यू नवनियुक्त ग्राम सचिव हूसैन और कमेटी मेंबर को शपथ दिलाई और मौके पर सबके आइडेंटी कार्ड वितरित किए। आसन कलां गांव सचिव हुसैन के साथ तेजपाल शतपाल राजेंद्र शर्मा सतबीर सिंह लख्मीचंद जगदीश इलियास अब्बास मौजूद रहे।

# फाइनेंस कमिटी सहित मेयर ने किया शहर का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) नगर** निगम की फाइनेंस कमेटी की पहली महत्वपूर्ण बैठक में शहर के विकास हेतु रखे गए तमाम कार्यों को अमलीजामा पहनाने के लिए आज शहर की मेयर शक्तिरानी शर्मा ने फाइनेंस एवं कांट्रैक्ट कमेटी के सदस्यों व निगम के अधिकारियों के साथ फिजीकल वैरीफिकेशन की। मेयर ने मीटिंग में पास हुए विभिन्न प्रोजैक्ट्स के लिए तय किए गए स्थानों का निरीक्षण किया और मौके पर पहुंचकर लोकेशन जांची। गोरतलब है कि शहर में बनने वाले स्टेडियम, मल्टीलैवल पार्किंग, कम्युनिटी सैंटर, गौशाला, ओपन जिम सहित, सीसीटीवी



कैमरे लगाए जाने को लेकर कल की मीटिंग में चर्चा की गई थी।

सर्वप्रथम मेयर ने रामबाग के साथ मल्टी स्टोरी पार्किंग के लिए जगह का निरीक्षण किया व मौके पर उपस्थित निगम पटवारी को उसका रिकार्ड चैक करके जगह को चिन्हित करने के लिए आदेश दिए। उसके उपरांत नसीरपुर में निगम की 9.5 एकड़ जमीन पर बनने वाले क्रिकेट स्टेडियम के स्थान को देखा।

मेयर ने वार्ड नं. 11 के अंतरर्गत आने वाले गांव कालू माजरा में अधूरे जर्जर पड़े कम्युनिटी सैंटर के बारे भी अधिकारी को निर्देश दिए। वार्ड नं. एक के गांव लोहगढ़ में 4 एकड़ जमीन पर विभिन्न खेलों के लिए बनने वाले ओपन एयर स्टेडियम की जगह को भी जांचा। टीम ने वार्ड नं.5 के एरिया में मोटर मार्कीट के साथ लगती 6.5 एकड़ जमीन का भी निरीक्षण किया जिसमें विभिन्न खेलों के लिए एक इंडोर स्टेडियम का प्रस्ताव रखा गया है।

आज के इस निरीक्षण में मेयर के अलावा फाइनैंस कमेटी से सीनियर डिप्टी मेयर मीना ढींगरा, डिप्टी मेयर राजेश मेहता, सदस्य राजेंद्र कौर, सदस्य हितेश जैन, नगर निगम के कार्यकारी अभियंता महेंद्र सिंह, नगर निगम के राजस्व पटवारी कुलदीप सिंह मुख्य रूप से साथ रहे।

# धोखाधड़ी के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) पुलिस** अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ रंधावा के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा अपराधों की रोकथाम व अपराधिक मामलों में वाछिंत आरोपियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के दौरान थाना पड़ाव में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में 4 दिसम्बर 2023 को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी धर्मबीर निवासी गाँव काकरू थाना बलदेव नगर जिला अम्बाला को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार 1 दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त किया गया।

इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता गुरमीत सिहँ निवासी गाँव सैक्टर 32/33



करनाल ने 22 अक्तूबर 2023 को थाना पड़ाव में शिकायत दर्ज करवाई थी कि 13 मई 2023 को आरोपी धर्मबीर व अन्य ने उसे लोन शुदा मोटरसाईकिल बेच कर व कागजात ना देकर उससे एक बड़ी रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी।

# विश्व मृदा दिवस पर किसानों के लिए कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**उपकृषि** निदेशक अम्बाला के कार्यालय में विश्व मृदा स्वास्थ्य दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महानिदेशक, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हरियाणा डा. नरहरि बांगड मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। इसके साथ-साथ संयुक्त निदेशक (मृदा), कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, पंचकूला डा. देवेन्द्र सिंह, उप कृषि निदेशक, पंचकूला डा. राकेश पोरिया ने भी शिरकत की। महानिदेशक, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, हरियाणा डा. नरेन्द्र सिंह बांगड ने किसानों को शोधित बीज, उर्वरक, रसायन,




जैव उर्वरक, कृषि यंत्रों, पराली प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

उल्लेखनीय है कि विश्व मृदा दिवस पर 200 से अधिक किसानों ने भाग लिया और इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने भी मृदा स्वास्थ्य के दृष्टिगत चित्रकला व सलोगन प्रतियोगिता के आयोजन में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में कक्षा छठी से नौवीं तक के छात्रों की भागीदारी रही। प्रथम, द्वितिया व तृतिया स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। इसके पश्चात डा. नरेन्द्र सिंह बांगड व डा. देवेन्द्र सिंह ने 50 किसानों को सॉयल हैल्थ कार्ड वितरित किए व अपने संबोधन में किसानों को रासायनिक खेती छोडकर जैविक खेती अपनाने का आह्वान किया व सरकार द्वारा इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों के बारे में जागरूक किया।

संयोजक, कृषि विज्ञान केन्द्र, अम्बाला डा0 सुनीता अहूजा ने भी मोटे अनाजों को बढ़ावा देने हेतू किसानों को प्रेरित किया। कृषि विज्ञान केन्द्र, तेपला डा0 गुरूप्रेम ने मृदा स्वास्थ्य के बारे में किसानों को जागरूक किया। इस मौके पर उपस्थित मण्डल भूमि संरक्षण अधिकारी, अम्बाला ने मृदा स्वास्थ्य एवं सॉयल सैम्पल के बारे में किसानों को विस्तार से जानकारी दी।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का साहा में पहुंचने पर किया स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला-साहा (मनीष कुमार) विकसित** भारत संकल्प जन संवाद यात्रा गतदिवस साहा ब्लॉक के तहत गांव महमुदपुर व तेपला गांव में पहुंची। यहां पहुंचने पर ग्रामीणों ने विकसित भारत संकल्प यात्रा का स्वागत किया। इस मौके पर भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अरूण भान ने उपस्थित सभी को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलवाई। इस मौके पर उनके साथ साहा मंडल प्रधान सतीश राणा, ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश पाल नोहनी व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें।



प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अरूण भान ने इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कुशल नेतृत्व में हर वर्ग के उत्थान के लिए निरन्तर कार्य किए जा रहें हैं। सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं का लाभ अन्तिम छोर मे खड़े योग्य व्यक्ति को दिलवाने के लिए सरकार कृत संकल्प हैं। यात्रा को निकाले जाने का मुख्य उद्देश्य यही है कि जो व्यक्ति जिस योजना के तहत पात्र हैं, यदि किसी कारणवश उसे योजना का लाभ नहीं मिला है तो उसे योजना का लाभ दिलवाना हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा जो योजनाएं क्रियान्वित की गई है उस बारे आम जन को भी जागरूक करना हैं। इस मौके पर मुख्य अतिथि ने यहां पर लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन करते हुए विभागों द्वारा जो योजनाएं चलाई जा रही हैं, उसकी जानकारी हासिल कर उपस्थित कर्मचारियों को कहा कि वे लोगों का मार्ग दर्शन करते हुए उन्हें योजनाओं बारे जानकारी देकर इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए भी प्रेरित करें।

# रामबाग मैदान में होगा गीता जयंती महोत्सव: डीसी




**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) उपायुक्त** डा. शालीन ने बताया कि जिला स्तर पर गीता जयंती महोत्सव रामबाग मैदान अम्बाला शहर में किया जायेगा। जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव में धार्मिक संस्थाओं के साथ-साथ आमजन की भी ज्यादा से ज्यादा भागेदारी सुनिश्चित हो, इसके लिए धार्मिक संस्थाओं के साथ बैठक की जायेगी तथा आमजन को इसकी जानकारी उपलब्ध हो, व्यापक प्रचार-प्रसार किया जायेगा। उपायुक्त आज अपने कार्यालय में गीता जयंती महोत्सव की तैयारियों को लेकर सम्बन्धित अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। उपायुक्त डा. शालीन ने बताया कि श्रीमदभगवदगीता का ज्ञान सरल भाषा में लोगों तक पहुंचे, इसके लिए जिला स्तर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। गीता हमारी जिंदगी का आधार है। गीता जयंती महोत्सव सामाजिक सारोकार है, इसमें ज्यादा से ज्यादा धार्मिक संस्थाओं की भागेदारी सुनिश्चित करने के लिए इन संस्थाओं से बैठक करके उन्हें कार्यक्रम की रूपरेखा बारे विस्तार से जानकारी उपलब्ध करवाई जायेगी। व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से आमजन को इस महोत्सव के बारे जानकारी भी दी जाएगी ताकि वे भी इस महोत्सव का हिस्सा बनकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं। गीता जयंती महोत्सव के दृष्टिगत उपायुक्त ने यह भी कहा कि सम्बन्धित विभागों की इस कार्यक्रम के तहत जो जिम्मेदारी तय की गई है, सम्बन्धित विभाग उन सभी कार्यों को समय रहते करना सुनिश्चित करें ताकि जिला में जिला स्तरीय कार्यक्रम का भव्य एवं सफलतापूर्वक आयोजन करवाया जा सके।

बॉक्सः- गीता जयंती महोत्सव के बारे जानकारी देते हुए उपायुक्त ने बताया कि कार्यक्रम के तहत हवन यज्ञ के साथ गीता जयंती महोत्सव का आगाज होगा। कार्यक्रम के तहत श्रीमदभगवदगीता पर आधारित सैमिनार का आयोजन होगा तथा नगर शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा। गीता जयंती महोत्सव पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ यहां पर प्रदर्शनी भी लगाई जायेगी।

इस मौके पर एडीसी अपराजिता, एएसपी पूजा डाबला, एसडीएम दर्शन कुमार, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त पुनीत कुमार, नगराधीश विश्वजीत सिंह।

# गौशालाएं राशि के लिए सरल पोर्टल पर करें आवेदन: गर्ग

**सोनीपत/टीम एक्शन इंडिया**
गौशालाओं को मिलने वाली नियमित चारा अनुदान सहायता राशि के लिए हरियाणा गौ सेवा आयोग ने पोर्टल शुरू कर दिया है। जिस पर हरियाणा गौसेवा आयोग द्वारा पंजीकृत गौशालाएं आवेदन कर सकेंगी। पशुपालन विभाग के चिकित्सकों, उपमंडल अधिकारीयो और जिला उपनिदेशक-कम-जिला गौवंश विकास अधिकारी द्वारा सत्यापित कर पोर्टल पर आगे भेजा जाएगा व जिला सत्र की सभी प्रक्रिया पूरा होने पर अध्यक्ष, हरियाणा गौ सेवा आयोग की सिफारिश उपरांत जारी किया जाएगा।

गौरतलब यह भी है की वर्तमान



समय में हरियाणा गौ सेवा आयोग में 659 पंजीकृत गौशालाएं जिनमें लगभग पांच लाख गौवंश का लालन-पालन व भरण-पोषण हो रहा है समय-समय पर गोवंश की संख्या में बदलाव होता रहता है। गौशालाओं को दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि उनकी सही संख्या के आधार पर दी जाती है जिसके लिए आयोग द्वारा 250, 500, 750, 1000 तथा 1250 के पांच पैमाने निर्धारित किए गए हैं साथ ही अध्यक्ष, हरियाणा गौ सेवा आयोग ने बातचीत के दौरान बताया कि देश में सभी काम-काज डिजिटल माध्यम से हो रहे हैं जो सरकार की पारदर्शिता को दशार्ते हैं इसी तर्ज पर गौशालाओं के संचालक भी स्वयं गौशाला की सभी तरह की जानकारी पोर्टल पर खुद अपडेट कर सकेंगें तथा प्रक्रिया पूरी होते ही अनुदान राशि गौशालाओं को जारी कर दी जायेगी। पोर्टल के शुभारम्भ के अवसर पर मौजूद महानिदेशक, पशुपालन विभाग के डा0 वीरेन्द्र सिंह लौरा ने बताया कि पशुपालन विभाग ने इस कामकाज को गतिपूर्ण करने के लिए पूर्ण रूप से कमर कस ली है और गौशालाओं में टैगिंग और वैक्सीनेशन का काम विभाग द्वारा पूरा किया जा चुका है। इस दौरान पशुपालन विभाग के गौशाला विकास अधिकारी, डा0 सुरेन्द्र दुहन, डा0 राजेन्द्र, डा0 धर्मबीर व हरियाणा गौ सेवा आयोग के डा0 भारत भूषण सुनेजा भी मौजूद रहे।

# अंबाला में हो रहे हैं विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**
**उपायुक्त डा.** शालीन ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा सरकार का एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम के दृष्टिगत सम्बन्धित विभागों की जो जिम्मेदारी तय की गई है, सम्बन्धित विभाग उसे बेहतर समन्वय के साथ करें ताकि जिला में इस यात्रा का सफलतापूर्वक आयोजन करवाया जा सके।

उपायुक्त आज अपने कार्यालय में विकसित भारत संकल्प यात्रा के दृष्टिगत जो गतिविधियां एवं कार्यक्रम किये जा रहे हैं, उनकी समीक्षा कर रहे थे। उपायुक्त डा0 शालीन ने कहा कि जिला में इस यात्रा का बेहतर तरीके से संचालन किया जा रहा है। सम्बन्धित विभाग भी इस कार्य में अपना योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के तहत समय-समय पर मुख्यालय द्वारा भी हिदायतें जारी की जा रही हैं, इसलिये सभी सम्बन्धित विभाग इस यात्रा के दृष्टिगत जो भी हिदायतें आ रही हैं, उनकी अनुपालना के तहत यात्रा का आयोजन करवाएं। जिला में 4 प्रचार वाहनों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों व 3 प्रचार वाहनों के माध्यम से शहरी क्षेत्रों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार द्वारा क्रियान्वित योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी उपलब्ध करवाई जा रही है।

# फरीदाबाद के गाँव पहलादपुर तथा सागरपुर पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा

**शिरकत**

8 यात्रा के जिला कोऑर्डिनेटर विजेंद्र नेहरा ने कार्यक्रम में की शिरकत, गाँव के सपंच भी रहे मौजूद




**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्ता)।**
बुधवार को फरीदाबाद के गाँव पहलादपुर तथा सागरपुर में विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद के तहत कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम में आए लोगों को केंद्र तथा प्रदेश सरकार की योजना के लाभार्थियों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई व मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा स्थापित किए गये कैम्पों के माध्यम से लोगों को अलग-अलग प्रकार की सेवाओं से लाभांवित किया गया। कार्यक्रम में आए लोगों की निशुल्क स्वास्थ्य जांच कर उन्हें उपचार उपलब्ध कराया गया। कार्यक्रम में शिरकत करते हुए यात्रा के जिला कोऑर्डिनेटर व मुख्य वक्ता विजेंद्र नेहरा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने "एक नई सोच के साथ एक नए भारत" के निर्माण का संकल्प लिया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने इस संकल्प यात्रा में जनसंवाद कार्यक्रम को जोड़कर हरियाणा में पिछले नौ साल में हुए विकास कार्यों एवं योजनाओं को भी इसमें शामिल किया है, जिस बारे आमजन को जानकारी दी जा रही है और योजनाओं का लाभ नागरिकों को सुगमता से उपलब्ध करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब योग्य व्यक्ति को कार्यालयों की चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है बल्कि उन्हें घर बैठे योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित नागरिकों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलवाई।
कार्यक्रम में जिला कोऑर्डिनेटर व मुख्य वक्ता विजेंद्र नेहरा ने सभी स्टालों का अवलोकन भी किया।

**यह है विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्यः-**
इस यात्रा के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत, चिरायु कार्ड, जन-धन खाता, हर घर नल से जल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छ भारत जैसी अनेक योजनाएं शामिल है।
जिन्हें इस यात्रा के माध्यम से जनता के समक्ष रखा जा रहा है।

# भारत निर्वाचन आयोग के आयुक्त राजीव कुमार की फरीदाबाद में मतदाता सूची की समीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्तानई दिल्ली)।**
भारत निर्वाचन आयोग के आयुक्त राजीव कुमार ने फरीदाबाद जिला की फाइनल इल्कट्रोल मतदाता सूची की समीक्षा की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए कि वह नए मतदाता बनाने, मरे हुए मतदाताओं के नाम काटने तथा मतदाता सूची में डुप्लीकेट मतदाता नहीं है। इसका सर्टिफिकेट बीएलओ से लेना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए कहा कि भारत निर्वाचन आयोग मतदाता सूचियां की गंभीरता से समीक्षा कर रहा है। भारत निर्वाचन आयोग देश के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के हरगांव और शहर के हर वार्ड की समीक्षा बारीकी से कर रहा है। इसके लिए



मतदाता सूची के कार्य में लगे जिला स्तर से लेकर के बूथ लेवल तक के अधिकारी गंभीरता से अपने कार्य का निर्वहन करना सुनिश्चित करें। डीसी विक्रम सिंह ने बैठक में भारत निर्वाचन आयोग के आयुक्त राजीव कुमार को एक-एक करके जिला फरीदाबाद के सभी विधानसभा क्षेत्र वाइज बारीकी से जानकारी दी। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि इलैक्टरोल मतदाता सूची में नए नाम को जुड़वाने वाले और पुराने नाम को कटवाने के लिए राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों का पूरा सहयोग लिया जा रहा है। डीसी विक्रम सिंह ने कहा कि मतदाता सूची की वेबसाइट पर भी निर्वाचन आयोग द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार जिला फरीदाबाद की सूचना को अपलोड किया जा रहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### टेक्नो ने 6699 रुपये में स्पार्क गो 2024 लॉन्च किया

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा**
वैश्विक स्मार्टफोन ब्रांड टेक्नो ने स्पार्क गो 2024 - 'भारत का अपना स्पार्क' लॉन्च करके 7 हजार रुपये से कम कीमत वाले स्मार्टफोन सेगमेंट में क्रांति ला दी है। इसकी कीमत आकर्षक रूप से 6,699 रुपये से शुरू है।
2020 में स्पार्क गो सीरीज के आने के बाद से, यह पूरी तरह से गेम-चेंजर और ट्रेंड सेटर रहा है। अपने इनोवेटिव फीचर्स के साथ इसने तकनीकी परिदृश्य में हलचल मचा दी है। साथ ही इसकी कीमत को अधिकांश भारतीयों की पहुंच के भीतर रखा गया है। यही नहीं स्पार्क गो 2024 चीजों को एक पायदान ऊपर ले जाने के लिए यहाँ है!
एस्पिरेशनल भारत की भावनाओं के अनुरूप डिजाइन किया गया, स्पार्क गो 2024 सिर्फ आवश्यकताओं को ही पूरा नहीं करता है; बल्कि इसमें अपूर्व अनुभव प्रदान करने वाली सेगमेंट-फर्स्ट फीचर्स का पूरा समूह है जिसमें काम से लेकर मनोरंजन तक सब कुछ शामिल है। साथ ही, यह जेब पर भारी भी नहीं पड़ेगा और, 3 जीबी रैम + 64 जीबी रोम संस्करण केवल 6699 रुपये में उपलब्ध होगा!
स्पार्क श्रृंखला के नए फोन पर टिप्पणी करते हुए, टेक्नो मोबाइल इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अरिजीत तालपात्रा ने कहा, ह्लक्रांतिकारी स्पार्क गो 2024 का लॉन्च पूरे देश में प्रौद्योगिकी को अपनाने को बढ़ावा देने के हमारे व्यापक मिशन में महत्वपूर्ण प्रगति को दशार्ता है। यह इनोवेटिव स्मार्टफोन पहुंच को फिर से परिभाषित करने में एक प्रकाशस्तंभ के रूप में खड़ा है और अधिक व्यापक जनसांख्यिकीय के लिए अभूतपूर्व सुविधाओं को पेश करता है। डिजिटल विभाजन को पाटने के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता यह सुनिश्चित करने के प्रति हमारे समर्पण को रेखांकित करती है कि उन्नत तकनीक हर किसी की पहुंच में है। स्पार्क गो 2024 प्रत्येक भारतीय को सशक्त बनाने के हमारे निरंतर प्रयास के प्रमाण के रूप में कार्य करता है, उन्हें एक ऐसा उपकरण प्रदान करता है जो प्रीमियम सुविधाओं को उनके दैनिक जीवन में सहजता से एकीकृत करता है।"
स्पार्क गो 2024, 7 दिसंबर 2023 से नजदीकी खुदरा दुकानों और अमेजॅन पर लाइव होने के लिए तैयार है।

### टाटा मोटर्स ने ऑल-न्यू इंट्रा वी70 पिकअप, इंट्रा वी20 गोल्ड पिकअप और ऐस एचटी+ लॉन्च किया

**टीम एक्शन इंडिया/गाजियाबाद**
भारत में कमर्शल वाहनों के सबसे बड़े निमार्ता टाटा मोटर्स ने ऑल-न्यू इंट्रा वी70, इंट्रा वी20 गोल्ड और ऐस एचटी+ को लॉन-?च किया है। कंपनी ने माल या सामान को प्रभावी ढंग से एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाने की प्रतिबद्धता के साथ यह गाड़ियां पेश की हैं। इन नए वाहनों को भारी सामान कम लागत में लंबी दूरी तक पहुंचाने के लिए डिजाइन किया गया है। इन वाहनों में अपनी श्रेणी के बेहतरीन फीचर्स हैं। यह शहरों और गांवों में ट्रांसपोर्टर्स को बेहतर मुनाफा और उत्पादकता मुहैया कराती है। टाटा मोटर्स ने लोकप्रिय इंट्रा वी50 और ऐस डीजल व्हीकल्स का नया वर्जन लॉन्च किया। इसे स्वामित्व की कम लागत के साथ ईंधन की कम खपत करने के लिए फिर से बनाया गया है।

### ड्यूरोप्लाई ने अपनी सफलता में अपने सहयोगियों और कर्मचारियों के योगदान और उपलब्धियों का जश्न मनाया

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
भारत की प्रमुख और सबसे अनुभवी प्लाईवुड कंपनियों में शुमार, ड्यूरोप्लाई ने दिवाली का जश्न मनाते हुए अपने मूल्यवान सहयोगियों और समर्पित कर्मचारियों के प्रति दिल से आभार जताया है और उनकी सराहना की हैं।
ड्यूरोप्लाई ने एक ऐसे ब्रांड के रूप में पहचान बनाई है, जो लगातार बेहतरीन प्रॉडक्ट्स को लॉन्च करने का प्रयास करते हैं। कंपनी अपने डिस्ट्रिब्यूशन पार्टनर के नेटवर्क को काफी अहमियत देती है। इस फेस्टिव सीजन में ड्यूरोप्लाई ने इस अवसर का इस्तेमाल टीमवर्क और मिलजुलकर साथ काम करने के महत्व को उभारने के लिए किया है।

## गोदरेज कैपिटल निर्माण ने अपनी पेशकश बढ़ाई

**टीम एक्शन इंडिया/करनाल**
गोदरेज कैपिटल अपने सहयोगी नेटवर्क का महत्वपूर्ण विस्तार कर अपने निर्माण प्लेटफॉर्म पर बड़ी पहल कर रही है। डीबीएस बैंक इंडिया, वीजा, अमेजन और अन्य उद्योग के दिग्गजों के साथ साझेदारी, एमएसएमई मालिकों को आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करने के लिए गोदरेज कैपिटल की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। ये सहयोग एमएसएमई को सशक्त बनाने के लिए डिजाइन किए गए हैं, जो उनकी व्यावसायिक यात्रा के दौरान विभिन्न किस्म की मूल्यवर्धित सेवाएं और व्यापक समर्थन प्रदान करते हैं। अपनी प्रतिबद्धता के प्रमाण के तौर पर,

# मानव रचना में दंत चिकित्सा विषय पर संगोष्ठी और कार्यशाला का आयोजन हुआ

**कार्यक्रम**

8 स्कूल ऑफ डेंटल साइंसेज की ओर से विश्व विकलांगता दिवस पर हुआ कार्यक्रम



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरि ओम गुप्तानई दिल्लीच)।**
मानव रचना डेंटल कॉलेज एंड हॉस्पिटल की ओर से विश्व विकलांगता दिवस पर सिल्वर डायमाइन फ्लोराइड (एसडीएफ) पर एक संगोष्ठी और कार्यशाला का आयोजन हुआ। फेडरेशन ऑफ स्पेशल हेल्थ केयर डेंटिस्ट्री (एफएससीडी) के सहयोग से आयोजित हुए इस कार्यक्रम का उद्देश्य विशेष स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं वाले रोगियों की मौखिक देखभाल को पूरा करना रहा। कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के तौर पर डेंटल काउंसिल ऑफ इंडिया के कार्यकारी सदस्य, झारखंड राज्य डेंटल काउंसिल के अध्यक्ष और आईडीए झारखंड शाखा के राज्य सचिव डॉ. विवेक कुमार सिंह पहुंचे थे। वहीं अन्य अतिथियों में एफएससीडी अध्यक्ष डॉ. श्रीनिवास नैमेनेनी, एफएससीडी सचिव डॉ. प्रिया वर्मा, एफएससीडी कोषाध्यक्ष डॉ. ज्ञानेंद्र कुमार, प्रिंसिपल सुधा रस्तोगी डेंटल कॉलेज डॉ. सीएम मार्या शामिल रहे। एमआरडीसी प्रिंसिपल, प्रोफेसर और प्रमुख, ऑर्थोडॉन्टिक्स और डेंटो-फेशियल ऑर्थोपेडिक्स डॉ. पुनीत बत्रा ने सभी अतिथियों के साथ मिलकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। डॉ. पुनीत बत्रा ने सभी अतिथि और वक्ताओं का स्वागत करते हुए विशेष स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं वाले रोगियों की देखभाल में दंत विशेषज्ञों के महत्व पर विचार रखे। इसके बाद मुख्य अतिथि डॉ. विवेक सिंह ने अपने संबोधन में विशेष स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं वाले रोगियों की मौखिक स्वास्थ्य देखभाल के बारे में समाज में जागरूकता लाने के लिए ऐसे आयोजनों को जरूरी बताया। साथ ही विकलांग लोगों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में चर्चा करते हुए संस्थान की इस पहल को सराहा।
संगोष्ठी में देश के 25 कॉलेजों से छात्र और फैकल्टी सदस्यों सहित दुबई, नेपाल, बांग्लादेश, कुवैत और अबु धाबी से ऑनलाइन और ऑफलाइन तकरीबन 400 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रहे डॉ. मीनाक्षी खेर और डॉ. मुकुल जैन ने अतिथि व्याख्यान में विशेष मौखिक स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं वाले रोगियों के इलाज में एसडीएफ के महत्व पर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सिल्वर डायमाइन फ्लोराइड एक ऐसी दवा है जिसका उपयोग दंत क्षय के इलाज और रोकथाम के लिए किया जाता है।

# प्रदेश के लाल डोरा प्रॉपर्टी धारकों के लिए सुनहरा अवसर

## पोर्टल पर संपत्ति का डाटा स्वयं सत्यापित करने व त्रुटि के निवारण हेतु करें आवेदन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
डीसी विक्रम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पूरे प्रदेश सहित जिला फरीदाबाद में प्रदेश के सभी लाल डोरा के अंतर्गत आने वाले प्रॉपर्टी धारकों के लिए आगामी 31 दिसंबर 2023 तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। प्रदेश में लाल डोरा प्रॉपर्टी धारकों के लिए यह एक सुनहरा अवसर है। प्रॉपर्टी धारक पोर्टल पर संपत्ति का डाटा स्वयं सत्यापित करने व त्रुटि के



निवारण हेतु पोर्टल https://property.edisha.gov.in/pgrilogin पर आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि यदि लाल डोरा स्थित किसी व्यक्ति के मकान का संपत्ति कार्ड नहीं मिला है अथवा पोर्टल पर विवरण उपलब्ध नहीं है, तो वह व्यक्ति अपने नाम, मोबाइल अथवा फोन नंबर, पूर्ण पता एवं विवरण सहित apply-for-svamitva@hry.gov.in पर ईमेल करें।

## जे. बी. पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल दिवस समारोह का भव्य आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
तिलपत स्थित जे. बी. पब्लिक स्कूल में वार्षिक खेल दिवस समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अजय कुमार जैसवाल ने किया। वार्षिक खेल दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शनिवार को आयोजित समारोह में स्कूल के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अपनी खेल प्रतिभा को उजागर किया। विद्यार्थियों ने कबड्डी, खो झ खो तथा बैडमिंटन जैसे विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया।

# देसी पिस्टल व 2 जिंदा रोंद सहित आरोपी मनोज उर्फ जीरो गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
डीसीपी क्राइम हेमेंद्र कुमार मीणा के द्वारा अपराधिक गतिविधियों में शामिल आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश पर एसीपी क्राइम अमन यादव के मार्ग दर्शन नें कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच सेन्ट्रल प्रभारी दीपक की टीम ने आरोपी को देसी पिस्टल व 2 जिंदा रोंद सहित काबू किया । पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी मनोज उर्फ जीरो गाँव मच्छगर फरीदाबाद का रहने वाला हैं। आरोपी को क्राइम ब्रांच टीम ने अपने गुप्त सूत्रों से प्राप्त सूचना से बीपीटीपी पुल से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देसी पिस्टल व



2 जिंदा रोंद बरामद हुए है। आरोपी के खिलाफ थाना बीपीटीपी में अवैध हथियार रखने की धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पर थाना छायंसा के एक मामले में वांछित है। पुलिस जांच में आरोपी मनोज उर्फ जीरो पर फरीदाबाद के सदर बल्लभगढ़ थाना में 8 मामले, थाना शहर बल्लबगढ़ में 4 थाना सेक्टर-58 में 2 तथा थाना बीपीटीपी, छायंसा, एनआईटी,ओल्ड फरीदाबाद, सारन, आदर्श नगर और एसजीएम नगर में 1-1 मामला दर्ज है। आरोपी देसी पिस्तौल को अलीगढ़ में किसी व्यक्ति से 15 हजार रुपए में वारदात में प्रयोग करने के लिए खरीद कर लाया था। आरोपी पहले भी जेल जा चुका है। आरोपी को पूछताछ के बाद अदालत में पेश कर जेल भेजा गया।

# लोगों के द्वार पर केंद्र और राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं से रूबरू हो रही है विकसित भारत संकल्प यात्रा: नीरा तोमर



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
बीजेपी लीडर नीरा तोमर ने पर्वतीय कालोनी में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा जनसंवाद कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। जहां विकसित भारत संकल्प यात्रा का गांव में पहुंचने पर लोगों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। नीरा तोमर ने बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम में भागीदारी करते हुए लोगों से सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया,साथ ही उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनते हुए अविलंब समाधान करवाने का आश्वासन दिया। बुधवार को पर्वतीय कालोनी के जल घर और स्कूल के पास चौंक पर आयोजित कार्यक्रमों में बतौर मुख्य अतिथि नीरा तोमर ने कहा कि सरकार की योजनाओं पर पहला हक गरीब व्यक्ति का है,प्रत्येक जरूरतमंद की मदद करते हुए सरकार की अंत्योदय की भावना से कार्य कर रही है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के जरिये लोगों के द्वार पर केन्द्र और प्रदेश सरकारो की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और परियोजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। देश में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में और प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल द्वारा अंत्योदय परिवार उत्थान योजना के माध्यम से हर परिवार की आय कम से कम 1 लाख 80 हजार रुपये करने के लिए अंत्योदय मेले आयोजित करके स्वरोजगार के लिए प्रदेश में 50 हजार लोगों को ऋण उपलब्ध करवाए जा चुके हैं। वहीं कौशल रोजगार निगम के माध्यम से नौकरियों में 1 लाख 80 हजार रुपये से कम वार्षिक आय वाले बी.पी.एल. परिवारों के उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी गई है। वहीं अंत्योदय परिवार के उम्मीदवार को सरकारी नौकरियों की भर्ती में पांच अतिरिक्त अंक दिए जाते हैं, जिसका कोई भी सदस्य सरकारी नौकरी में नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य हर एक व्यक्ति को केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से आम जनता को जोडना है।

# ग्रेटर जोन के ट्रैफिक इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने 250 छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद (हरपाल सिंह यादव )।**
डीसीपी ट्रैफिक अमित यशवर्धन के द्वारा दिए गए दिशा निर्देश के तहत ट्रैफिक टीआई ग्रेटर सतीश कुमार ने ग्रेटर फरीदाबाद में स्थित में जे एन इन्टरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल धीरज नगर में छात्र-छात्राओं को यातायात नियमों, साइबर क्राइम व डायल 112 ऐप के साथ- साथ महिला विरुद्ध अपराध के संबंध में जागरुक किया है। जागरुक्ता प्रोग्राम में स्कूल संचालक अनील नम्बरदार, प्रधानाचार्य राज रितेश राय, पुनम, मोहनी, बसी अचसी,कासीम व समस्त स्टाफ वा छात्र व छात्राए ने भाग लिया है।



यातायात-
इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने सड़क सुरक्षा यातायात नियमों के बारे में जागरूक करते हुए यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि रोड़ पर हमें सावधानी से चलना चाहिए। रोड़ को पार करते समय पहले अपने राइट देखना व फिर लेफ्ट देखने के बाद सावधानी से रोड़ पार करनी चाहिए। उन्होने बताया कि रोड़ पर सावधानी हटी दुर्घटना घटी। अपने बचाव में ही सबका बचाव है। रेड लाइट को कभी भी रेड सिग्नल पर पार नही करना चाहिए, ग्रीन होने पर ही रेड लाइट को पार करना चाहिए। इन सब सावधानी से सड़क दुर्घटना से बचने के लिए कई उपाय बताएं। अपने वाहन को हमेशा गति सीमा में ही ड्राइव करना चाहिए। अपनी लेन मे चलाएं तथा वाहन चलाते समय फोन का इस्तेमाल ना करे साथ ही वाहन में ऊंची आवाज में संगीत न बजाएं। गाड़ी चलाते समय स्वयं यातायात नियमों का पालन करे सावधानी बरतें और दूसरों का बचाव करें। गाडी के इंडिकेटर और रिफ्लेक्टर टेप का प्रयोग करे। दुपहिया वाहन चालक हेलमेट का अवश्य प्रयोग करे। गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट का इस्तेमाल अवश्य करें। अगर आपके सामने कोई दुर्घटना होती है तो डायल 112 पर तुरन्त सूचना दे।
महिला विरुद्ध अपराध-
इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने स्कूल के स्टाफ के साथ छात्र-छात्राओं को महिला विरुद्ध अपराध के बारे में जागरूक करते हुए बताया कि भारतीय समाज के पुरुष प्रधान होने की वजह से महिलाओं को बहुत अत्याचारों का सामना करना पड़ता है। आमतौर पर महिलाओं को जिन समस्याओं का सामना करना पड़ता है उनमें दहेज हत्या, यौन उत्पीड़न महिलाओं से लूटपाट, लड़कियों से राह चलते छेड़छाड़ इत्यादि शामिल है। बलात्कार, अथवा बहला-फुसलाकर भगा ले , शारीरिक व मानसिक शोषण दहेज के लिए मार , पत्नी से , यौन उत्पीड़न आदि को गंभीर अपराध की श्रेणी में आते है।

# विश्व एड्स दिवस 2023 पर ड्यूरेक्स टीबीबीटी, एएफसीएसआर और पीवीआर नेस्ट की शानदार पहल

**टीम एक्शन इंडिया/नोएडा**
उपभोक्ता स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण के मामले में विश?व के अगुआ रेकिट के ड्यूरेक्स द बर्ड्स एंड बीज टॉक प्रोग्राम ने आज दिल्ली में एचआईवी पीड़ित बच्चों के लिए एक विशेष मनोरंजन से भरपूर दिवस का आयोजन करके विश्व एड्स दिवस मनाया। एसोचैम फाउंडेशन फॉर कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (एएफसीएसआर) और पीवीआर नेस्ट के साथ मिलकर तैयार किए गए दिन की शुरूआत एक विशेष फिल्म स्क्रीनिंग के साथ हुई, जिसके बाद बच्चों के लिए कई मजेदार कार्यक्रम आयोजित किए गए। एक ऐसा समुदाय, जहां हर बच्चा महत?वपूर्ण और सपोर्टेड महसूस करता है, बनाने के मकसद से, ड्यूरेक्स टीबीबीटी ने अनाथ और कमजोर बच्चों (ओवीसी) की देखभाल और सहायता के लिए एक अनूठी हेल्पलाइन भी शुरू की, जो उन्हें स्वच्छता संबंधी सुविधाएं प्रदान करती है।
**रेकिट** - साउथ एशिया के एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेजीडेंट, गौरव जैन ने कहा, ह्लएचआईवी से पीड़ित बच्चे न केवल एक विकट रोग से पीड़ित होते हैं, बल्कि उन्हें हमारे समाज के भीतर कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। द बर्ड्स एंड बीज टॉक प्रोग्राम ऐसे बच?चों के विकास के लिए एक दयालु समुदाय का निर्माण करने और उन्हें शैक्षिक एवं भावनात्मक समर्थन प्रदान करने पर केंद्रित है। इस विश्व एड्स दिवस के अवसर पर हमने एचआईवी के साथ जीवन बिता रहे छोटे बच्चों से बेहतर संबंध बनाने और अच?छा व्यक्ति बनने में उनकी मदद करने का प्रयास किया है।
विश्व एड्स दिवस 2023 की थीम - 'समुदायों को लीड करने दें' के अनुरूप, ड्यूरेक्स टीबीबीटी का फोकस इस विशेष पहल के साथ कठपुतली शो, फिल्म स्क्रीनिंग, संगीत कार्यक्रम और दिल्ली में पीवीआर प्लाजा में एक शानदार अनुभव जोन सहित इंटरैक्टिव सत्रों की एक सीरीज के माध्यम से एचआईवी से पीड़ित बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने और सामुदायिक समर्थन को बढ़ावा देने पर केंद्रित है।

# धूमधाम से आयोजित किया गया खाटू श्याम जागरण महोत्सव














**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
श्री बालाजी तीन बान धारी सेवा मंडल की ओर से त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र स्थित शकूरपुर के जी ब्लॉक में खाटू श्याम जागरण महोत्सव का आयोजन बड़ी ही धूमधाम से किया गया। जिसमें दूर-दूर से आए गायकों ने एक से बढ़कर एक भजन सुनाकर समां बांधा दिया।

**विशेष अतिथियों ने बाबा के चरणों में भरी हाजिरी:** इस अवसर पर श्री खाटू श्याम बाबा का आर्शीवाद लेने के लिए विशेष अतिथियों के रूप में आदर्श नगर विधानसभा के विधायक पवन शर्मा, एक्शन इंडिया समूह के संपादक रवि भारद्वाज, आदर्श रसोई के चेयरमैन मोहन गर्ग, पूर्व मंत्री दिल्ली सरकार जितेंद्र तोमर, दिल्ली पैरामेडिकल बोर्ड के चेयरमैन डॉ. प्रदीप अग्रवाल, वार्ड-62 के निगम पार्षद किशन बेमाड, धनंजय सिंह, डीएसजीएमसी के सदस्य सुखबीर सिंह कालरा, एमएनआई के सेक्रेटरी निलेश निशिकांत गौरव, इनके साथ ही डीएएमबी के सदस्य महेंद्र सनपाल (पप्पा), एपीएमसी के सदस्य देवेंद्र कुमार, एपीएमसी सदस्य प्रवीण कोहली (राजू कोहली), एपीएमसी सदस्य अशोक कौशिक सहित पूर्व जिला अध्यक्ष राजकुमार भाटिया ने बाबा का आर्शीवाद लिया। मंडल के प्रधान संजीव खत्री ने कहा कि श्याम बाबा सच में ही हारे का सहारा है, जो सच्चे मन से बाबा को याद करता है बाबा उसकी अवश्य ही सुनते है।

**बैलट पेपर से चुनाव हो, महिला आरक्षण में पिछड़े और मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण दिया जाये: यादव**

# रामलीला मैदान में न्याय अधिकार महाकुंभ का आयोजन




**तीरथ राज/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के रामलीला मैदान में बाबा साहब के महापरिनिर्वाण दिवस पर न्याय अधिकार महाकुंभ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संयुक्त बहुसंख्यक समाज मंच और अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा की ओर से किया गया। इस मौके पर अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव व अनिल पटेल ने कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का स्वागत किया। इस मौके पर राज्यसभा सांसद राजमणि पटेल, पूर्व सांसद विश्म्भर दास निषाद, पूर्व मंत्री दिल्ली सरकार राजेन्द्र प्रसाद गौतम, यदुवंशी महासभा के अध्यक्ष विजेन्द्र यादव, राजबाला सैनी, ज्योति माला, नरेश सैनी, मनीष यादव, तरूण चौधरी, भगत सिंह, महेश मानव, अनिल पटेल, एडवोकेट महमूद पारचा मौजूद रहे। इस अवसर अखिल भारतीय यदुवंशी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजेन्द्र यादव ने कहा कि आज दिल्ली के रामलीला मैदान में न्याय अधिकार महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। मैं देश के कोने-कोने से आये हुए लोगों का धन्यवाद करता हूं। उन्होंने आगे बताया कि हमारी मुख्य मांग है कि जाति जनगणना हो, बैलट पेपर से चुनाव हो, महिला आरक्षण में पिछड़े और मुस्लिम महिलाओं को आरक्षण दिया जाये, निजी कम्पनियों में आरक्षण हो, सरकारी ठेके में बहुसंख्यको को हिस्सेदारी मिले, उच्च न्यायपालिका में बहुसंख्यको को हिस्सेदारी मिले सहित कई मांगे है, जिसको लेकर आज न्याय अधिकार महाकुंभ का आयोजन किया गया है। इस मौके पर कई गणमान्य लोगों ने भी विचार रखे। इस दौरान कार्यक्रम में आये हुए सभी गणमान्य लोगों का अनिल पटेल ने धन्यवाद किया।

# पार्षद अजीत यादव ने क्षेत्र का दौरा कर करवाई साफ-सफाई




**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बादली विधानसभा** क्षेत्र के अंतगर्त आने वाले भलस्वा वार्ड नबंर-17 में स्थानीय निगम पार्षद अजीत यादव ने सफाई अभियान चलाया। जिसके तहत वार्ड स्थित मेट्रो अपार्टमेंट के पास झुग्गी स्थित नालों की साफ-सफाई अपनी मौजूदगी में करवाई। इसके अतिरिक्त क्षेत्र के कई ब्लॉक की अन्य नालियों की साफ-सफाई छोटी मशीन द्वारा करवाई गई। मौके पर मौजूद पार्षद अजीत यादव ने बताया कि समय-समय पर अपने क्षेत्र का दौरा करता रहता हूं और क्षेत्र के लोगों की जो भी समस्या हो उसका तुरंत समाधान करने का भरसक प्रयास करता हूं। उन्होंने कहा कि लोगों की जरूरतों व सहुलियतों का ध्यान रखना मेरा सर्वप्रथम कर्तव्य है।
इस मौके पर पार्षद अजीत यादव के साथ कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# श्रीराम मंदिर लोकार्पण के मौके पर सनातन धर्म सभा राम कथा का करेगी आयोजन



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अयोध्या में श्रीराम** मंदिर के लोकार्पण के मौके पर मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित मॉडल टाउन पार्ट दो की श्री सनातन धर्म सभा द्वारा भव्य श्रीराम कथा का आयोजन बड़ी ही धूमधाम से आयोजित होने वाला है। सभा के प्रधान निर्भय नरूला ने बताया कि श्री राम कथा का आयोजन बहुत ही भव्य और विशाल होने जा रहा है, जो कि 14 जनवरी से 21 जनवरी तक चलेगा। इसी बीच 14 जनवरी को कलश यात्रा निकाली जाएगी, व 22 जनवरी को भजन संध्या का आयोजन किया गया है। जिसमें की भजन का गुणगान भजन सम्राट कुमार विशु द्वारा किया जाएगा। इसके साथ स्वामी आशुतोष गिरी जी महाराज के श्रीमुख से कथा सुनाई जाएगी। आपको बतादें कि श्रीराम कथा का आयोजन बड़ा ही भव्य होने जा रहा है, इसमें आप सभी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लें व यजमान भी बन सकते है।

# परिनिर्वाण दिवस पर बाबा साहेब को श्रद्धा सुमन किये अर्पित

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली।** **दिल्ली आदर्श** मूल ग्रामीण पंचायत महासंघ के अध्यक्ष शिक्षाविद् दयानंद वत्स भारतीय ने आज महासंघ के मुख्यालय बरवाला में स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर के 67वें परिनिर्वाण के अवसर पर उन्हें उनके करोड़ों अनुयायियों की और से अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में दयानंद वत्स भारतीय ने कहा कि डॉ. अम्बेडकर दूरदर्शी राजनीतिज्ञ, शिक्षाविद्, पत्रकार एवं विद्वान व्यक्ति थे।

# जीबी पंत हॉस्पिटल कर्मचारी यूनियन ने मनाया परिनिर्वाण दिवस



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाबा साहब भीमराव** अंबेडकर जी के 67वें महा परिनिर्वाण दिवस पर जी .बी. पंत हॉस्पिटल कर्मचारी यूनियन के कार्यालय में राजेंद्र पाल गौतम पूर्व मंत्री और विधायक दिल्ली सरकार, किरण बाला पार्षद ,राकेश कुमार पूर्व पार्षद की उपस्थिति में स्वास्थ्य कर्मचारियों ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को श्रद्धा के फूल अर्पण करते हुए नारो से जयघोष किया।

बाबा भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर अमर रहे के नारे लगाए। इस प्रोग्राम में अस्पताल के सी. टी. वी.एस.सीनियर सर्जन डॉ विठ्ठल, नर्सिंग सुपरिटेंडेंट सुलोचना चौहान यूनियन अध्यक्ष/महासचिव विकास कुमार, रविंद्र कुमार और पवन कुमार वर्मा, किशोर राणा, कार्यकारणी सदस्य महेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, रविंद्र कुमार, धर्मजीत, विजय कुमार एनपीएचए दिल्ली अध्यक्ष, देवेंदर कुमार, हरनारायण, भगत सिंह, विरेंद्र सिंह, आशीष डोगरा, दिनेश कुमार, राकेश कुमार शामिल हुए सभी ने बाबा साहब को फूल श्रद्धा सुमन अर्पण करते हुए बाबा साहब द्वारा किए कार्य पर प्रकाश डाला।
इस अवसर पर जी बी पंत पैरामेडिकल टेक्निकल एम्पलाइज यूनियन के चेयरमैन भारतवीर ने अपने विचार रखे।

**भाजपा व आप पार्टी ने किया जनता को गुमराह: अब्दुल सत्तार**

# देश की जनता कांग्रेस के शासन को कर रही है याद : सत्तार



**कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष अब्दुल सत्तार ने कहा**

= कांग्रेस जो कहती है, वह करके दिखाती है, यही कारण है कि देश के कोने कोने में कांग्रेस का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है।
= दिल्ली की कई कॉलोनियों में गंदा पानी आने की वजह से लोगों को बाजार से पीना खरीद कर पीना पड़ रहा है: अब्दुल सत्तार



**मंजिलें उन्हीं को मिलती है,**
**जिनके सपनों में जान होती है,**
**पंख से कुछ नहीं होता दोस्तों,**
**हौसलों से उड़ान होती है।**

**जी** हां आज हम आपकी मुलाकात ऐसे व्यक्ति से करवाने जा रहे है, जो आज अपने कार्यों की बदौलत वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र में किसी भी परिचय के मोहताज नहीं है। जी हां हम बात कर रहे है। निमड़ी ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के ब्लॉक अध्यक्ष अब्दुल सत्तार की।
आपको बतादें कि अब्दुल सत्तार दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र की कई धार्मिक व सामाजिक संस्थाओं से भी जुड़े हुए है।

**कांग्रेस के कार्यों से खुश है देश के लोग:** कांग्रेस की नीतियां जनहितैषी नीतियां है, कांग्रेस पार्टी जो कहती है, वह करके दिखाती है, यहीं कारण है कि आज देश के कोने-कोने में कांग्रेस का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की निःस्वार्थ भाव से सेवा कर रहा है।

**हमें बूथ को मजबूत करना होगा:** ब्लॉक अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से कहा कि हम सभी को संगठित होकर कार्य करते हुए बूथ को मजबूत करने की आवश्कता है और कांग्रेस की नीतियां व कार्य को जन-जन तक पहुंचने की बेहद जरूरत है।

**कांग्रेस की कथनी और करनी में नहीं है फर्क:** ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की कथनी और करनी में तनिक भी फर्क नहीं है, कांग्रेस ने जो कहा, वह कर-के दिखाया है।

**दिल्ली में विकास कांग्रेस पार्टी की देन:** उन्होंने कहा कि दिल्ली में आज जो आप विकास देख रहे है, इसका श्रेय केवल कांग्रेस पार्टी को ही जाता है। क्योंकि कांग्रेस पार्टी कहने में नहीं करने में विश्वास रखती है।

**हरिशंकर गुप्ता जी ने किया क्षेत्र में विकास:** ब्लॉक अध्यक्ष ने यह भी बताया कि जब हरिशंकर गुप्ता जी वजीरपुर क्षेत्र के विधायक थे, तो उन्होंने क्षेत्र में कई विकास कार्य करवाये थे, यही कारण है कि आज भी वजीरपुर क्षेत्र की जनता को कांग्रेस के कार्यों को याद कर रही है क्योंकि जनता भाजपा और आम आदमी पार्टी की दमनकारी नीतियों से काफी ज्यादा परेशान है।



**जनता से किये वादे पूरे करें आप:** दिल्ली में शासित आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। जो वादे आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता से किये थे। वह एक भी पूरे नहीं हुए है।

**दिल्ली की कई कॉलोनियों में आ रहा है गंदा पानी:** दिल्ली की कई कॉलोनियों में गंदा पानी आ रहा है। जिस कारण से कॉलोनी में रहने वाले लोगों को मजबूर होकर बाजार से जार का पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है और आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता को मुफ्त में पानी दे रहे है।



**महंगाई से परेशान है देश के लोग:** ब्लॉक अध्यक्ष अब्दुल सत्तार ने बताया कि रोजमर्रा के प्रयोग में आने वाली वस्तुओं के दाम आसमान को छू रहे है, जिसकी वजह से गरीब की रसोई का बजट बिगड़ रहा है और वह परेशान हो रहा है। सरकार को महंगाई कम करने की ओर ध्यान देना चाहिए।

**- प्रस्तुति: एक्शन इंडिया**